राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 295
लखनऊ, शनिवार 27 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मक्का की फसल में अज्ञात व्यक्ति ने लगायी आग 10
2.80 लाख से अधिक व्यवसायिक वाहनों का फिटनेस प्रमाणन जारी : दयाशंकर 03

# आस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : योगी

- सीएम ने 106 विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण



**देवरिया, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को देवरिया के बराव में अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में हुई गिरफ्तारियों पर पहली बार खुलकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई शुरू कर दी गई है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूध का दूध और पानी का पानी करके रहेंगे। जनआस्था के साथ खिलवाड़ स्वीकार्य नहीं है और किसी को भी छूट नहीं दी जाएगी।

देवरिया में 456.38 करोड़ रुपये की 106 विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अयोध्या और भगवान राम को लेकर राजनीति करने वालों को पहले अपने अतीत को याद करना चाहिए।

उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि जिन लोगों ने वर्षों तक भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए और राम मंदिर आंदोलन का विरोध किया, वही आज आस्था की बात कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि याद कीजिए, कांग्रेस ने देश को केवल लूटा ही नहीं बल्कि नोंचा भी था। भगवान राम का नाम लेने वालों पर गोलियां चलवाने वाले आज हमें आस्था का पाठ पढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि दिल्ली से आए एक नेता को अयोध्या का विकास देखकर आत्ममंथन करना चाहिए। यदि उन्होंने अपने कार्यकाल में दिल्ली के लिए भी इसी तरह काम किया होता तो राजधानी की तस्वीर अलग होती। उन्होंने कहा कि अयोध्या के विकास मॉडल से सीख लेने की जरूरत है।

### सबूत हैं तो एसआईटी को दें

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या को बदनाम करने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। यदि किसी के पास कोई प्रमाण है तो उसे एसआईटी को सौंपना चाहिए, लेकिन बिना तथ्यों के आरोप लगाने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामभक्तों की आस्था की बार-बार परीक्षा लेना उचित नहीं है और सरकार धार्मिक भावनाओं के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी।

### पूरे प्रदेश के युवाओं को बिना भेदभाव के सरकारी नौकरियां मिल रही

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों में नौकरियों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होता था और पूरा परिवार भर्ती प्रक्रिया में हस्तक्षेप करता था। उन्होंने कहा कि आज पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के कारण देवरिया सहित पूरे प्रदेश के युवाओं को बिना भेदभाव के सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। अगर डबल इंजन की सरकार नहीं होती तो कई योग्य युवाओं को नौकरी नहीं मिल पाती। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार ने हजारों करोड़ रुपये की संभावित वित्तीय अनियमितता को रोका। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में समाजवादी पार्टी सरकार ने 15,800 करोड़ रुपये की लागत से एक्सप्रेसवे का टेंडर जारी किया था, जबकि जमीन का अधिग्रहण भी पूरा नहीं हुआ था। सत्ता में आने के बाद उनकी सरकार ने पहले अधिग्रहण कराया, फिर दोबारा निविदा प्रक्रिया शुरू की। तीसरी बार प्रक्रिया को सरल बनाकर परियोजना लगभग 11,200 करोड़ रुपये में स्वीकृत कराई गई। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि इससे करीब तीन हजार करोड़ रुपये की बचत हुई और संभावित गड़बड़ी रोकी गई।

### प्रदेश में शांति व सौहार्द का माहौल

कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश माफियाओं और अपराधियों के कब्जे में था, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। मोहर्रम का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में शांति और सौहार्द का माहौल है तथा कोई भी उपद्रव करने की हिम्मत नहीं कर सकता। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई कानून हाथ में लेने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले जानबूझकर बिजली कटौती की जाती थी ताकि अंधेरे में अपराध और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिले। अब प्रदेश में बिजली व्यवस्था बेहतर हुई है और गांवों तक नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

## उपराष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने मुहर्रम पर हजरत इमाम हुसैन को अर्पित की श्रद्धांजली

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



मुहर्रम पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हजरत इमाम हुसैन (एएस) के कालजयी बलिदान तथा सत्य और न्याय के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को याद करते हुए आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर मुहर्रम के मौके पर हजरत इमाम हुसैन (एएस) की कुर्बानी को याद करते हुए कहा कि मुहर्रम हमें हिम्मत, कुर्बानी, दया और सच्चाई व न्याय के प्रति अटूट निष्ठा जैसे मूल्यों की याद दिलाता है। यह पवित्र अवसर समाज में भाईचारे, शांति और आपसी सम्मान के बंधन को मजबूत करने के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने हजरत इमाम हुसैन (एएस) को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सत्य और न्याय के प्रति उनके शाश्वत बलिदान और अटूट प्रतिबद्धता को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इमाम हुसैन का जीवन और शहादत साहस और दृढ़ विश्वास की शक्ति का एक शाश्वत उदाहरण है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन (एएस) का बलिदान आज भी अनेक लोगों को सत्य और न्याय की राह पर अडिग रहने के लिए प्रेरित करता है। यह साहस और दृढ़ विश्वास की अटूट शक्ति का भी स्मरण कराता है। उल्लेखनीय है कि मुहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना होता है और इसके दसवें दिन को 'आशूरा' कहा जाता है। यह दिन 61 हिजरी (680 ईस्वी) में इराक के कर्बला में इमाम हुसैन इब्न अली और उनके साथियों की शहादत की याद दिलाता है।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,42,950/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,31,050/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 10,7260/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,40,000/किग्रा |



# श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से महासचिव चंपत राय व सदस्य अनिल मिश्रा का इस्तीफा

- श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने की दोनों के इस्तीफे की पुष्टि
- एसआईटी कर रही पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

रामनगरी अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दान में कथित चोरी के मामले की जांच के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने शुक्रवार को अपने-अपने पद से इस्तीफा दे दिया। श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दोनों के इस्तीफे की पुष्टि की है। जांच की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, चंपत राय और अनिल मिश्रा ने अपने त्यागपत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को सौंप दिए हैं। दोनों ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है, जब दान में कथित अनियमितताओं की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) की कार्रवाई तेज हो गई है। एसआईटी की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर गुरुवार को इस मामले में आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई थी। इसके बाद सभी आरोपितों को हिरासत में ले लिया गया। जांच में तेजी आने के साथ ही ट्रस्ट के दोनों पदाधिकारियों के इस्तीफे को महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे से संबंधित कथित अनियमितताओं और चोरी की शिकायतें मिलने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने उच्चस्तरीय जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था।

एसआईटी अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट शासन को सौंप चुकी है, जिसके आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई शुरू की गई है। फिलहाल एसआईटी पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कर रही है। जांच एजेंसी से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं की गहन पड़ताल की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नशे से मुक्ती के लिए 'रूथलेस अप्रोच' के साथ आगे बढ़ना पड़ेगा : अमित शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई में अगले तीन साल बेहद महत्वपूर्ण है। सरकार ने नशा मुक्त भारत के लिए रोडमैप तैयार कर लिया है। अगले तीन सालों के लिए हमें नशे से मुक्ती के लिए 'रूथलेस अप्रोच' के साथ आगे बढ़ना होगा। शाह ने राज्यों के पुलिस प्रमुखों और सचिवों के साथ बैठक में सामूहिक और संगठित प्रतिक्रिया तथा आधुनिक खुफिया सूचना आधारित कार्रवाई, प्रौद्योगिकी आधारित रणनीति तथा पूरे नेटवर्क को लक्ष्य बनाकर अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में नार्को-कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की 10वीं शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में हाइब्रिड मोड में 44 केन्द्रीय मंत्रालयों और विभागों के प्रमुख हितधारकों के साथ-साथ राज्य सरकारों और ड्रग कानून प्रवर्तन एजेंसियों के 108 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान गृह मंत्री ने 'मादक पदार्थ नियंत्रण पर विज़न डॉक्यूमेंट (2026-2029)' जारी किया। साथ ही शाह ने एनसीबी वार्षिक रिपोर्ट -2025 जारी की और जम्मू एवं गुवाहाटी में नवनिर्मित एनसीबी आंचलिक कार्यालयों का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में शाह ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा, अर्थतंत्र सुरक्षा और युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए नशे के कारोबार पर संपूर्ण विजय जरुरी है। भारत नशे के कारोबार से जुड़े डेथ ट्रायंगल (म्यांमार, थाईलैंड और लाओस) और डेथ क्रिसन (अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान) के बीच स्थित है। इसके अलावा ड्रोन आधारित ड्रॉप्स, समुद्री मार्गों से कंटेनराइज कारगो, डार्क नेट, क्रिप्टो पेमेंट और ऑर्डर टू डिलीवरी मॉडल पार्सलों का उपयोग जैसे तरीकों से ड्रग के कारोबारियों के खिलाफ हमारी लड़ाई कठिन हो गई है। गृह मंत्री ने कहा कि नशे के कारोबार के खिलाफ हमारी लड़ाई समान्य नहीं होनी चाहिए। नार्को अपराधी आज टेक्नोलॉजी से सक्षम हैं।

वह नेटवर्क आधारित बन चुके हैं और मल्टी डोमेन अपराध के रूप में भी आज हमारे सामने खड़े हैं। ये सभी चीजें ये लड़ाई को और कठिन बनाती है। इसी संदर्भ में उन्होंने 'रूथलेस अप्रोच' की बात कही।

## संक्षिप्त समाचार

### देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन जींद से दिल्ली रवाना



**जींद।** हरियाणा के जींद रेलवे जंक्शन से हाइड्रोजन ट्रेन को शुक्रवार को हाई-स्पीड ट्रायल के लिए दो डीजल इंजनों के साथ दिल्ली रवाना किया गया। जींद से दिल्ली तक ट्रेन की गति 75 किलोमीटर प्रति घंटा रही। इसके बाद दिल्ली-सोनीपत रेलखंड पर विभिन्न चरणों में ट्रेन का परीक्षण किया गया। ट्रायल के दौरान ट्रेन की तकनीकी क्षमता और सुरक्षा मानकों की जांच होगी। हाई स्पीड परीक्षण के लिए बाहर से हाइड्रोजन गैस का एक विशेष टैंकर मंगवाया गया था ताकि ट्रेन को पर्याप्त ईंधन मिल सके। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह परीक्षण हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। इसके सफल रहने पर देश में स्वच्छ ऊर्जा आधारित रेल संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे पहले हाइड्रोजन ट्रेन का 75 से 85 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से सफल स्पीड ट्रायल किया जा चुका है। अब अंतिम चरण में 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पर ट्रेन के प्रदर्शन का परीक्षण किया जा रहा है।

### ताजिया जुलूस के दौरान बड़ा हादसा, करंट से तीन की मौत, 12 से ज्यादा लोग झुलसे



**रतलाम।** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के पिपलौदा क्षेत्र के ग्राम हतनारा में मोहर्रम जुलूस के दौरान गुरुवार रात बड़ा हादसा हो गया। ताजिया 11 केवी हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से उसमें करंट फैल गया, जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 से अधिक लोग झुलस गए। हादसे के बाद जुलूस में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। ग्रामीणों और निजी वाहनों की मदद से घायलों को तत्काल रतलाम मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार घटना रात करीब 11:15 बजे की है। पंचमुखी महादेव मंदिर और मस्जिद के बीच मुख्य मार्ग से ताजिया निकाला जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ताजिया करीब 10 से 12 फीट ऊंचा था, लेकिन लोगों द्वारा उठाने के बाद इसकी ऊंचाई करीब 16 से 17 फीट तक पहुंच गई। इसी दौरान ताजिया ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया और जोरदार आवाज के साथ करंट फैल गया।

## दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति ने हरिद्वार के दक्षिण काली मंदिर में की पूजा-अर्चना

**हरिद्वार, समृद्धि न्यूज।**



दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जूमा ने शुक्रवार को धर्मपत्नी एवं परिजनों के साथ तीर्थनगरी हरिद्वार में श्री दक्षिण काली मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने मंदिर के परमाध्यक्ष एवं निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज से आशीर्वाद लिया।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जूमा के मंदिर पहुंचने पर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने उन्हें मां की चुनरी ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। महाराज ने जैकब को वर्ष 2029 में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले चुनाव में विजयी होने का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने कहा कि धर्म सत्ता के मार्गदर्शन से ही राजसत्ता को मानव कल्याण और विकास की प्रेरणा मिलती है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जूमा सनातन संस्कृति और संतों का सम्मान करने वाले व्यक्ति हैं। दक्षिण अफ्रीका के विकास और जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में उनका योगदान रहा है।

### वेनेजुएला भूकंप : भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** वेनेजुएला की राजधानी काराकास में हाल ही में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने संकट की इस घड़ी में मानवीय सहायता के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। भारतीय वायुसेना के दो विमान ऑपरेशन अमिस्ताद के तहत शुक्रवार को आवश्यक राहत सामग्री और चिकित्सा उपकरण लेकर वेनेजुएला के लिए रवाना हो गए। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इस मानवीय सहायता अभियान के तहत भारत की ओर से बड़े पैमाने पर चिकित्सा एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित उपकरण भेजे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राहत सामग्री में एक फील्ड हॉस्पिटल यूनिट, 35 टन से अधिक राहत सामग्री तथा दो भीष्म क्यूब्स शामिल हैं, जिनका उपयोग आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल चिकित्सा सहायता और राहत कार्यों के लिए किया जाएगा।

## ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाने के आदेश पर रोक

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**



इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को बड़ा झटका देते हुए कार्यकाल समाप्त होने के बाद ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त किए जाने के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने प्रथम दृष्टया इस व्यवस्था को असंवैधानिक माना है और सरकार के निर्णय पर सवाल उठाए हैं। यह आदेश न्यायालय ने अरविंद राठौर द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया।

याचिका में सरकार के उस निर्णय को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी ग्राम प्रधानों को पंचायतों का प्रशासक बनाए जाने का प्रावधान किया गया था। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद प्रदेशभर में ग्राम पंचायतों के प्रशासनिक संचालन को लेकर नई स्थिति पैदा हो गई है। अदालत के फैसले से पंचायतों के संचालन और आगे की प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

मामले की अगली सुनवाई 13 जुलाई को निर्धारित की गई है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सरकार इस फैसले के खिलाफक्या रुख अपनाती है और अदालत में अपना पक्ष किस तरह रखती है। गौरतलब है कि हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंचायतीराज विभाग के उस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसके तहत वर्तमान ग्राम प्रधानों को ही पंचायत चुनाव तक प्रशासक बनाया जाएगा।

इस निर्णय को पंचायत व्यवस्था और ग्रामीण राजनीति के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना गया था। उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायतों के प्रधानों का कार्यकाल 25 मई को समाप्त हो गया था। इसके बाद राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर संबंधित ग्राम प्रधानों को ही उनकी पंचायतों का प्रशासक नियुक्त कर दिया। सरकार के इस फैसले के बाद पंचायतों के प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी फिलहाल उन्हीं प्रधानों के पास बनी हुई थी।

### केतन हत्याकांड : परिवार ने की फास्ट-ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की मांग

**एजेंसी, मुंबई।** पुणे के चर्चित केतन अग्रवाल हत्याकांड ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। रियल एस्टेट कारोबारी केतन विशाल अग्रवाल की कथित हत्या के मामले में उनके परिजनों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिवार चाहता है कि मामले की सुनवाई फास्ट-ट्रैक कोर्ट में हो ताकि जल्द न्याय मिल सके और दोषियों को ऐसी सजा दी जाए जो भविष्य में इस तरह के अपराधों पर रोक लगाने का संदेश दे। परिजनों का कहना है कि उन्होंने जिस पीड़ा का सामना किया है, वैसी त्रासदी किसी अन्य परिवार को न झेलनी पड़े। पुलिस के अनुसार, केतन अग्रवाल की मंगेतर सिया गोयल और उसके कथित प्रेमी चेतन चौधरी पर लोहागढ़ किले से धक्का देकर उनकी हत्या करने का आरोप है।

## एफएसएसएआई के नियमों में बड़ा बदलाव

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

**छोटे खाद्य कारोबारियों को राहत**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के लाइसेंसिंग और रजिस्ट्रेशन नियमों में संशोधन अधिसूचित किया है, जिससे देश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा।

नए बदलाव के तहत अब फर्स्ट इन फर्स्ट आउट (एफआईएफओ - जो पहले आए, वो पहले इस्तेमाल हो) या फर्स्ट एक्सपायरी फर्स्ट आउट(एफईएफओ - जिसकी एक्सपायरी पहले हो, वो पहले इस्तेमाल हो) जैसे स्टॉक रोटेशन और रिकॉर्ड रखने के नियम केवल खाद्य निर्माण इकाइयों पर लागू होंगे। पहले यह सभी खाद्य व्यवसायों के लिए अनिवार्य था।

रिटेल दुकानदारों और अन्य गैर-निर्माण खाद्य व्यवसायों को इन नियमों से छूट दे दी गई है। इससे विशेषकर छोटे और मध्यम खाद्य कारोबारियों पर अनुपालन का बोझ कम होने की उम्मीद है।

हालांकि सरकार ने साफ किया है कि जहां जरूरी होगा, वहां खाद्य सुरक्षा और ट्रेसबिलिटी के मानक पहले की तरह लागू रहेंगे, ताकि उपभोक्ता सुरक्षा से कोई समझौता न हो।

शुक्रवार को मंत्रालय ने बताया कि कदम जोखिम-आधारित और परिणाम-आधारित नियमन की दिशा में उठाया गया है। इससे पहले भी सरकार ने लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल बनाने, स्थायी लाइसेंस की सुविधा देने और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए नियमों में ढील जैसे कई सुधार किए हैं।

यह संशोधन राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और संबंधित हितधारकों से चर्चा के बाद लागू किया गया है और इसे नीति आयोग की सिफारिशों के अनुरूप बताया गया है। नियमों में यह बदलाव खाद्य क्षेत्र में कारोबार को आसान बनाएगा, जबकि आवश्यक जगहों पर खाद्य सुरक्षा मानकों को मजबूत बनाए रखेगा।

**सतर्कता** | तीन जुलाई से पहले सुरक्षा का सख्त पहरा

# अमरनाथ यात्रा के लिए हर मोर्चे पर तैयारी

**एजेंसी, जम्मू।**



वार्षिक अमरनाथ यात्रा से पहले सुरक्षा व्यवस्था के तहत सुरक्षा एजेंसियों ने शुक्रवार को व्यापक गश्त की, क्षेत्र प्रभुत्व अभ्यास किया तथा घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने बताया कि इन अभियानों का उद्देश्य सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करना, शांति एवं सतर्कता बनाए रखना तथा तीन जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और संरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। अ धिकारियों ने बताया कि इस अभियान के तहत पुलिस ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ समन्वय कर अरनिया सीमा क्षेत्र में रठाना से सालेहार, चक जग्तू और आसपास के इलाकों तक संयुक्त लंबी दूरी का गश्ती अभियान चलाया।

उन्होंने बताया कि इस गश्त का उद्देश्य सीमा क्षेत्र में कड़ी निगरानी बनाए रखना, असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाना और सुरक्षा बलों की प्रभावी मौजूदगी सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान सुरक्षा कर्मियों ने स्थानीय लोगों से भी बातचीत की।

अधिकारियों के अनुसार, पुलिस, सीआईएसएफ और बीएसएफ के जवानों की मौजूदगी से स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई। एक अन्य अभियान के तहत पुलिस ने आर. एस. पुरा, बिश्नाह, अरनिया और मीरां साहिब क्षेत्रों में व्यापक क्षेत्र प्रभुत्व अभ्यास चलाया, ताकि अमरनाथ यात्रा से पहले शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित किया जा सके। इन अभ्यासों के दौरान संवेदनशील स्थानों, सीमा से सटे गांवों, भीड़भाड़ वाले बाजारों, बस अड्डों और अन्य रणनीतिक स्थलों को शामिल किया गया। सुरक्षा बलों ने गहन गश्त, वाहनों की तलाशी, संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन तथा संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने जैसी गतिविधियां संचालित कीं। अधिकारियों ने बताया कि इन अभियानों का उद्देश्य संचालन संबंधी तैयारियों को मजबूत करना, जमीनी स्तर पर खुफिया जानकारी जुटाना, संभावित सुरक्षा खतरों की पहचान करना तथा क्षेत्र में तैनात विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करना है।

# कर्नलगंज में मकान गणना में बड़ा खेल

**कादीपुर के 60 मकान पालिका में जोड़े, पालिका के 20 मकान गांव में दर्ज**

- सीमांकन न होने का उठाया फायदा, संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम से जांच की मांग
- जय प्रकाश सिंह ने लगाए गंभीर आरोप- 'जानबूझकर की गई हेराफेरी, दोषियों पर हो कार्रवाई'





**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद कर्नलगंज के सीमा विस्तार में बड़े पैमाने पर धांधली व फर्जीवाड़ा के बाद अब मकान गणना में बड़ी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। ग्राम कादीपुर निवासी जय प्रकाश सिंह पुत्र चंद्रकेश सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र देकर आरोप लगाया है कि सीमांकन न होने का फायदा उठाकर पालिका और ग्राम पंचायत के कर्मचारियों ने मकान गणना में जमकर हेराफेरी की है।

जय प्रकाश सिंह के अनुसार, सन् 2022 में जारी शासनादेश के अनुसार नगर पालिका परिषद कर्नलगंज का सीमा विस्तार किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत कादीपुर की कुल 208 गाटा संख्याऐं नगर पालिका परिषद कर्नलगंज में शामिल की गई। परन्तु आज तक सीमांकन कर विस्तार के उपरान्त नगर पालिका परिषद कर्नलगंज व ग्राम कादीपुर की सीमा को जरिये सीमांकन कर अलग नहीं किया गया है। इसी का बेजा लाभ उठाकर नगर पालिका परिषद कर्नलगंज- गोंडा के मकान गणना करने वाले कर्मचारियों द्वारा ग्राम कादीपुर के लगभग 60 मकान नगर पालिका परिषद कर्नलगंज में गिनती कर लिये गये, तथा ग्राम कादीपुर की मकान गणना करने वाले कर्मचारियों द्वारा सीमांकन ना होने के कारण नगर पालिका परिषद कर्नलगंज में आने वाले लगभग 20 मकान ग्राम पंचायत कर्नलगंज ग्रामीण में गिनती कर लिया गया है। ऐसी स्थिति में मकान गणना के दौरान की गई अनियमितता/हेराफेरी की जांच करवाते हुए दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करवाकर मकान गणना को दुरुस्त किया जाना अत्यंत आवश्यक है। डीएम से जांच और कार्रवाई की मांगजय प्रकाश सिंह ने तहसील कर्नलगंज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी के समक्ष प्रार्थनापत्र देकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मकान गणना में हुई अनियमितता को दुरुस्त कराया जाए और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाए।

**नगर पालिका व गांव के सीमांकन न होने से बढ़ा विवाद**

स्थानीय लोगों का कहना है कि 2022 में सीमा विस्तार के बाद भी जमीन पर सीमांकन न होने से आए दिन विवाद हो रहे हैं। न तो पालिका को पता है कि कौन सा मकान उसके क्षेत्र में है और न ही ग्राम पंचायत को। इसी का फायदा उठाकर कर्मचारियों ने मनमानी गणना कर दी। इससे भविष्य में टैक्स, योजनाओं और विकास कार्यों में दिक्कत आएगी। सीमा विस्तार कागजों पर हो गया, लेकिन जमीन पर सीमांकन नहीं हुआ। नतीजा— मकान गणना में 'खेल' हो गया। अब सवाल ये है कि 2022 से लटके सीमांकन के लिए जिम्मेदार कौन है और मकान गणना की गड़बड़ी कब सुधरेगी? डीएम की जांच से ही सब सामने आएगा।

# 20 हजार के चालान पर भड़के ई-रिक्शा चालक ने दी जान से मारने की धमकी, गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



गोंडा जिले में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) आर.सी. भारतीय को व्हाट्सएप ग्रुप पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। आरोपी शाहनवाज खान ने 20,000 रुपये का ई-रिक्शा चालान होने से नाराज होकर यह धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्रवाई की है।

पुलिस जांच में सामने आया कि शाहनवाज खान का ई-रिक्शा नियमों के उल्लंघन पर 20,000 रुपये का चालान किया गया था। आरोपी का आरोप है कि चालान को लेकर उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही थी और कोई अधिकारी-कर्मचारी उसकी बात सुनने को तैयार नहीं था।

हताश होकर शाहनवाज ने एआरटीओ आर.सी. भारतीय सहित कई अधिकारियों के सरकारी मोबाइल नंबर अपने फोन में सेव किए। उसने पाया कि ये सभी नंबर सुधेश तिवारी मित्र मंडली नामक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े थे।

इसी ग्रुप में 24 जून की रात 8:49 बजे शाहनवाज ने मैसेज लिखा - एआरटीओ गोंडा को इस ग्रुप के माध्यम से सूचित कर रहा हूं कि मेरे हाथों तुम्हारी मौत सुनिश्चित है। मैं आत्महत्या करने जा रहा था, लेकिन इस एआरटीओ भारतीय ने मुझे अपनी मौत का टारगेट दे दिया।

धमकी भरा मैसेज मिलने के बाद एआरटीओ आर.सी. भारतीय ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर शाहनवाज खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। गुरुवार देर शाम पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

एआरटीओ आर.सी. भारतीय ने बताया, नियमों का उल्लंघन करने पर नियमानुसार चालान किया गया था। इस तरह धमकी देना गलत है। अपनी बात शिकायती पत्र के माध्यम से कहनी चाहिए थी, जिस पर जांच करवाकर उचित कार्रवाई की जाती। मैं लगातार इस तरह की कार्रवाई करता रहता हूं, कोई भी हमारे साथ घटना कर सकता है। इसलिए नगर कोतवाली पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अब चालान की बात सामने आने के बाद आरोपी से और गंभीरता से पूछताछ की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### 28 जून को लखनऊ में सम्मानित होंगे सुधांशु मिश्र

*निफा के साथ इंग्लैंड की संस्था करेगी सम्मानित*

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** रक्तदान को जनआंदोलन का स्वरूप देने वाले जिले में रक्तदान सेवा के लिए मशहूर समाजसेवी , फार्मासिस्ट के मंडल उपाध्यक्ष (यूथ ब्रिगेड) के सुधांशु मिश्र के लिए 28 जून का दिन ऐतिहासिक बनने जा रहा है। मानवता की सेवा और रक्तदान जागरूकता, स्वस्थ के क्षेत्र में एक दशक से किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए एक ही दिन प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जाएगा। रक्तवीरों को निफा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप कुमार दूबे एवं सचिव इंजी0 राजीव गोयल द्वारा आमंत्रित किया गया है, प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बाबा भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी में निफा उ0प्र0 समिति द्वारा आयोजित संवेदना 2 सम्मान समारोह में प्रदेश भर से जुटे रक्तदानियों के बीच जिले के विकास खंड कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम सभा पूरे बदल (मिश्रनपुरवा)निवासी रक्तवीर को पिछले तीन वर्षों से रक्तदान शिविरों के आयोजन, जागरूकता अभियान और अन्य सामाजिक कार्यों सहित विशेषकर विगत वर्ष 23 मार्च को शहीद दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित रक्तदान शिविर में 22 यूनिट रक्तदान कराने के लिए नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ एक्टिविस्ट्स की ओर से नेशनल इंम्पेक्ट सोशल अवॉर्ड और इंग्लैंड की संस्था द्वारा वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### ब्लैक मेल की धमकी से परेशान हो कर महिला ने लगाई फांसी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बसंत पुर तिवारी मौजा विशुन पुर बैरिया में ब्लैक मेल से तंग एक महिला ने फांसी लगा कर आत्म हत्या कर लिया। पति की तहरीर पर युवक के खिलाफ में कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कराया गया है। कोतवाली देहात के बसंत पुर तिवारी मौजा विशुन पुर बैरिया गांव के निवासी कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया कि उस की 28 वर्षीय पत्नी सरोज देवी को बगल के गांव मुड़ा डीहा निवासी रमेश कुमार पिछले कई दिनों से फोन कर संबंध बनाने के लिए दबाओ बना रहा था। संबंध न बनाने पर अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी दे कर ब्लैक मेल करने लगा। इसी से परेशान हो कर बीते बृहस्पतिवार की रात्रि में महिला ने घर में पंखे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। सुबह जब महिला अपने कमरे से नहीं निकली तब उस की मरने की जानकारी हुई। मृतका महिला के पति कृष्ण कुमार ने बताया कि उस के दो बच्चे एक नंदिनी नंदेश वर्मा है। उस का आरोप है कि युवक रमेश वर्मा दूर का रिश्तेदार है । अक्सर घर आना जाना रहता था। इसी दौरान उस ने महिला का अश्लील वीडियो बना लिया था।जिस को लेकर वह काफी दिनों से परेशान करता था। उस ने बताया कि मरने से पहले उस की पत्नी सरोज ने बताया था कि युवक रमेश कुमार उस को धमकी देकर वीडियो वायरल करने की बात कह रहा है।कृष्ण कुमार ने जब उस युवक को फोन किया तो उस ने उस को भी धमकी दिया था। पुलिस ने तहरीर पर युवक के खिलाफ में मुकदमा दर्ज किया गया है।कोतवाल देहात शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी की कारवाही की जाएगी।

### गांव में घुसा तेंदुआ, सात लोगों पर किया हमला



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बहराइच वन प्रभाग के रामगांव थाना क्षेत्र स्थित हमीदपुर खैरटिया गांव में शुक्रवार को तेंदुए के हमले में सात लोग घायल हो गए। यह घटना तब हुई जब ग्रामीण एक खेत में देखे गए तेंदुए को भगाने का प्रयास कर रहे थे। शुक्रवार सुबह करीब दस बजे खैरटिया गांव की आबादी के बीच तेंदुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर रेंजर शाकिब हसन और रामगांव थाना प्रभारी गुरुसेन सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इसी दौरान तेंदुए ने अचानक भीड़ पर हमला कर दिया, जिससे कसूरुदीन (17 वर्ष), सलामुन (40 वर्ष), जावेद (13 वर्ष), अब्दुल (15 वर्ष), सय्याद (25 वर्ष) और अफसर (60 वर्ष) घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। हमले के बाद जंगली जानवर खेतों की ओर भाग निकला। प्रभागीय वनाधिकारी सुन्दरेसा ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

### लापता युवक का मिला शव, शरीर पर मिलें चोट के निशान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के बौंडी थाना क्षेत्र में एक 28 वर्षीय युवक का शव अर्धनग्न अवस्था में मिला है। युवक गुरुवार शाम से लापता था। उसके शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिसके बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना राजा रेहुआ ग्राम के मजरे झुड़िया में शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे सामने आई। मृतक की पहचान राजा रेहुआ निवासी नंद कुमार उर्फ सोनू (28) पुत्र प्रमोद कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, नंद कुमार गुरुवार शाम लगभग छह बजे किसी का फोन आने के बाद घर से निकला था। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों और अन्य लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। मृतक के पिता प्रमोद कुमार ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे की हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि शव पर कई स्थानों पर चोट के निशान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। सूचना मिलने पर बौंडी पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी बौंडी ने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

# युवक का संदिग्ध अवस्था में मिला शव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के रिसिया थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। युवक गुरुवार रात घर से बाहर गया था और वापस नहीं लौटा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान रिसिया निवासी 35 वर्षीय शकील के रूप में हुई है। शकील मुंबई में इडली-डोसा बेचने का काम करता था और मोहर्रम के अवसर पर तीन दिन पहले ही अपने घर आया था। गुरुवार रात करीब दस बजे वह घर से निकला था, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे गोकुलपुर पंच पुरवा गांव के पास ग्रामीणों ने शकील का शव देखा, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही परिजन और थाना प्रभारी करुणाशंकर फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

# रेलवे ने अधोमानक पानी की जब्ती कर अनधिकृत विक्रेता पर की सख्त कार्रवाई

**लखनऊ/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के मंडल रेल प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अरिजीत सिंह के निर्देशन में, सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री ओंकार नाथ वर्मा द्वारा आज ट्रेन संख्या 20103 के रसोई यान (पैंट्री कार) के निरीक्षण के दौरान 680 बोतल अधोमानक पानी जब्त किया गया। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 13020 के निरीक्षण में 250 बोतल अधोमानक पानी जब्त किया गया। दोनों ट्रेनों से जब्त की गई कुल 930 बोतल अधोमानक पानी को एलपीओ गोंडा में जमा करवा दिया गया है।

ट्रेन संख्या 20103 में जाँच के दौरान एक अनधिकृत वेंडर को पकड़ा गया, जिसे ऑन-बोर्ड आरपीएफ स्टाफ को आगे की कानूनी कार्रवाई हेतु सुपुर्द कर दिया गया है।

रेलवे प्रशासन ने यात्री स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऐसे अनैतिक तत्वों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का संकल्प लिया है। यात्रीगण भी निम्न गुणवत्ता वाले पानी या अनधिकृत विक्रेताओं से सावधान रहें। रेलवे का यह अभियान यात्री सेवा को और अधिक विश्वसनीय एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बसवरिया की सार्वजनिक चकरोड पर अतिक्रमण से बढ़ी परेशानी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



- सैकड़ों ग्रामीण प्रभावित
- मायावती शासन में बनाई गई थी डामर की सड़क, अब केवल पत्थर ही बचा अवशेष

जिले के ग्राम गोसेनदरपुर मजरा बसवरिया ब्लाक इटियाथोक में सार्वजनिक चकरोट पर कथित अवैध कब्जे के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव को बिसुनपुर संगम मार्ग से जोड़ने वाली करीब एक किलोमीटर लंबी कच्ची सड़क कई स्थानों पर अतिक्रमण की चपेट में आकर बेहद संकरी हो गई है, जिससे आवागमन बाधित हो गया है। इस गांव में लगभग 200 की जनसंख्या मौजूद है

ग्रामीणों के अनुसार, इसी गांव में मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी के साढ़ू का भी घर है लगभग 12 फीट चौड़ी चकरोड के दोनों किनारों पर पेड़ लगाकर और कब्जा कर रास्ते को कई जगह करीब 3 फीट तक सीमित कर दिया गया है। हालत यह है कि दोपहिया वाहन निकालना भी मुश्किल हो गया है, जबकि चारपहिया वाहनों का आवागमन लगभग असंभव हो गया है।

बरसात के मौसम में सड़क पर जलभराव और कीचड़ की समस्या स्थिति को और गंभीर बना देती है। स्कूली बच्चों, किसानों, मजदूरों तथा अन्य ग्रामीणों सहित सैकड़ो लोगों को प्रतिदिन आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी आकस्मिक स्थिति में एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड या अन्य आपातकालीन वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते, जिससे लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है।

राम यज्ञ, कर्ता राम, राम अवध, त्रिपुरारी, राजेंद्र, लल्लन वर्मा, अखिलेश शुक्ला एवं राम तीरथ वर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से चकरोड को अतिक्रमण मुक्त तथा सड़क को फिर से बनवाने

की मांग की है। प्रशासन से सार्वजनिक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराकर मूल चौड़ाई बहाल करने तथा आवागमन की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बरसात के दौरान हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

### बास्केटबॉल लीग का समापन, ट्रिपल थ्रेट्स ने जीता जिला लीग का रोमांचक फाइनल मुकाबला



लीग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने अश्विन आलोक पांडेय व आयुष वर्मा को मिला सर्वश्रेष्ठ शूटर का खिताब

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन (ध्द्र) के तत्वावधान में स्थानीय इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित 3×3 बास्केटबॉल लीग के पहले संस्करण का आज भव्य समापन हुआ। फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास मिश्रा मौजूद रहे। उन्होंने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। लीग का पहला सेमीफाइनल मैच हूपर्स व चुकंदर टीमों के बीच खेला गया, जिसमें करीबी मुकाबले में हूपर्स ने 9-8 के अंतर से मैच जीत लिया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला ट्रिपल थ्रेट्स व जोकर्स टीम के बीच खेला गया। जिसमें ट्रिपल थ्रेट्स ने जोकर्स टीम को 5-2 के अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई।खिताबी मुकाबला ट्रिपल थ्रेट्स व हूपर्स टीम के बीच खेला गया, जिसमें ट्रिपल थ्रेट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हूपर्स टीम को करीबी मुकाबले में 6-4 के अंतर से हराकर लीग का खिताब अपने नाम किया। लीग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार अश्विन आलोक पांडे को मिला, वहीं सर्वश्रेष्ठ शूटर का खिताब आयुष वर्मा को दिया गया।मैच में रेफरी की भूमिका में प्रखर मिश्रा, स्कोरर गुरुकरण सिंह व टाइमर अमित वर्मा मौजूद रहे। मैच का आंखों देखा हाल प्रणव ने सुनाया। इस दौरान वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष रजवंत सिंह, राजा श्रीवास्तव, एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मोहित शुक्ला, संयुक्त सचिव सिद्धार्थ सिंह, कोषाध्यक्ष गौरव मिश्रा, गोविंद सिंह चौहान, शादाब खान टीटी, प्रखर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और दर्शक मौजूद रहे।

# सेवारत शिक्षकों को टीईटी से मुक्त करने के लिए शैक्षिक महासंघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

- सांसद ने दिया आश्वासन, प्रधानमंत्री व केंद्रीय शिक्षा मंत्री के समक्ष रखकर समस्या का करवाया जायेगा समाधान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर सांसद बहराइच डा.आनन्द कुमार गोंड से राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जनपदीय के पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने महासंघ के जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में भेंट कर वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता एवं उत्तर प्रदेश में 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों से टीईटी अनिवार्यता समाप्त कर उपरोक्त समस्या से मुक्ति दिलाने को प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री को समर्थन पत्र लिखने तथा टीईटी अनिवार्यता समाप्त हेतु इस अति महत्वपूर्ण विषय को संसद के मानसून सत्र में उठाकर विधायी संशोधन करवाने का अनुरोध किया।जिला महामंत्री उमेश चंद्र त्रिपाठी ने सांसद बहराइच के समक्ष वर्षो से कार्यरत शिक्षक समाज की चिंताओं, विधिक तथ्यों, प्राकृतिक न्याय एवं मानवीय पक्ष को उनके समक्ष रखा। वार्ता के दौरान महासंघ के पदाधिकारियों की ओर से सांसद से आग्रह किया गया कि, इस विषय पर शिक्षक हितों की रक्षा करते हुए न्यायसंगत एवं संवेदनशील निर्णय लिया जाए। सांसद बहराइच श्री गोंड द्वारा आश्वासन दिया गया कि, महासंघ की मांग को प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री के समक्ष रखकर समस्या का समाधान करवाया जायेगा। इस अवसर पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सैयद सुरूर अख्तर, जिला मंत्री धनंजय पाण्डेय, समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# वर्तमान ग्राम प्रधान का वोटर लिस्ट से नाम गायब, डीएम के आदेश पर जांच शुरू

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- रिसिया के विशुनापुर गांव की प्रधान रीता देवी ने लगाया साजिशन नाम काटने का आरोप



जिले के रिसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत विशुनापुर गांव की ग्राम प्रधान का नाम वोटर लिस्ट से गायब होने का मामला सामने आया है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्राम प्रधान रीता देवी ने इस मामले को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की है।

बताया जा रहा है कि वर्ष 2021 में विशुनापुर गांव की ग्राम प्रधान बनीं रीता देवी का नाम मतदाता सूची में क्रम संख्या 1801 और मकान संख्या 226 पर दर्ज था, लेकिन अब उनका नाम सूची से गायब हो गया है। इस संबंध में उन्होंने तहसील प्रशासन को अवगत कराया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। आरोप है कि बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) और अन्य जिम्मेदारों द्वारा साजिशन उनका नाम वोटर लिस्ट से हटाया गया है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने जांच के आदेश देते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी (सीआरओ), बहराइच को जांच सौंपी है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और प्रशासन पूरे प्रकरण की गहनता से पड़ताल कर रहा है।

### नशे के विरूद्ध कार्यक्रम आयोजित कर दिलायी गयी शपथ



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों के क्रम में आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश एवं संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन लखनऊ तथा उप आबकारी आयुक्त देवीपाटन प्रभार, गोण्डा के पर्यवेक्षण में तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बहराइच में नशा के विरूद्ध जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नशे से दूर रहने की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु कुमार, आबकारी निरीक्षक आदित्य शुक्ला, डॉ समता सरोज, सुरजीत सरोज, कनिष्ठ सहायक राज बहादुर सिंह, वशिष्ठ चौधरी एवं प्रधान आबकारी सिपाही जागेश सिंह, आबकारी सिपाही शिवांगी पाण्डेय, पवन कुमार एवं राम पुजारी गुप्ता, बृजेश कुमार मिश्रा तथा आबकारी सिपाही सहित भारी संख्या अनुज्ञापीगण भी मौजूद रहे।

# एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी, 108 टीम की तत्परता से सुरक्षित प्रसव

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



ग्राम बोटनिहा निवासी अंजलि, पत्नी सोमनाथ, को प्रसव पीड़ा होने पर तत्काल 108 एम्बुलेंस सेवा की सहायता ली गई। मरीज को लेकर अस्पताल जाते समय प्रसव पीड़ा तेज हो गई।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एम्बुलेंस में मौजूद ईएमटी विशाल मिश्रा ने सूझबूझ, तत्परता और प्रशिक्षित चिकित्सकीय कौशल का परिचय देते हुए एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसव के बाद जच्चा एवं नवजात दोनों स्वस्थ पाए गए। इसके उपरांत 108 एम्बुलेंस के पायलट यज्ञपाल ने सावधानीपूर्वक वाहन चलाते हुए जच्चा और नवजात को सीएचसी मोतीपुर पहुंचाया, जहां दोनों को चिकित्सकीय देखरेख में भर्ती कराया गया। परिजनों ने 108 एम्बुलेंस सेवा की त्वरित प्रतिक्रिया, ईएमटी विशाल मिश्रा एवं पायलट यज्ञपाल के सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। समय पर मिली इस आपातकालीन सेवा से जच्चा और नवजात दोनों सुरक्षित रहे, जिससे एक बार फिर 108 एम्बुलेंस सेवा की उपयोगिता और कर्मियों की समर्पित कार्यशैली साबित हुई।

# पुरैना मोहर्रम मेले में दर्दनाक हादसा : नहर में डूबा युवक

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



- गोताखोर चला रहे हैं सर्च आपरेशन

पुरैना में लगे मोहर्रम मेले की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब मेला देखने आया एक 20 वर्षीय युवक नहर में डूब गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया, जो देर रात तक जारी रहा, लेकिन समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई सुराग नहीं लग सका । जानकारी के अनुसार, विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चन्द्रावा निवासी सत्यम (20) पुत्र राजेश कुमार अपने छोटे भाई शिवम के साथ पुरैना मोहर्रम मेले में शामिल होने आया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शाम करीब छह बजे दोनों भाई पास स्थित पुरैना नहर में नहाने उतर गए। इसी दौरान सत्यम गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूब गया। भाई के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

घटना की सूचना डायल-112 पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों व ग्रामीणों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई। देर रात तक खोजबीन जारी रही, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल सका। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गायत्री बालसंस्कार शाला में परिचर्चा आयोजित



- अंतराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन एवं तस्करी निरोधी दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम
- युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही अवैध नशा क्रय विक्रय उपभोग व उत्पादन पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है : श्रद्धा पांडेय

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** अंतराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन एवं तस्करी निरोधी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गायत्री बालसंस्कार शाला सुफीपुरा (सिविल लाइंस) मे परिचर्चा का आयोजन कर अवैध नशा क्रय विक्रय उपभोग व उत्पादन पर प्रभावी नियंत्रण का सामूहिक संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर जल एवं पर्यावरण संरक्षण जन जागरण अभियान को सफल बनाने के लिए गायत्री परिवार द्वारा यज्ञ एवं हवन का भी आयोजन किया गया तथा जिला उद्यान व कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में उपस्थित लोगों को पंचवटी प्रजाति के वृक्षों के रोपण का संकल्प दिलाया गया और लोगो को वृक्ष वितरण किया गया।

अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ सेवन एवं तस्करी निरोधी दिवस के अवसर पर आज आयोजित परिचर्चा को संबोधित करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पांडेय ने कहा कि मादक पदार्थों का दुरूपयोग केवल किसी व्यक्ति विशेष की समस्या नही है बल्कि परिवार,समाज और राष्ट्र के विकास के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। नशा व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक क्षमता को कमजोर कर देता है तथा उसकी ऊर्जा और प्रतिभा को नकारात्मक दिशा की ओर मोड़ देता है।श्रद्धा पांडेय ने कहा कि समाज, परिवार, शिक्षण संस्थाओं, स्वास्थ्य सेवाओं में युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही अवैध नशा क्रय विक्रय उपभोग व उत्पादन पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है ।

उप निदेशक कृषि (डी0डी0ए0जी0) विनय वर्मा ने कहा कि आधुनिक तकनीको, बेहतर समन्वय, जन जागरूकता अभियानों तथा समुदायिक सहभागिता के माध्यम से नशीले पदार्थो की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकता है।उन्होंने कहा कि पर्यावरण एवं जल संरक्षण के लिए आवश्यक है कि अधिकाधिक संख्या में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण कर उनका संरक्षण करे।उपनिदेशक कृषि ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है कि रासायनिक उर्वरक व कीटनाशक दवाओं से दूर रहकर प्राकृतिक रूप से खेती किसानी ,फल उत्पादन व दूध उत्पादन करे तभी हम नीरोगी व स्वस्थ रह सकते हैं।

आयोजक अध्यक्ष महामना मालविय मिशन(अवध)संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि पर्यावरण व जल संरक्षण तथा अवैध नशा क्रय विक्रय उपभोग व उत्पादन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जगह जगह जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है तथा अवैध नशा से होने वाले दुष्प्रभाव से लोगो को सचेत किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए लोगो को पंचवटी व हरिशंकरी प्रजाति के वृक्षों का रोपण व स्थानीय जन सहयोग से उनके संरक्षण का प्रभावी प्रयास भी किया जा रहा है।आयोजित परिचर्चा का संचालन करते हुए पर्यावरणविद राकेश चंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट ने लोगो से अवैध नशा उपभोग व उत्पादन से दूर रहने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन गायत्री चेतना केंद्र प्रबंधक-प्राचार्य आर0पी0एन0श्रीवास्तव ने किया।संस्कारशाला संचालिका रेखा श्रीवास्तव, गायत्री परिजन विष्णु पाठक व कांति मिश्रा ने गायत्री विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ व हवन कार्यक्रम सम्पन करवाया तथा नशा उन्मूलन विषयक आधारित जन जागरण कार्यक्रम चलाए जाने हेतु कार्यक्रम तय किया।महामना मालवीय मिशन व जिला उद्यान अधिकारी के संयुक्त तत्वावधान में लोगो को पंचवटी पप्रजाति के वृक्षों का वितरण किया गया।

समापन अवसर पर नशा उन्मूलन व पर्यावरण जल संरक्षण हेतु जन जागरण अभियान चलाए जाने का समुहिक संकल्प भी लिया।आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संघ विचारक अर्जुन कुमार दिलीप ,ओमप्रकाश सक्सेना, राजेंद्र अवस्थी एडवोकेट, योगाचार्य सुशील बाजपेई, शिखर श्रीवास्तव एडवोकेट, अनुज पटेल,प्रशासनिक अधिकारी समाज कल्याण किशन लाल, गायत्री परिजन पंडित जगदीश मिश्र सहित समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, शनिवार, 27 जून, 2026



# जनता को मिले निर्बाध बिजली : ए.के. शर्मा

- जनहित से जुड़े सभी कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के दिए निर्देश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शुक्रवार को प्रयागराज भ्रमण के दौरान सर्किट हाउस सभागार में ऊर्जा विभाग, नगर विकास विभाग एवं विकास प्राधिकरण के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनहित से जुड़े सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

ऊर्जा विभाग की समीक्षा के दौरान श्री शर्मा ने प्रदेशवासियों को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि बिजली से संबंधित किसी भी समस्या अथवा शिकायत का तत्काल निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। जनप्रतिनिधियों की मांग पर स्वीकृत अथवा निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं को युद्धस्तर पर पूरा किया जाए। उन्होंने कार्यों में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

बैठक में मंत्री एके. शर्मा ने दोहराया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनसुविधाओं और विकास कार्यों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक परियोजना गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरी की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

### माघ मेले से पहले सभी प्रमुख परियोजनाएं हों पूर्ण

नगर विकास एवं विकास प्राधिकरण की समीक्षा में मंत्री श्री शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं में तेजी लाकर उन्हें आगामी माघ मेले से पूर्व हर हाल में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के कार्यों में भी गति लाने के निर्देश दिए।श्री शर्मा ने कहा कि महाकुंभ के पूर्व शहर के जिन प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण किया गया है, उनका पुनः निरीक्षण कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जाएं। वर्षाकाल को देखते हुए सभी नालों की समयबद्ध सफाई कर जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाई जाए। उन्होंने हनुमान मंदिर कॉरिडोर के शेष कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही मेला क्षेत्र के किनारे स्थापित स्ट्रीट लाइटों के संबंध में निर्देशित किया कि जहां उनकी आवश्यकता अभी भी बनी हुई है, वहां उन्हें हटाया न जाए, ताकि क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बनी रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय व छत्रपति शाहू महाराज के स्मृति-चित्रों पर की पुष्पांजलि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**





उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित सरकारी आवास, सात कालिदास मार्ग पर राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के अमर रचयिता बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय एवं सामाजिक न्याय के अग्रदूत राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज की जयंती के अवसर पर उनके स्मृति-चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

उप मुख्यमंत्री अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने अपने साहित्य और राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के माध्यम से देशभक्ति की चेतना को नई ऊर्जा प्रदान की, वहीं राजर्षि छत्रपति शाहू जी महाराज ने शिक्षा, सामाजिक समानता और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया।

शाहू जी महाराज ने शिक्षा, सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान देते हुए समाज में समानता और सम्मान की नई चेतना का संचार किया। उनके प्रगतिशील विचार और लोकहितकारी नीतियां आज भी एक समतामूलक एवं सशक्त समाज के निर्माण की प्रेरणा देती हैं। इन दोनों महापुरुषों का प्रेरणादायी जीवन और राष्ट्रहित के प्रति उनका अमूल्य योगदान सदैव हमें राष्ट्रसेवा, सामाजिक समरसता और जनकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।

## खबरें एक नजर में

### इमाम हुसैन की शहादत में निकला मोहर्रम का जुलूस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहर्रम के 10वें दिन हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की कर्बला में शहादत की याद में जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में ताजिए, अलम और शामिल है अकीदतमंद काले कपड़े पहनकर मातम मनाते हुए नौहे (शोक गीत) पढ़ते हैं। जुलूस के अंत में ताजियों को कर्बला में सुपुर्द–ए–खक किया जाता है। पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे, हजरत इमाम हुसैन ने यजीद की सेना के खिलाफइंसानियत और धर्म की रक्षा के लिए अपने 72 साथियों के साथ कर्बला के मैदान में शहादत दी थी। मड़ियांव इलाके के मोहिबुल्लापुर में यह जुलूस जुम्मे की नमाज के बाद दोपहर 2 बजे शुरू हुआ। लगभग 10 हजार अकीदतमंद अपनी ताजिया लेकर कर्बला की ओर निकले। यह जुलूस मोहिबुल्लापुर, नौबस्ता और गौस नगर से होते हुए मड़ियांव गांव स्थित कर्बला पहुंचा। जुलूस सीतापुर रोड से भिटौली क्रॉसिंग मुड़कर मड़ियांव गांव की ओर बढ़ा और शाम 7 बजे तक अपने गंतव्य पर पहुंचा। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अलीगंज एसीपी शशि प्रकाश और मड़ियांव थाना प्रभारी शिवानंद मिश्रा स्वयं जुलूस की निगरानी कर रहे थे। जुलूस के साथ भारी संख्या में पुलिस बल लगातार मौजूद रहा।

### जमीन विवाद में फायरिंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दुबग्गा थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के पास से एक अवैध 32 बोर की पिस्टल भी बरामद हुई है। पुलिस ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और अन्य नामजद व अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक, छंदोइया निवासी सैफखान ने तहरीर दी थी। इसमें उन्होंने आरोप लगाया कि जमीनी विवाद के चलते छह नामजद और 20–25 अज्ञात लोगों ने मिलकर उन्हें और उनके मित्र अकरम को घेर लिया। आरोप है कि आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। गोली लगने से दोनों सुरक्षित बच गए। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और सैफखान की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, दीवार तथा गेट को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। सैफखान की तहरीर के आधार पर दुबग्गा थाने में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार सुबह करीब 7रू11 बजे पावर हाउस के पीछे सेक्टर–आई रोड किनारे से मयंक यादव (22) और नवील (18) को गिरफ्तार किया। अवैध पिस्टल की बरामदगी के बाद मुकदमे में 3/25 आर्म्स एक्ट की धारा भी जोड़ी गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी मयंक यादव का पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफवर्ष 2025 में ठाकुरगंज थाने में एक मुकदमा दर्ज है। दुबग्गा पुलिस ने बताया कि इस मामले में छह नामजद और 20 से अधिक अज्ञात लोगों की संलिप्तता सामने आई है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस का दावा है कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की विवेचना अभी जारी है। इस गिरफ्तारी अभियान में उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह, उपनिरीक्षक रामभवन सोनकर, कांस्टेबल सतीश चौहान और कांस्टेबल महेंद्र यादव की पुलिस टीम शामिल थी।

### पेट्रोल पंप पर विवाद के बाद मारपीट हमले में महिला समेत कई घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर क्षेत्र स्थित हुसड़िया चौराहे के पास एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल कम डालने के आरोप को लेकर विवाद हिंसक हो गया। आरोप है कि शिकायत करने पर पेट्रोल पंप के मैनेजर ने महिला ग्राहक से अभद्रता और गाली–गलौज की। विरोध बढ़ने पर कर्मचारियों ने बीच–बचाव कर रहे लोगों पर हमला बोल दिया। गोमतीनगर विस्तार निवासी आकांक्षा दीक्षित की ओर से दी गई तहरीर के मुताबिक, वह स्कूटी में पेट्रोल भरवाने पहुंची थीं। उन्होंने कम पेट्रोल डाले जाने की शिकायत की तो मैनेजर ने अभद्र व्यवहार किया। इसके बाद कई कर्मचारियों ने कथित तौर पर पत्थरों, लात–घूंसों से हमला कर दिया। इस घटना में रमन सोनी, दिव्यांशु पांडेय, अधिवक्ता योगेंद्र प्रताप सिंह, अभिजीत मानस समेत कई लोग घायल हो गए। रमन सोनी का मुंह फटने और दांत टूटने का भी आरोप है। महिला के अनुसार, भीड़ बढ़ने पर कुछ कर्मचारी मौके से फरार हो गए, जबकि एक कर्मचारी को पकड़ लिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे थाने ले गई। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि कार्रवाई नहीं होने पर उन्होंने गोमतीनगर थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### यूपी कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय हटाए गए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस आलाकमान ने राज्य में सांगठनिक बदलावों की शुरुआत कर दी है। कांग्रेस ने यूपी के प्रभारी अविनाश पांडेय को उनके पद से हटा दिया है। फिलहाल अब इस पद की जिम्मेदारी राजेंद्र पाल गौतम को बनाया गया। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, यह फैसला आगामी विधानसभा चुनाव में जातीय समीकरणों को दुरुस्त करने के लिए लिया गया है। दरअसल, अब तक उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के अध्यक्ष (अजय राय) और प्रभारी (अविनाश पांडेय) दोनों ही पदों पर सवर्ण जातियों का कब्जा था। लोकसभा चुनाव में संविधान बचाओ और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के नैरेटिव से मिली सफलता के बाद कांग्रेस अब संगठन में भी इसी सोशल इंजीनियरिंग को लागू करना चाहती थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार जातिगत जनगणना और जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी का मुद्दा उठा रहे हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश जैसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्य में दोनों शीर्ष पदों पर सवर्णों का होना पार्टी की इस रणनीति के अनुकूल नहीं बैठ रहा था। 2027 की लड़ाई को मजबूती से लड़ने के लिए कांग्रेस अब यूपी प्रभारी के रूप में दलित चेहरे को लाकर राज्य के दलितों को आकर्षित करना चाहती है। कांग्रेस ने 23 दिसंबर 2023 को लोकसभा चुनाव 2024 से पहले संगठनात्मक बदलावों के तहत उन्हें यूपी का प्रभारी महासचिव नियुक्त किया था। वे प्रियंका गांधी वाड्रा की जगह आए थे। अब विधानसभा चुनाव से पहले उन्हें हटा दिया गया।

# नशे की आदत समाज के लिए अभिशाप : नितिन अग्रवाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




मादक पदार्थों का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी अन्तराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को लखनऊ सहकारिता भवन स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में एक राज्य स्तरीय मद्य निषेध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के मद्य निषेध विभाग की ओर से केंद्र सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान और नेशनल एक्शन प्लान फार ड्रग डिमांड रिडक्शन योजनांतर्गत आयोजित किया गया था।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रमुख सचिव समाज कल्याण अनुराग यादव उपस्थित रहे। सर्वप्रथम आबकारी मंत्री एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने मद्य निषेध प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन किया गया। तत्पश्चात मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नशा से दूर रहने तथा आमजनमानस को इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आबकारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2020 को नशा मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य लोगों को खासतौर से युवाओं को नशे से दूर रखना था। प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। इसमें युवाओं की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। हमारा देश दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला राष्ट्र है। हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है कि युवाओं को नशे की आदत से बचाए और उनकी असीम ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र के विकास में लगाए। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार की एजेंसिया लगातार प्रयास कर रही है।

युवाओं में नशा के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए स्वयं सेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों व सिविल सोसाइटी को मद्य निषेध विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान में सक्रिय सहयोग कर लोगों को जागरूक करने का कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने भी प्रदेशवासियों को नशा से दूर रहने की अपील की है।

आज प्रदेश 11.5 प्रतिशत की दर से विकास कर रहा और देश की जीडीपी में 9.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।

उन्होंने कहा कि नशे की लत पूरी दुनिया के लिए आज एक चैलेंज बन चुका है, नशे की आदत समाज के लिए अभिशाप बन गया है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिन्ता व्यक्त की और आम जनमानस के साथ युवाओं को इससे दूर रहने की अपील की।

# सीएमएस के आयुष ने किकबॉक्सिंग चैम्पियनशिप में जीता गोल्ड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस के कक्षा-10 के प्रतिभाशाली छात्र आयुष वर्मा ने वाराणसी में आयोजित सातवीं साउथ एशियन किकबॉक्सिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल अर्जित कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। चैम्पियनशिप का आयोजन साउथ एशियन किकबॉक्सिंग फेडरेशन के तत्वावधान में वाको इण्डिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है।

श्री खन्ना ने बताया कि इस चौम्पियनशिप में दक्षिण एशियाई देशों के बाल खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर किकबाक्सिंग प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, तकनीकी कौशल एवं दमखम के बलबूते गोल्ड मेडल अर्जित कर निकट भविष्य में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन करने के संकेत दिये हैं। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने इस होनहार बाल खिलाड़ी के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# लखनऊ सहित छह हवाई अड्डों के पास विकसित होगी एयरपोर्ट सिटी

- परियोजना के पहले चरण में बीस हजार करोड़ का होगा निवेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित देश के प्रमुख छह हवाई अड्डों के पास एयरपोर्ट सिटी विकसित करने की परियोजना तैयार की गयी है। इस परियोजना की अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई अदाणी एयरपोर्ट सिटी लिमिटेड (एएसीएल) ने घोषणा करते हुये बताया कि परियोजना के पहले चरण में बीस हजार करोड़ रूपये का निवेश किया जायेगा।

इस परियोजना में लखनऊ के अलावा चार अन्य राज्यों में स्थित मुंबई, नवी मुंबई, अहमदाबाद, जयपुर और गुवाहाटी में स्थित एयरपोर्ट भी शामिल है। इस परियोजना के अन्तर्गत हवाई अड्डा नेटवर्क के आसपास आतिथ्य, रिटेल, मनोरंजन, कन्वेंशन और व्यावसायिक सुविधाओं को एक साथ जोड़ते हुए सहज रूप से जुड़े, पैदल चलने योग्य दूरी पर शहरी केंद्र विकसित किए जाएंगे।

एएएचएल के निदेशक जीत अदाणी ने कहा दुनिया भर में कई हवाई अड्डे व्यापार, पर्यटन और शहरी विकास के प्रमुख केंद्र बन चुके हैं। भारत में विमानन क्षेत्र के विस्तार के साथ हवाई अड्डे निवेश, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। कंपनी ऐसे आधुनिक शहरी केंद्र विकसित कर रही है, जो यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के साथ-साथ शहरों के विकास को भी गति देंगे।

यह विकास योजना पांच राज्यों के छह हवाई अड्डों में फैले 655 एकड़ से अधिक भूमि बैंक पर आधारित है। इनमें से करीब 440 एकड़ भूमि केवल मुंबई और नवी मुंबई में स्थित है। प्रस्तावित निवेश का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा भी इन्हीं दोनों शहरों में किया जाएगा, जो देश के प्रमुख वाणिज्यिक, वित्तीय और विमानन केंद्रों में गिने जाते हैं।

इन परियोजनाओं के तहत ऐसे एकीकृत, एयरपोर्ट के नजदीक शहरी केंद्र विकसित किए जाएंगे, जहां यात्री, कारोबार और स्थानीय समुदाय होटल, दफ्तर, खरीदारी, खानपान, मनोरंजन और कन्वेंशन सुविधाओं तक पहुंच पा सकेंगे। इन्हें हवाई अड्डों, मेट्रो और शहर के अन्य ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर से भी सहज रूप से जोड़ा जाएगा, ताकि लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके।

# 2.80 लाख से अधिक व्यवसायिक वाहनों का फिटनेस प्रमाणन जारी : दयाशंकर

- एटीएस व्यवस्था सड़क सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रदेश में संचालित 35 क्रियाशील स्वचालित परीक्षण स्टेशनों के माध्यम से 19 जून, 2025 तक कुल 2,80,779 व्यवसायिक वाहनों के फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी किए जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि स्वचालित परीक्षण स्टेशन (एटीएस) का मुख्य उद्देश्य वाहन फिटनेस जांच प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप को न्यूनतम करते हुए मशीनों एवं सेंसर आधारित परीक्षण प्रणाली के माध्यम से पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है। इससे वाहन मालिकों को आधुनिक तकनीक की सहायता से तेज़, सटीक एवं समयबद्ध फिटनेस प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

परिवहन राज्य मंत्री ने कहा कि एटीएस व्यवस्था सड़क सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। केवल तकनीकी रूप से फिट वाहनों को ही सड़क पर संचालन की अनुमति दिए जाने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने के साथ-साथ प्रदूषण नियंत्रण में भी सहायता मिल रही है।उन्होंने बताया कि सभी वाहनों का परीक्षण केन्द्रीय मोटरयान नियमावली, 1989 में निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप किया जाता है, जिससे प्रत्येक वाहन की जांच समान मानकों पर सुनिश्चित होती है।

सिंह ने कहा कि एटीएस प्रणाली में डिजिटल रिकॉर्डिंग, सीसीटीवी निगरानी एवं ऑटोमेटेड रिपोर्टिंग जैसी आधुनिक व्यवस्थाओं के कारण लापरवाही, पक्षपात एवं भ्रष्टाचार की संभावनाओं पर प्रभावी रोक लगी है तथा पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं जवाबदेह बनी है। उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा जारी राज्य नीति के अंतर्गत स्वीकृत 79 प्रारम्भिक रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र (पीआरसी) के सापेक्ष वर्तमान में प्रदेश के 27 जनपदों में 35 स्वचालित परीक्षण स्टेशन एएफएमएस पोर्टल पर लाइव किए जा चुके हैं। इन केंद्रों के माध्यम से परिवहन वाहनों की फिटनेस जांच पूरी तरह मशीन आधारित प्रणाली से की जा रही है।

# मोबाइल झपटकर खाता साफ करने वाले पांच ठग गिरफ्तार, 14 मोबाइल मिले

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी की महिंगवां पुलिस और साइबर क्राइम सेल की संयुक्त टीम ने मोबाइल चोरी कर साइबर ठगी करने वाले एक अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में शुक्रवार को 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। ये पांचों सीतापुर के रहने वाले हैं।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी भीड़भाड़ वाले बाजारों और सार्वजनिक स्थानों से मोबाइल चोरी या झपटमारी करते थे। इसके बाद वे चोरी हुए मोबाइल में लगे सिम का उपयोग कर बैंक खातों से जुड़े यूपीआई और इंटरनेट बैंकिंग को सक्रिय करते थे। फिर खातों से रकम दूसरे खातों में ट्रांसफर कर नकदी निकाल लेते थे और आपस में बांट लेते थे। पुलिस ने उनके पास से 11 एंड्रॉयड मोबाइल, 3 की-पैड मोबाइल (कुल 14 मोबाइल), 8,358 रुपए नकद, विभिन्न बैंक डेबिट कार्ड, आधार व पैन कार्ड, दो सिम कार्ड, एक स्विफ्ट डिजायर कार और एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपियों ने लखनऊ के ही महिंगवां क्षेत्र में लगभग 3.91 लाख रुपए और बीकेटी क्षेत्र में करीब 4.28 लाख रुपए की साइबर ठगी की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और उनके आपराधिक नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटा रही है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि कुछ आरोपियों के खिलाफ पहले भी साइबर अपराध के मामले दर्ज हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में सीतापुर के परेवांजाल अटरिया के राम स्वरूप (31), सुभाष उर्फ सतीश उर्फ छोटू (23) व रामू रावत (31), गोसाईंपुरवा अटरिया के पुतीलाल (36) और चंदैरा कमलापुर के अमित कुमार (25) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और बरामद किए गए मोबाइलों के वास्तविक मालिकों की पहचान की जा रही है।

### राजधानी में तेज धूप के साथ बादलों की आवाजाही उमस से लोग बेहाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में भीषण गर्मी का दौर जारी है। मानसून पहुंचने में देरी होने के चलते लोगों को तपन और उमस झेलनी पड़ रही है। आज, शुक्रवार दोपहर से शुरू हुई बादलों की आवाजाही से भी कोई राहत नहीं मिल रही है। सुबह से आसमान साफ रहा और तेज धूप निकलने से उमसभरी गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। मौसम विभाग ने दिन में हीटवेव जैसी स्थिति बने रहने की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक, आज लखनऊ का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि राज्य में अभी कोई मजबूत वेदर सिस्टम सक्रिय नहीं है। इस वजह से तापमान में थोड़ी और बढ़ोतरी हो सकती है।

**सराहनीय**

### एक लाख पांच हजार बेटियां होंगी लाभान्वित

# योगी सरकार की शादी अनुदान योजना से ओबीसी परिवारों को बड़ी राहत

- वर्ष 2026-27 में 1.05 लाख लाभार्थियों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य
- प्रत्येक पात्र परिवार को बेटी की शादी के लिए 20 हजार रुपये की सहायता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के लिए राहत का मजबूत आधार बनती जा रही हैं। खासतौर पर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के गरीब परिवारों के लिए संचालित शादी अनुदान योजना बेटियों की शादी में आर्थिक सहारा बनकर उभरी है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरुआत से ही इस योजना का सकारात्मक असर साफ दिखाई दे रहा है। अब तक 05 हजार से ज्यादा ओबीसी बेटियों को शादी अनुदान योजना का लाभ मिल चुका है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि सरकार की योजनाएं तेजी से जमीनी स्तर पर पहुंच रही हैं और जरूरतमंद परिवारों को समय पर सहायता उपलब्ध हो रही है।

### बेटी की शादी के लिए 20 हजार रुपये की आर्थिक मदद

इस योजना के तहत प्रत्येक पात्र परिवार को बेटी की शादी के लिए 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। यह राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाती है, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनी रहती है। योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को दिया जाता है, जिनकी वार्षिक आय 1 लाख रुपये तक है। साथ ही योजना के लिए यह भी अनिवार्य है कि लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लड़के की न्यूनतम आयु 21 वर्ष हो। योगी सरकार ने योजना के क्रियान्वयन में संवेदनशील वर्गों को प्राथमिकता देने का भी सराहनीय कार्य किया है। विकलांग, विधवा, दैवीय आपदा से प्रभावित और भूमिहीन परिवारों को आवेदन प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाती है।

### लाभार्थियों को समय पर मिल रही धनराशि

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव राजेश कुमार सिंह ने शादी अनुदान योजना की सफलता पर संतोष जताया है। उन्होंने कहा कि यह योजना अन्य पिछड़ा वर्ग के जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत बन रही है। आवेदक को 20 हजार रुपये की सहायता सीधे बैंक खाते में भेजी जा रही है, जिससे पारदर्शिता बनी है और लाभार्थियों को समय पर मदद मिल रही है। प्रमुख सचिव ने बताया कि यह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग देकर बड़ी सहायता कर रही है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार पिछड़े वर्ग के उत्थान और विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

दरअसल गरीब परिवारों के लिए बेटी की शादी हमेशा एक बड़ी जिम्मेदारी और चुनौती रही है। ऐसे में योगी सरकार की शादी अनुदान योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1 लाख 5 हजार लोगों को योजना का लाभ देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसमें शुरुआती महीनों में ही 5032 लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है। कुल आवेदकों में 4178 ऐसे भी शामिल हैं, जिन्होंने मार्च में शादी की थी और उसी माह आवेदन किया था। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 लाख 16 हजार से अधिक आवेदकों को इस योजना के तहत सहायता प्रदान की गई थी।

# लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल में संचालित वन स्टॉप सेंटर में लगी आग, फायर कर्मियों ने पाया काबू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ आग लगने की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को अलग-अलग दो स्थानों पर आग लगने की घटना सामने आयी है। पहली घटना लोकबंधु अस्पताल में संचालित वन स्टॉप सेंटर की है तो दूसरी घटना अमीनाबाद की एक दुकान की है। हालांकि समय रहते आग को बुझा लिया और अभी तक किसी भी प्रकार की जनहानि की बात सामने नहीं आयी है।

कृष्णानगर पुलिस की ओर से यह जानकारी दी गई है कि लोकबंधु अस्पताल परिसर में स्थित वन स्टॉप सेंटर में आग लग गई। इस सूचना के बाद आलमबाग फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया। अग्निशमन अधिकारी धर्मपाल सिंह के मुताबिक, केंद्र के लाइट पैनल में लगी थी। लकड़ी (वुडन) से निर्मित इंटीरियर का एक कॉलम एवं उसके ऊपर की सीलिंग आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई है। इसके अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार की विशेष क्षति की सूचना नहीं है। वर्तमान में स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है। मौके पर शांति एवं कानून-व्यवस्था सामान्य है तथा आवश्यक अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है। वही, अमीनाबाद के गड़बड़झाला स्थित सिंगार महल मार्केट में एक दुकान में आग लगी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। ये दुकान सिद्दकी खान की है और एसी में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी। आग को काबू में कर लिया है और किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों अलीगंज की एक कोचिंग सेंटर में आग लगने के बाद छात्र–छात्राओं समेत 15 लोगों की जान चली गई थी। इस घटना के बाद शहर में लगातार फायर विभाग के लोग अभियान चला रहा है।

## खबरें एक नजर में

### चार लोगों पर मारपीट का आरोप, निकास विवाद को लेकर महिला ने दी तहरीर

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिधौली क्षेत्र के गांव गरबापुर की रहने वाली एक महिला ने अपने ही परिवार के चार सदस्यों पर मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता रेनू देवी का आरोप है कि परिवार के लोग उनके घर का निकास बंद कर रहे हैं और पानी निकलने नहीं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बात का विरोध करने पर आरोपी आए दिन गाली-गलौज करते हैं और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। महिला का कहना है कि इससे पहले भी कई बार इसके साथ मारपीट की जा चुकी है, लेकिन विवाद का कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका। रेनू देवी के अनुसार, शुक्रवार 26 जून को दोपहर करीब एक बजे परिवार के चार सदस्य उनके घर पहुंचे और उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट की। घटना के बाद उन्होंने थाना सिधौली पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

### तमंचा लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**पुवायां, शाहजहांपुर।** तमंचा लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया जिसको जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक आरके रावत ने बताया की कटका गांव के संदीप पुत्र सत्यप्रकाश 15 बोर का तमंचा लेकर घूम रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने संदीप को पकड़ लिया जिसकी तलाशी लेने पर 15 बोर का तमंचा बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया।

### मोहर्रम को इमाम हुसैन अली सलाम की शहादत के गम के रूप में मनाते

**सिधौली, शाहजहांपुर।** यौमे आशूरा यानी दसवीं मोहर्रम के दिन कर्बला के मैदान में हक और बातिल की लड़ाई हुई थी जिसमें एक तरफ इमाम हुसैन अलैह सलाम अपने 72 साथियों के साथ और दूसरी तरफ यजीद की लाखों की फौज कर्बला के मैदान में इकट्ठा हुई थी। लड़ाई का मुख्य कारण यह था कि यजीद चाहता था कि तुम मेरे गुमराही वाले रास्ते कबूल करो और हमें बय्यत करो हमें अल्लाह जानो मैं जो कहूँ बह तुम करो लेकिन इमाम हुसैन अलैह सलाम ने यजीद के इस फरमान को ठुकरा दिया और उन्होंने कहा कि अल्लाह एक हम उसको मानने वाले हैं और हक पर चलने वाले हैं बस क्या था इमाम हुसैन अलैह सलाम ने अल्लाह की रजा के लिए तीन दिन से भूखे प्यासे अली असगर जिनकी उम्र महज 6माह थी। हक के लिए अल्लाह की राह में कुर्बान कर दिया था। उसके बाद अपने सर को भी अल्लाह की राह में सजदे में कटा दिया था। और बातिल पर फतेह पाई और दुनिया को (दर्श )संदेश दिया की हक पर लड़ने वालों की कभी हार नहीं होती और दीन ए इस्लाम पर अपना पूरा खानदान कुर्बान कर जामे ए शहादत नोश फरमाई। मुस्लिम समुदाय के लोग प्रत्येक वर्ष दसवीं मोहर्रम को इमाम हुसैन अली सलाम की शहादत के गम के रूप में मनाते हैं बीते शुक्रवार को सिंधौली क्षेत्र में विभिन्न गांव में गमगीन माहौल में शाम को ताजिए कर्बला में गमगीन माहौल में दफन किए गए इस अवसर पर जगह-जगह कुरान ख्वानी,मिलाद शरीफ, लंगर , किया गया फतेहा पढ़ी गई और मुल्क में अमन खुशी खुशहाली की दुआ मांगी गई।

### यौमे आशूरा (दसवीं मोहर्रम) पर शुक्रवार को सिधौली क्षेत्र में अकीदत और गम का रहा माहौल

**सिधौली, शाहजहांपुर।** यौमे आशूरा (दसवीं मोहर्रम) पर शुक्रवार को सिधौली क्षेत्र में अकीदत और गम का माहौल रहा। मुस्लिम समुदाय ने कर्बला के शहीदों, विशेषकर हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत को याद करते हुए ताजिए पूरे सम्मान के साथ कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक किए। इस दौरान लोगों ने कर्बला की घटना को हक और इंसाफ की जीत तथा जुल्म के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक बताया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों और कस्बों में कुरानख्वानी, मिलाद शरीफ, फातेहा और लंगर का आयोजन किया गया। लोगों ने मुल्क में अमन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। धार्मिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए और इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद करते हुए उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश की। मोहर्रम के अवसर पर सिधौली क्षेत्र में कई स्थानों पर मेले भी लगे, जहां लोगों ने बच्चों के साथ पहुंचकर खरीदारी की और विभिन्न दुकानों पर अच्छी खासी भीड़ रही। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरे समय मुस्तैद रहा। शांतिपूर्ण माहौल में सभी धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए और क्षेत्र में आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश देखने को मिला।

### चोरी करने घुसा युवक हुआ लहू लुहान, सीसीटीवी कैमरे में हुई घटना कैद

**तिलहर-शाहजहांपुर।** चोरी करने के नियत से घर का दरवाजा तोड़ने के दौरान युवक गेट का शीशा लगने से लहूलुहान हो गया। जिसकी पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मकान मालिक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। नगर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी नाजिम अली ने बताया कि वह जयपुर में मेहनत मजदूरी करता है और उसका परिवार तिलहर में अकेला रहता है। उसने बताया कि 21 जून की रात मोहल्ले के ही एक युवक ने उसके घर में चोरी करने के नियत से बैठक के गेट का लाकर तोड़ दिया। अंदर जाने के लिए जब उसने वेंटिलेटर की खिड़की तोड़कर अंदर से लगी चटकनी खोलने की कोशिश की तो खिड़की का शीशा उसके हाथ में लग गया जिससे वह लहूलुहान हो गया। जब वह वापस आया तो उसे जानकारी हुई तो उसने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग देखी जिसमें मोहल्ले का ही युवक घटना को अंजाम देते हुए दिख रहा है। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि युवक की पहचान कर ली गई है उसे जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

# प्रेम प्रसंग का खौफनाक अंत, प्रेमी ने की थी महिला की हत्या

**20 फरवरी को महिला के पति ने दर्ज कराई की गुमशुदगी की रिपोर्ट**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस ने चार महीने पुराने महिला हत्याकांड का खुलासा करते हुए उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अवैध प्रेम संबंध और पारिवारिक विवाद से परेशान होकर महिला की गला दबाकर हत्या करने की बात कबूल की है।

मामला थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के बरेंग गांव का है। 20 फरवरी 2026 को महिला के पति रामनिवास ने पत्नी चन्द्रावती के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जांच के दौरान 28 मार्च को सरसों के खेत से एक मानव कंकाल बरामद हुआ, जिसकी पहचान चन्द्रावती के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर एसओजी, सर्विलांस और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम गठित की। लगातार तलाश के बाद पुलिस ने आरोपी मिट्ठूलाल को बरेंग रोड से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर मृतका के मोबाइल फोन के कुछ पार्ट्स भी बरामद किए गए।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। मृतका उस पर साथ रखने का दबाव बना रही थी और पुलिस में शिकायत की धमकी दे रही थी। इसी बात को लेकर 31 जनवरी की रात दोनों में विवाद हुआ, जिसके बाद उसने गला दबाकर हत्या कर दी और शव को सरसों के खेत में फेंक दिया। शक से बचने के लिए उसने मृतका के मोबाइल से कई लोगों को कॉल भी की और बाद में मोबाइल तोड़कर उसके पुर्जे अलग-अलग जगह फेंक दिए। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने बताया आरोपी के महिला के साथ संबंध थे, वह उसे साथ रखने का दबाव बना रही थी, जिसके बाद दोनों में विवाद हुआ और आरोपी ने उसकी हत्या कर शव खेत में फेंक दिया था।

## मोहर्रम के अवसर पर मुस्लिम समुदाय ने किया शरबत वितरण



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** मोहर्रम के पवित्र अवसर पर इस्लामी कैलेंडर के अनुसार 10वीं तारीख को खुदागंज के मुख्य चैराहे पर मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों के लिए शरबत वितरण का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्य की लोगों ने सराहना की। आयोजकों ने बताया कि मोहर्रम त्याग, बलिदान, सब्र और इंसानियत का संदेश देने वाला पवित्र अवसर है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए राहगीरों को शरबत पिलाकर सामाजिक सद्भाव, आपसी प्रेम और मानव सेवा का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत ग्रहण किया और आयोजन की प्रशंसा की। इस अवसर पर आयोजक मोहसिन मिर्जा, दानिस अंसारी, कलीम बेग सहित अन्य लोगों ने व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली और सभी से आपसी भाईचारा, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें स्थानीय लोगों ने भी सहयोग कर आयोजन को सफल बनाया।

## नहर में महिला ने छलांग लगाई, राहगीरों ने बचाया

**बंडा, शाहजहांपुर।** रिश्तेदारी में आई महिला ने अपनी बीमारी से तंग आकर शारदा नहर में छ्लांग लगा दी लेकिन महिला को नहर में कूदते हुए राहगीरों ने देख लिया जिस पर दो राहगीर नहर में कूद गए और महिला को सकुशल बचा लिया जिसके बाद उसे बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से परिजन उन्हें लेकर अपने घर वापस चले गए। थाना खुटार के मोहल्ला पूर्वी गढ़ी निवासी अखिलेश मिश्रा की पत्नी बेवी मिश्रा (50 वर्ष) को कई वर्षों से मिर्गी के दौरे पड़ते आ रहे हैं । तब से उनका इलाज भी चल रहा है। लगातार वर्षों से दवाई खाने से परेशान होकर वह शुक्रवार को अपने मायके जनपद पीलीभीत के थाना बिलसंडा जाने की बात कहकर अपने घर से निकलीं और मकसूदापुर शारदा नहर पुल पर आकर नहर में छलांग लगा दी। राहगीरों ने उन्हें नहर में छलांग लगाते हुए देख लिया जिस पर दो लोग उनके पीछे ही नहर में कूद पड़े और उन्हें सकुशल बचा लिया। बाद में राहगीरों ने एंबुलेंस को फोन कर उन्हें बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया और उनके परिवार के लोगों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें लेकर अपने घर वापस चले गए।

## दवाई लेने जा रही युवती शारदा नहर में गिरी, तलाश जारी

**नहर में सिक्का डालने के दौरान बिगड़ा संतुलन, तेज बहाव में बही**

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के मकसूदापुर गांव के पास शारदा नहर के पुल पर शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। अपनी मां के साथ दवा लेने जा रही 18 वर्षीय एक युवती पुल से शारदा नहर में गिर गई। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन पानी के तेज बहाव में वह बह गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन खबर लिखे जाने तक युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। जनपद पीलीभीत के बिलसंडा थाना क्षेत्र स्थित गौहनिया गांव की रहने वाली सीमा (18 वर्ष) अपनी मां गुड्डी के साथ बंडा के ढका गांव स्थित एक निजी क्लिनिक में दवा लेने जा रही थी। गुड्डी देवी ने बताया कि जब दोनों मकसूदापुर गांव के पास शारदा नहर के पुल पर पहुंचे, तो सीमा नहर में सिक्का फेंकने के लिए रुकी। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे गहरे पानी में जा गिरी। बेटी को आंखों के सामने डूबता देख मां गुड्डी चीख पड़ी। शोर सुनकर आसपास के लोग और राहगीर तुरंत मौके पर दौड़े। कुछ लोगों ने नहर में छलांग लगाकर युवती को बचाने की कोशिश भी की, लेकिन नहर का जलस्तर और बहाव तेज होने के कारण वह देखते ही देखते आंखों से ओझल हो गई। हादसे के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। हादसे की जानकारी मिलते ही बंडा थाना प्रभारी ब्रजेश सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। तत्काल फायर ब्रिगेड और बाढ़ राहत टीम को भी बुला लिया गया। थाना प्रभारी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि युवती की तलाश के लिए गोताखोरों की मदद से लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पानी का बहाव तेज होने के कारण रेस्क्यू में दिक्कतें आ रही हैं, लेकिन तलाश जारी है।

## संगठन के लिए अनुशासन- समयबद्धता जरूरीः आनंद

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



प्रांतीय अनुसूचित जाति-जनजाति बेसिक शिक्षक संघ जनपद की कार्य समिति की त्रैमासिक बैठक पुवायां रोड बुद्ध विहार में आयोजित की गई स बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय वर्मा तथा संचालन जिला महामंत्री विनोद कुमार ने किया। प्रांतीय महामंत्री विश्राम सिंह ने कहा संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक ब्लॉक से अध्यक्ष और मंत्री को बैठक में प्रतिभाग करना बहुत ही आवश्यक है। मण्डल अध्यक्ष हरिशंचंद्र आनंद ने बताया किसी भी संगठन को ऊंचाई पर ले जाने के लिए अनुशासन और समयबद्धता बहुत जरूरी है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष विनोद सम्राट ने ब्लॉक स्तर पर मासिक बैठक लगाने का सुझाव दिया। जिसमें जनपद से प्रतिनिधि के रूप में कम से कम दो पदाधिकारियों की ब्लॉक की बैठक में उपस्थिति होनी चाहिए। उपाध्यक्ष रितेंद्र कुमार सिंह जी सभी पदाधिकारियों से संगठन के प्रति ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने के लिए कहा। उपाध्यक्ष दिनेशपल सिंह ने बताया संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए आपसी तालमेल बहुत आवश्यक है। कोषाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए बताया कोई भी संगठन बगैर धन के नहीं चल सकता है, इसलिए प्रत्येक पदाधिकारी कम से कम 100 मासिक के हिसाब से सदस्यता शुल्क अवश्य जमा करें सब्लॉक अध्यक्ष तिलहर अरविन्द वर्मा ने अवशेष ब्लॉक इकाइयों का अति शीघ्र पुनर्गठन किया जाए लिए। जिलाध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया हमारे लगभग सभी साथी विद्यालय समय से पहुंचकर ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं।इसके बाद भी यदि किसी शिक्षक को अकारण प्रताड़ित किया जाता है तो संगठन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। उक्त बैठक मे हरिशंचंद्र आनंद, दिनेशपाल सिंह, विनोद सम्राट रितेन्द्र कुमार सिंह,राजीव कुमार वर्मा, अरविन्द वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## अखंड पाठ के बाद हुआ भंडारा



**कांट, शाहजहांपुर।** कुर्रिया कलां गांव में शुक्रवार को अखंड रामायण पाठ के विश्राम पर हवन संपन्न हुआ। पंडित कृष्ण मुरारी ने गौरी गणेश, नवग्रह पूजन के बाद हवन करवाया। यजमान रामनिवास मिश्रा ने पत्नी वीनू देवी के साथ हवन में पूर्णाहुति दी। जिसके बाद ब्राह्मण भोज करवाकर उनको दान दक्षिणा दी गई। भंडारे में श्रृद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था में ऋषभ मिश्रा, उज्ज्वल कुमार, अंशू, सितांश दीक्षित, लव मिश्रा का सहयोग रहा।

## मारपीट में सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज, दो अभियुक्त गिरफ्तार

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव के व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर उसके पिता के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया और नामजद दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव मड़ैया खाड़ेपुर निवासी मंजीत जाटव पुत्र जगदीश जाटव ने शुक्रवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी उदयवीर सिंह,भानू सिंह पुत्रगण मुन्नू सिंह, कल्लू उर्फ ओमेंद्र सिंह, आर्यन सिंह पुत्र भानु सिंह, रमन सिंह पुत्र कल्लू सिंह, वीर सिंह पुत्र विश्राम सिंह तथा आयुष सिंह पुत्र उदय सिंह ने पुरानी रंजिश के चलते एक राय होकर पिता जगदीश पुत्र लक्ष्मण प्रसाद को जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की नीयत से लाठी डंडों से मारा पीटा तथा मरणासन्न अवस्था में मोहनपुर के स्कूल के पास छोड़ कर मौके से चले गए। जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर उपरोक्त सात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया और नामजद उदय सिंह पुत्र मुन्नू सिंह तथा आर्यन सिंह को करनापुर से जेवा जाने वाली सड़क से गिरफ्तार कर लिया। वही गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की निशानदेही पर गांव मीरपुर के एक गन्ने के खेत से घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा बरामद किया। वही कोतवाल आर के रावत ने बताया कि घटना में संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अशोक कुमार, हेडकांस्टेबल नरेंद्र सिंह, नरेंद्र कुमार, कांस्टेबल प्रेमपाल व पृथ्वी शामिल रहे।

## छत्रपति साहूजी महाराज सामाजिक न्याय, शिक्षा के महान पुरोधा थे

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर छत्रपति साहू जी महाराज की जयंती जनपद बिजलीपुरा स्थित पार्टी कार्यालय पर मनाई गई। एक गोष्ठी का आयोजन सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और छत्रपति साहू जी महाराज के योगदान पर चर्चा की गई। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि छत्रपति साहू जी महाराज सामाजिक न्याय, शिक्षा और समानता के महान पुरोधा थे। उन्होंने वंचित, पिछड़े और शोषित वर्गों को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उनकी नीतियां आज भी सामाजिक समरसता और बराबरी का मार्ग प्रशस्त करती हैं। छत्रपति शाहूजी महाराज का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनके बताए रास्ते पर चलकर ही एक न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज का निर्माण किया जा सकता है। सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव,सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा प्रदेश कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा, युवा सपा नेता आकाश वर्मा, संतोष कुमार पाल, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष हफीज अंसारी, सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, सपा महिला सभा के जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, दुर्गेश कुमार गुप्ता पूर्व सभासद, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव नाजिम फारुकी, सपा महिला सभा की महानगर अध्यक्ष जाफरीन, वकार खान, कल्याण सिंह यादव, तेजपाल सिंह यादव, राम मूर्ति वर्मा, अनूप शुक्ला, सुरजीत यादव, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरेशी, सचिन सक्सेना, अब्दुल समद, हिमांशु गुप्ता, मोहम्मद अयान मंसूरी, डॉक्टर आदित्य वर्मा, सुरजीत यादव, अनिल भास्कर, मोहम्मद बिलाल, अवनीश कुमार कनौजिया, मुकेश यादव, फराज इदरीसी, गुफरान अल्वी, रफत खान, नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम-सीओ ने मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एसपी निर्देशन में पुवायां एसडीएम एवं सीओ द्वारा मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत थाना पुवायां, खुटार एवं बण्डा क्षेत्रान्तर्गत ताजियों एवं ताजिया मार्गो का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान ताजियों, ताजिया मार्गों, संवेदनशील स्थलों एवं प्रमुख चैराहों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। एसडीएम व सीओ द्वारा स्थानीय नागरिकों, ताजियादारों एवं आयोजन समितियों के पदाधिकारियों से संवाद कर आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं शांति बनाए रखने की अपील की गई। उन्होंने सभी से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने तथा भ्रामक सूचनाओं का प्रसार न करने का अनुरोध किया। साथ ही पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल एवं प्रभावी विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए।

## प्रतियोगिता में रितिक, सुनहरी और जया ने मारी बाजी

**नशा निषेध प्रतियोगिता का किया गया आयोजन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मादक द्रव्यों के सेवन और अवैध तस्करी दिवस पर मेरा युवा भारत ने अखिल भारतीय गौतम बुद्ध टेक्निकल इंस्टिट्यूट मोहल्ला नवादा में नशा निषेध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ शिक्षण संस्थान के प्रबंधक मनोज मौर्य द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प समर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से नशा निषेध पर लिखित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अनेकों को बच्चों ने प्रतिभाग किया। लिखित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रितिक कनौजिया तथा द्वितीय स्थान सुनहरी देवी तथा तृतीय स्थान जया मिश्रा ने प्राप्त किया। तीनों विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन निर्दोष शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक माय भारत, करन शर्मा, हर्ष पांडे, जाहिद आलम, सृष्टि मिश्रा, शिवेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

## निर्जला एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**एक लाख से अधिक भक्तों ने किए बाबा श्याम के दर्शन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर श्याम चैक बरेली मोड़ स्थित खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रातः 6 बजे से ही भक्तों का मंदिर पहुंचना प्रारम्भ हो गया, जो देर रात्रि तक निरंतर जारी रहा। अनुमानतः एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु अर्जी लगाई। मंदिर परिसर में भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। प्रसिद्ध भजन गायिकाओं सपना मिश्रा एवं शुभी सरगम ने अपने मधुर श्याम भजनों से संपूर्ण दरबार को भक्तिमय बना दिया। दिनभर श्रद्धालुओं को मंदिर समिति की ओर से शीतल शरबत का वितरण किया गया और शाम के समय भक्तों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हालांकि इस विशाल आयोजन के बीच श्रद्धालुओं ने मंदिर मार्ग की अव्यवस्थाओं पर भी चिंता व्यक्त की। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार पूर्व में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुव्यवस्थित दर्शन व्यवस्था के लिए लगाई गई रैलिंग को लगभग तीन माह पूर्व नगर निगम द्वारा हटा दिया गया। साथ ही ग्रेनाइट फर्श को तोड़कर मार्ग पर कंकड़-पत्थर फैला दिए गए तथा ठंडे पानी की सार्वजनिक टंकी भी बंद कर दी गई है। इससे विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों को दर्शन के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर ट्रस्ट ने बताया कि इस संबंध में नगर आयुक्त एवं अधिशासी अभियंता नगर निगम को व्यक्तिगत एवं लिखित रूप से 21 मई व 6 जून को अवगत कराया गया किन्तु समस्या का समाधान नहीं हो सका। इसके बाद 20 जून को जिलाधिकारी को भी पत्र भेजकर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई है। इस अवसर पर अरविन्द सिंह विधायक अपनी धर्मपत्नी के साथ बाबा खाटू श्याम के दर्शन करने पहुंचे। मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने उन्हें भी मंदिर मार्ग की समस्याओं से अवगत कराते हुए शिकायत की कि यदि नगर निगम को सौन्द्रीकरण का कार्य करना ही नही था तो तोड़-फोड़ करके मंदिर की शोभा क्यों बिगाड़ दी है। मंदिर ट्रस्ट की ओर से विधायक को एक ज्ञापन सौंपते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रैलिंग पुनः स्थापित कराने, क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत कराने तथा बंद पड़ी ठंडे पानी की टंकी को पुनः चालू कराने की मांग की गई। श्रद्धालुओं ने आशा व्यक्त की कि प्रशासन एवं नगर निगम शीघ्र ही इन समस्याओं का समाधान कर आगामी धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं को बेहतर एवं सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे।

## खबरें एक नजर में

### पड़रा सिंकदरपुर पंचायत भवन में हजारों की चोरी

**चोर दो बैट्री सोलर, एक इंवेटर, एक फोटो प्रिंटर, एक प्रिंटर साइबर सहित कई सामान चुरा ले गए**

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रा सिंकदरपुर स्थित पंचायत भवन में अज्ञात चोरों ने बुधवार-गुरुवार रात ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दो बैट्री सोलर, एक इंवेटर, एक फोटो प्रिंटर, एक प्रिंटर साइबर सहित कई सामान चुरा ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुबह पंचायत भवन खुलने पर कर्मचारियों ने अंदर का सामान अस्त-व्यस्त पाया। जांच करने पर पता चला कि सामान गायब हैं। ग्राम पंचायत सहायक विद्या देवी ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने चोरी गए सामान की जल्द बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इससे पंचायत भवन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। इस मामले में थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की गहनता से जांच कर रही है। उन्होंने जल्द ही घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

### वरिष्ठ पत्रकार प्रेमशंकर को मातृ शोक

**तिलहर-शाहजहांपुर।** वरिष्ठ पत्रकार प्रेम शंकर गंगवार की माता कलावती का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वह 76 वर्ष की थीं। शाम को उनका सरऊ श्मशानघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शोक समाचार मिलने पर क्षेत्र के तमाम पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने उनके निज निवास मोहल्ला निजामगंज पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। शाम पांच बजे सैकड़ों लोगों की नम आंखों के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया। दुखित मन से प्रेमशंकर गंगवार ने बताया कि रविवार को नगर के निजामगंज स्थित शांति कुंज कर्मशाला में दसवां संस्कार किया जाएगा।

### विदा कराने ससुराल पहुंचे पति की पत्नी व ससुरालियों ने की पिटाई, मोटरसाइकिल, पर्स छीनने व मोबाइल तोड़ने का आरोप

**तिलहर-शाहजहांपुर।** तीन माह पूर्व मायके गई पत्नी को लेने गए पति ने पत्नी समेत ससुरालियों पर पिटाई कर मोटर साइकिल व पांच हजार रुपए रखा पर्स छीन लेने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है। फिलहाल समाचार भेजे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव हरेबा निवासी अमरजीत पुत्र राम सेवक कश्यप ने पुलिस को बताया कि आठ माह पूर्व उसकी तिलहर के गांव गोबरसंडा निवासी वीरपाल की बेटी निशा के साथ शादी हुई थी। तीन चार बार वह निशा को मायके घुमा ले गया। आरोप है कि तीन माह पूर्व निशा का भाई रजनीश उसे गोबरसंडा ले आया। तब से वह विदा कराने के लिए कई बार आया। लेकिन संस्कृतियों ने विदा नहीं की। शुक्रवार को वह पूर्वान्ह करीब 11 बजे ससुराल पहुंचा और विदा करने की बात कही। इस पर निशा ने उसकी मां के न कहने तक वह ससुराल नहीं जाएगी। आरोप है कि कहासुनी बढ़ने पर पत्नी निशा , सास ससुर व साले सालियों ने उसकी पिटाई कर दी। और मोटर साइकिल व पर्स छीन लिया। मोबाइल भी छीनकर फेंक दिया। अमरजीत ने बताया कि उसने कपसेडा गांव में ममेरे साले को फोन किया। वह उसे रस्ते से ले गया। फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

### तहरी वितरण के साथ शीतल पेय सेवा का समापन

**दो माह तक प्यासों के लिए बनी रही संजीवनी**

**शाहजहाँपुर।** भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई शीतल पेय एवं शर्बत वितरण सेवा का समापन आज तहरी वितरण के साथ किया गया। यह सेवा नगर के चर्चित समाजसेवी संजय गुप्ता पाइप वाले के सौजन्य से पिछले दो माह से लगातार संचालित हो रही थी। समापन अवसर पर संजय गुप्ता ने स्वयं लोगों को तहरी वितरित की। इस दौरान बड़ी संख्या में राहगीरों और स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और इस जनसेवा की सराहना की। शहर के सदर बाजार, लंगोटी वाले बाबा मंदिर, घंटाघर और निगोही रोड जैसे व्यस्त स्थानों पर लगातार दो माह तक चली इस सेवा ने भीषण गर्मी में लोगों के लिए सचमुच संजीवनी का काम किया। प्यास से बेहाल राहगीरों को यहां ठंडा शर्बत और पेयजल मिलना बड़ी राहत बना रहा। समाजसेवी संजय गुप्ता ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और इसी भावना के साथ यह पहल शुरू की गई थी। उन्होंने बताया कि आगे भी इसी तरह के सेवा कार्य निरंतर जारी रखे जाएंगे, ताकि जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई जा सके। समापन के अवसर पर मौजूद लोगों ने इस पहल को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न सिर्फ राहत देते हैं, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं।

### मरौरी ब्लॉक सभागार में डीएम की अध्यक्षता में प्रधान प्रशंसकों बीडीसी सदस्यों की हुई बैठक

**पीलीभीत।** मरौरी ब्लॉक सभागार में बृहस्पतिवार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में ग्राम प्रधान प्रशासकों, बीडीसी सदस्यों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में ग्रामीण विकास, आवास योजनाओं, आयुष्मान कार्ड, प्राकृतिक खेती और ग्राम पंचायतों की विकास कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना में सूची से नाम कटने की शिकायतें कीं। इस पर उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायतों से शीघ्र विकास कार्ययोजनाएं तैयार कर ब्लॉक स्तर पर दिए जाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से गांवों को आदर्श गांव बनाया जा सकता है। बैठक में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। डीएम ने निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत से कम से कम 10 बेरोजगार युवाओं और युवतियों को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत पांच लाख रुपये तक के ऋण से लाभांवित किया जाएगा। सीडीओ सतीश प्रसाद मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जनपद को 1787 आवासों का लक्ष्य मिला है, जबकि अब तक 890 पात्र लाभार्थियों की सूची ही प्राप्त हुई है। इस मौके पर बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# तमिलनाडु की कंपनी में तिलहर के युवक की मौत

- मजदूरी कराने ले गए ठेकेदार पर मृतक की पत्नी ने जताई हत्या की आशंका
- मृतक की पत्नी के साथ ग्रामीणों ने कोतवाली में काटा हंगामा
- पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने गांव पहुंचकर दी सांत्वना

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

करीब सात माह पूर्व गांव के ही ठेकेदार के साथ तमिलनाडु की एक कंपनी में मजदूरी करने गए युवक का शुक्रवार तड़के उसका शव पहुंचने पर कोहराम मच गया। बिलखती पत्नी ने ठेकेदार व उसके साथियों पर हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। जिसे पुलिस ने घटना दूसरे प्रदेश की कहकर तहरीर लेने से इंकार कर दिया। इससे आक्रोशित भीड़ ने जमकर हंगामा काटा। जिसे पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने शांत कराया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिर्गापुर निवासी सुनील कुमार पुत्र रामपाल 38 गांव के ही ठेकेदार राधेश्याम पुत्र त्रिमल के साथ करीब सात माह पूर्व तमिलनाडु की एक कंपनी में मजदूरी करने गया था।

शुक्रवार को सुबह करीब पांच बजे राधेश्याम अन्य साथियों के साथ एक गाड़ी से सुनील कुमार का शव



लेकर उसके घर गांव मिर्गापुर पहुंचा। अचानक पति का शव पहुंचने पर घर में कोहराम मच गया। राधेश्याम ने बताया कि सुनील की पांच दिन पूर्व तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले के थाना क्षेत्र पोचमपल्ली स्थित एक बायोफिल्स कंपनी में काम करने के दौरान हौदिया के पास शराब पीने खाने के दौरान उसमें गिरने से मौत हो गई। जिसकी सूचना वहां के थाने में दर्ज कराई गई है। और वहाँ की पीस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। ठेकेदार के इस जबाव से परिजन संतुष्ट नहीं हुए और कोतवाली जा धमके यहां पुलिस को मृतक की बिलखती पत्नी नन्ही देवी ने बताया कि सात महीने से पति से ठेकेदार ने न ही बात कराई और न ही उनकी कोई खैर खबर दी। उसने ठेकेदार द्वारा साथियों के साथ सुनील की हत्या करने की आशंका जाहिर की। पुलिस द्वार न सुने जाने पर भीड़ ने जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने एक ही मामला दो जगह दर्ज न किए जाने की दलील देते हुए पुलिस ने सूझबूझ से परिजनों को समझाकर शांत कराया। वहीं पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा गांव पहुंचे और शोक ग्रस्त परिजनों को सांत्वना दी। जिसके बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी दो बेटे और एक बेटी को छोड़ गया है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## कंपनी की नकदी व कागजात लेकर कर्मचारी फरार

**कंपनी के डायरेक्टर ने दो माह बाद दर्ज कराई रिपोर्ट, पुलिस जांच में जुटी**

**रोजा, शाहजहांपुर।** भावलखेड़ा के रोजा थाना क्षेत्र में स्थित ग्रीन इंडिया टेक कंपनी के डायरेक्टर ने अपने कर्मचारी पर एक लाख रूपए की नगदी व जरूरी दस्तावेज के साथ फरार होने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। कम्पनी ग्रीन इंडिया टेक के डायरेक्टर बाल किशन सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी लोक विहार कालोनी रेती रोड पर स्थित हैं,जो नगर निगम जोन-4 शाहजहाँपुर में साफ-सफाई व्यवस्था का कार्य करती है। उसके तत्कालीन सुपरवाइजर रवि भारती द्वारा एक अप्रैल 2026 को कम्पनी का एक लाख रुपया तथा महत्वपूर्ण कागजात लेकर फरार हो गया है तथा इसके फरार होने के बाद यह भी जानकारी प्राप्त हुई अन्य लोगो से भी अपनी व्यक्तिगत समस्या बताकर पैसा रवि भारती द्वारा लिया गया। उसके उपरान्त मोबाइल बंद कर फरार हो गया। उससे लगातार संपर्क करने का प्रयाश किया जा रहा है, लेकिन बात नहीं हो पा रही है। उसके घर जाकर बात करने का प्रयास किया गया। लेकिन घर वाले कहते है कि घर पर नहीं हैं। यह प्रतीत होता है कि घर के अन्दर छुप जाता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। मामले की जांच पड़ताल की जा रही हैं।

## पुलिस ने की पैदल गस्त, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**गढ़िया रंगीन, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

गढ़िया रंगीन मोहर्रम की पूर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के उद्देश्य से थाना गढ़िया रंगीन पुलिस ने शुक्रवार संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। फिलैग मार्च का नेतृत्व प्रभारी निरीक्षक हरकेश सिंह ने किया। इसके दौरान पुलिस बल ने जातियां जुलूस निकलने वाले प्रमुख मार्ग तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों को भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। थाना प्रभारी हरकेश सिंह ने बताया कि मोहर्रम की पूर्व संध्या पर लोगों में सुरक्षा का विश्वास बनाएं रखने तथा असामाजिक तत्वों पर नज़र रखने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है।।पुलिस ने जुलूस मार्गों का निरीक्षण करते हुए स्थानीय



लोगों से संवाद भी किया और आपसे सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार अफवाह फैलाने वालों और और कानून व्यवस्था बिगड़ने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कारी कार्रवाई की जाएगी सोशल मीडिया पर भी पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी फ्लैग मार्च के दौरान पुलिसकर्मियों ने लोगों से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने और किसी की भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिसको देने का आग्रह किया पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास बढ़ा है तथा पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सर्तक नजर आ रहा है।

### नाबालिग पन से पांच साल तक यौन शोषण का आरोप, मुस्लिम युवक के खिलाफ दी युवती ने तहरीर

**तिलहर - शाहजहांपुर।** नाबालिग किशोरी से शादी का झांसा देकर पिछले पांच सालों से उसका यौन शोषण किए जाने की पीड़िता ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को बताया कि जब वह 16 साल की थी तभी एक मुस्लिम युवक ने उसे प्रेमजाल में फंसा शादी का झांसा देकर जगह जगह लेजाकर संबंध बनाए। पांच साल तक वह यौन शोषण करता रहा। बाद में शादी से इनकार कर दिया। आरोप है कि युवक ने उसे कहा कि व अपने मजहब की लड़की से ही निकाह करेगा। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों को संज्ञान कराते हुए आरोपी युवक को कड़ी मशक्कत के बाद हिरासत में ले लिया है। फिलहाल समाचार भेजे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है।

## लॉयन क्लब ने लखनऊ अग्निकांड के दिवंगतों के लिए रखा दो मिनट का मौन

- लायंस क्लब शक्ति शाहजहांपुर द्वारा सत्र 2025- 26 के अंतिम माह की बैठक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मंडल 321b1 लायंस क्लब शक्ति शाहजहांपुर द्वारा सत्र 2025- 26 के अंतिम माह की मीटिंग का आयोजन शहर के अंबा टाकीज पास स्थित एक रेस्टोरेंट में किया गया। जिसमें सबसे पहले ध्वज वंदना की गई उसके बाद लखनऊ के अलीगंज अग्निकांड में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने सत्र 2025 -26 में किए




गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए जो मल्टीप्ल अवार्ड क्लब को मिले, उसके लिए सभी मेंबर्स को धन्यवाद किया। क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन सपना, लायन कमल नारंग ने गत वर्ष में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला तथा पीएसटी द्वारा किए गए सेवा कार्यों के लिए उन्हें सम्मानित किया तथा पूरे वर्ष एक्टिविटी में सहयोग करने के लिए लायन शुभांगी गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सत्र 2026-27 के लिए सभी मेंबर्स के सर्वसम्मत से दोबारा चुनी गई। अध्यक्ष लायन ललिता यादव, सचिव लायन प्रियंका बियानी, कोषाध्यक्ष लायन शुभांगी गुप्ता को चार्टर अध्यक्ष लायन गुरजीत कौर ने माला पहनाकर स्वागत किया तथा सेवा कार्य करने के लिए शपथ दिलाई। इस मीटिंग में अध्यक्ष लायन ललिता यादव ,चार्टर अध्यक्ष लायन गुरजीत कौर, सचिव लायन प्रियंका बियानी कोषाध्यक्ष शुभांगी गुप्ता ,लायन हिमानी तथा क्लब के सभी मेंबर्स मौजूद रहे।

### अवैध अतिक्रमण हटाने को पालिका ने भेजा नोटिस

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर पालिका परिषद प्रशासन की ओर से चिन्हित अवैध भवन निर्माण को स्वयं ध्वस्त कर पालिका भूमि को कब्जा मुक्त करने के लिए गृह स्वामी को नोटिस भेजा गया है। गौर तलब है कि पीरगैब तालाव के पूर्वी उत्तरी कॉर्नर पर बने सुहेल अख्तर के भवन मकान को एक शिकायत की जांच में अवैध निर्माण घोषित करते हुए उक्त अतिक्रमण हटाए जाने के लिए तहसीलदार व ईओ को नामित किया गया था। उक्त के क्रम में गुरुवार को ईओ सुनील कुमार ने गृह स्वामी श्री अख्तर को 15 दिवस के भीतर अतिक्रमण स्वयं हटा लेने की हिदायत के साथ नोटिस भेजा है। अन्यथा कि स्थिति में पालिका प्रशासन द्वारा हटाये जाने पर उसका खर्चा भी गृह स्वामी को वहन करना पड़ेगा।

## मजदूर की सिंचाई करते समय करंट लगने से हुई मौत, विधायक पहुंचे



**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**

गन्ने के खेत में सिंचाई कर रहे मजदूर की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही मौके पर आसपास के लोग और परिजन पहुंच गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने मजदूर का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है परिजनों का युवक की मौत होने से रो रो कर बुरा हाल है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर विधायक ने पहुंचकर परिजनों को हर संभव का मदद करने का भरोसा दिलाया।

शुक्रवार को थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव महुआ गुंदे के निवासी विकास शुक्ला पुत्र ओम प्रकाश शुक्ला मजदूरी पर त्रेता नाथ मंदिर के समीप स्थित एक किसान के खेत में विद्युत मोटर से सिंचाई कर रहे थे। मोटर से सिंचाई करने के दौरान विकास शुक्ला अचानक करंट की चपेट में आ गए जिससे विकास शुक्ला की करंट के चपेट में आने से मौत हो गई। विकास शुक्ला की मौत की खबर सुनते ही आसपास के लोग और उनके परिजन मौके पर पहुंच गए घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई जानकारी पर पहुंची पुलिस ने युवक का सब कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत कैसे हुई को लेकर पुलिस जांच पड़ताल करने में जुट गई है। करंट लगने से युवक की मौत होने की खबर पर क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान मृतक के घर पहुंचे यहां पर क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान ने मृतक के परिजनों से मिलकर घटना के बारे में जानकारी ली और उन्होंने मृतक के परिजनों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

## छेड़छाड़ के आरोपी के पास मिला तमंचा, गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट में भी मुकदमा दर्ज

- पीड़िता के पिता ने अल्हागंज थाने में दी थी तहरीर

**अल्हागंज, शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।**

छेड़छाड़ के मामले में वांछित चल रहे युवक को पुलिस ने अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद हथियार के आधार पर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत भी अलग मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 24 जून को एक व्यक्ति ने थाना अल्हागंज में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मोहल्ला बगिया प्रथम निवासी आफताब अली ने उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की, जबकि सिताब, महताब और हामिद ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ततियारी मोड़ स्थित नए पेट्रोल पंप के आगे कच्चे मार्ग से आरोपी आफताब अली (20) पुत्र अश्फाक अली निवासी मोहल्ला बगिया प्रथम को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 315 बोर का एक देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत अलग मुकदमा दर्ज किया। आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी एवं अवैध शस्त्रों के खिलाफ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अजय कुमार, मुख्य आरक्षी धीरज सिंह और मुख्य आरक्षी विजय शामिल रहे।

## शॉर्ट सर्किट से लगी घर में आग लाखों का सामान जला

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

खुदागंज नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी हर्षित भारद्वाज के यहां रात लगभग 3ः00 बजे शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई अंदर सो रहे परिवार वालों को जब धुएं से घुटन एवं आग की तपन महसूस हुई तब वह लोग जागे और बचाओ के लिए शोर मचाने लगे आस पड़ोस के लोगों द्वारा किसी तरह से दरवाजे को तोड़कर परिवार वालों को बाहर निकाला लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी घर में दो मंजिल पर सो रहे उनके छोटे भाई अमन भारद्वाज आग की तेज लपटों के कारण छत पर ही फंसे रह गए इसी बीच किसी ने विद्युत विभाग को सूचना देकर लाइट बंद करवा दी उसके बाद



घर के अंदर जा रही लाइन को काट दिया गया एवं मोहल्ले वालों की मदद से लगातार बाल्टियों से पानी डालकर बड़ी मुश्किल से आग को काबू किया गया तब तक घर में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया जिसमें इनवर्टर बैट्री वाशिंग मशीन सहित अन्य सामान्य पूरी तरह से जल गया गनीमत यह रही की पास में ही रखें सिलेंडर में गैस न होने के कारण आग ने उसको अपने चपेट में नहीं ले पाया अन्यथा बहुत बड़ा हादसा हो जाता आग इतनी भयंकर थी छत एवं दीवार का प्लास्टर टूट- टूट कर गिरने लगा आज पर काबू पाने के बाद परिवार वालों एवं मोहल्ले वालों ने राहत की सांस ली।

## घर में घुसकर ससुराल पक्ष के लोगों ने की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।** घर में घुसकर बेटे के ससुरालियों ने मारपीट की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।थाना सुनगढी क्षेत्र के ग्राम उगनपुर निवासी कोमिल प्रसाद ने थाना सुनगढी में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें कहा गया कि उसके पुत्र गरीश कुमार की शादी सुमित्रा देवी पुत्री ओम प्रकाश निवासी ग्राम भौनी, जहानाबाद के साथ हुई थी। सुमित्रा देवी ने उसके पुत्र पर दवाब बनाया कि वह अपने पिता से दस बीघा जमीन लिखवाकर रूपये ले ले। इसके बाद रूद्रपुर में रहने की बात कही, जब उसने जमीन बेचकर रूपये लेने से मना किया तो सुमित्रा ने अपने पति गिरीश की पिटाई कर दी। उसका पुत्र रूद्रपुर में मजदूरी करने लगा। जबकि सुमित्रा गांव में ही रहती थी। सुमित्रा घर से अक्सर गायब रहती थी। विरोध करने पर 21 जून को रात आठ बजे सुमित्रा देवी ने अपने पिता ओम प्रकाश, भाई देवकुमार, मां, दिनेश कुमार ने रात साढे नौ बजे उसके घर पर आकर मारपीट की। जिससे उसके और उसकी पत्नी के चोट आई। उक्त लोग घर में रखे सोने चांदी के जेवर भी अपने साथ ले गए। उसने इसकी शिकायत भिकारीपुर चौकी पर की, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उसको उल्टा बंद कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## फर्जी शस्त्र लाइसेंस गिरोह का मास्टरमाइंड रुद्रपुर से गिरफ्तार, शाहजहांपुर से जुड़ा बड़ा नेटवर्क उजागर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तराखंड एसटीएफ और साइबर थाना सेल ने फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनाकर अवैध हथियारों को वैध दिखाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सतानंद शर्मा उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के पुवायां थाना क्षेत्र के अनावा गांव का निवासी है। पूछताछ में फर्जी लाइसेंस तैयार करने के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है, जिसके तार शाहजहांपुर के जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय तक जुड़े होने की बात सामने आई है। एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि काशीपुर में फर्जी शस्त्र लाइसेंस से जुड़े तीन मुकदमों की जांच के दौरान एसटीएफ और साइबर सेल की संयुक्त टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। सूचना मिलने पर उसे रुद्रपुर से गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह फर्जी और कूटरचित तरीके से शस्त्र लाइसेंस तैयार कर मोटी रकम वसूलता था। उधम सिंह नगर में सौरभ अग्रवाल और उसके भाई गौरव अग्रवाल के माध्यम से बड़ी संख्या में लाइसेंस बनवाए गए। उसके बैंक खाते में सौरभ अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, करण सिंह, जतिन कांडपाल, शुभम अग्रवाल समेत कई लोगों ने लाइसेंस बनवाने के लिए धनराशि जमा कराई थी। जांच में यह भी सामने आया कि जिन लोगों के लाइसेंस तैयार किए गए, उनके लिए शाहजहांपुर जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में कार्यरत कुछ संविदाकर्मियों की मिलीभगत से पुराने यूआईएन नंबर, जिनका रिकॉर्ड गायब हो चुका था, उन्हें ऑनलाइन पोर्टल पर फर्जी तरीके से अपलोड कराया गया। एसटीएफ इस पूरे नेटवर्क की भूमिका की जांच कर रही है।एसटीएफ के मुताबिक आरोपी के बैंक खाते में फर्जी शस्त्र लाइसेंस के कारोबार से करीब 1.70 करोड़ रुपये का लेनदेन मिला है। इसी मामले में वह पहले भी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से गैंगस्टर एक्ट के तहत गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है। उसके खिलाफ गाजियाबाद के कविनगर थाने में गैंगस्टर एक्ट समेत अवैध हथियारों की सप्लाई से जुड़े तीन मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी ने बताया कि अब तक इस मामले में तीन मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। कार्रवाई के दौरान 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उनके कब्जे से 14 अवैध हथियार (दो ऑटोमैटिक पंप एक्शन गन, दो रायफल, नौ पिस्टल और एक रिवॉल्वर), 355 जिंदा कारतूस तथा कई फर्जी शस्त्र लाइसेंस बरामद किए गए हैं। गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश और पूरे नेटवर्क की जांच जारी है।

## भरोसे के रिश्ते का कत्ल

आम भारतीय की स्मृति से एक साल पहले मेघालय में इंदौर की सोनम रघुवंशी द्वारा अपने हनीमून के दौरान पति राजा रघुवंशी की हत्या की घटना अभी मिटी नहीं है। सोनम ने पहाड़ी से अपने पति को धक्का देकर मौत की नींद सुला दिया था। साजिश में उसका प्रेमी राज सिंह भी शामिल था। अब ऐसा ही मामला पुणे में सामने आया है जब सिया गोयल नामक युवती ने अपने मंगेतर केतन अग्रवाल को लौहगढ़ स्थित ऊंची पहाड़ी से धक्का देकर मौत की नींद सुला दिया। दोनों धनाढ्य परिवारों से थे। इस साल की शुरुआत में सगाई हुई थी और इसी साल के अंत में उनकी शादी होने जा रही थी। हत्या की दोनों ही घटनाओं में प्रेम का दूसरा कोण मौजूद रहा। पहली घटना में खलनायक प्रेमी राज सिंह तो दूसरी घटना में चेतन चौधरी। दोनों ही घटनाओं में पति व मंगेतर को कांटा मानकर जीवन से हटाना और प्रेमी के दिखाए सब्जबाग संग जीने की उत्कट चाह थी। लेकिन ये कोई सामान्य दुर्घटनाएं नहीं हैं, एक सुनियोजित साजिश हैं,भरोसे के रिश्तों के कत्ल की। भारतीय समाज में ये घटनाएं अस्वाभाविक हैं और परिवार संस्था में भरोसा रखने वाले हर व्यक्ति को उद्वेलित करती हैं। यह समाज विज्ञानियों के लिये मंथन का विषय है कि कोई स्त्री कैसे अपने पति या होने वाली पति की हत्या करने की सोच बना लेती है? सोच बनाती ही नहीं है बल्कि उसे साजिश रचकर अंजाम भी देती है। यहां सवाल उठता है कि यदि सोनम व सिया परिवार द्वारा तय किए गए रिश्ते में नहीं बंधना चाहती तो ना कहने का साहस तो कर ही सकती थीं? निश्चय ही हत्या करने से ना कहना ज्यादा आसान है। धनाढ्य परिवार के केतन की तो अभी सगाई ही हुई थी, जिसे टाला भी जा सकता था। सिया के न चाहने पर परिवार के लोग केतन को खोने के बजाय रिश्ते को मन मारकर तोड़ देते।

निश्चय ही केतन व राजा रघुवंशी की सुनियोजित हत्याएं हमें परेशान करती हैं। भले ही ये घटनाएं इक्का-दुक्का हों, लेकिन समाज के विश्वास को गहरे तक खंडित करती हैं। कोई सोच भी नहीं सकता कि किसी मधुर रिश्ते का ऐसा खौफनाक अंत हो सकता है। जिस सिया के साथ सुनहरे जीवन के सपने केतन ने देखे होंगे, उस पर तब क्या बीती होगी, जब उसने सिया को उसे पहाड़ी से धक्का देते हुए देखा होगा? उसके मां-बाप पर क्या बीत रही होगी, जिन्होंने उसकी शादी के लिये शाही तैयारियां शुरू कर दी थीं। हमारे समाज में वैवाहिक रिश्तों में पैदा होने वाली हिंसा, टकराव, अलगाव और कोर्ट-कचहरी का ट्रेंड गंभीर स्थिति की ओर इशारा करता है। सवाल यह है कि नौ महीने कोख में रखने वाली मां और खून-पसीने से लालन-पालन करने वाले पिता के सोचे-विचारे फैसलों को नई पीढ़ी द्वारा क्यों खारिज किया जा रहा है? क्या समाज में दूषित खानपान, विषाक्त सोच का बाजार, रिश्तों में बढ़ता अविश्वास और एकाकी परिवारों का त्रास युवा पीढ़ी को आक्रामक बना रहा है? मोबाइल संस्कृति की घातकता व तेजी से फैलता नकारात्मक कंटेंट संबंधों में विकृतियां ला रहा है। मोबाइल फोन जो कभी रिश्तों को जोड़ता था, अपराध का साधन बन रहा है। सोनम व राज सिंह की साजिश हो या सिया व चेतन का षड्यंत्र, उसमें मोबाइल भी सहभागी बना है। पुलिस ने भी चेतन से हुई सिया की हजारों कॉलों का विवरण दिया है। आज साजिशें मोबाइल पर ही रची जाती हैं और मोबाइल से ही अंजाम दी जाती हैं। निश्चय ही सोनम व सिया की साजिशें वैवाहिक जीवन में प्रवेश करने की सोच रहे युवाओं के मन में कई तरह के संशयों को जन्म देंगी। वजह साफ है कि इन हत्याओं से रिश्तों में विश्वास का खून हुआ है। नकारात्मक घटनाएं इक्का-दुक्का ही होती हैं लेकिन ये अप्रत्याशित व असमान्य घटनाएं आम आदमी की सोच को गहरे तक प्रभावित करती हैं। जो समाज में सहज-सरल रिश्तों के प्रति अविश्वास पैदा करती हैं। ऐसी सोच का नकारात्मक परिणाम भारतीय आदर्श स्त्री की प्रतिष्ठा पर भी आंच ला सकता है। यही वजह है कि आज नई पीढ़ी के कई युवा विवाह संस्था में प्रवेश से कतराने लगे हैं।

# अमेरिकी खेल-प्रौद्योगिकी तंत्र : नवप्रवर्तन से नए अवसर

*चार्वी अरोड़ा*

हर तेज दौड़, अधिक सुरक्षित रिकवरी और आखिरी समय में स्मार्ट खेल निर्णय के पीछे प्रौद्योगिकियों का एक बढ़ता हुआ नेटवर्क है, जो खेल उद्योग को नया रूप दे रहा है। फिर भी केवल प्रौद्योगिकी से यह नहीं समझ सकते कि खेल नवप्रवर्तन के क्षेत्र में अमेरिका एक अग्रणी बाजार क्यों बन गया है।

टेक्सास के फ्रिस्को स्थित प्लग एंड प्ले टेक सेंटर में स्पोर्ट्सटेक वर्टिकल के निदेशक डेविड स्टील के अनुसार, अमेरिका की बढ़त उन संबंधों में निहित है जो उसने टीमों, स्टार्ट-अप, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, निवेशकों और वैश्विक ब्रांडों के बीच स्थापित किए हैं। ये संबंध नए आइडिया को परीक्षण और पायलट कार्यक्रमों से आगे बढ़ाकर व्यावसायिक उत्पादों और व्यवसायों में बदलने में मदद करते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के स्पीकर प्रोग्राम के अंतर्गत, स्टील ने हाल ही में दिल्ली, चंडीगढ़ और मुंबई का दौरा किया, जहां उन्होंने चर्चा की कि खेल-प्रौद्योगिकी तंत्र किस प्रकार नवप्रवर्तन, निवेश और विकास के अवसर पैदा करता है। उनका संदेश था कि अमेरिकी मॉडल की शक्ति किसी एक प्रौद्योगिकी में नहीं, बल्कि उसके विशाल बाजार और उन साझेदारियों में निहित है जो नवप्रवर्तनों को उपयोगकर्ताओं तक पहुंचाने में मदद करती हैं।

स्टील के लिए अमेरिकी खेल-प्रौद्योगिकी तंत्र की सबसे बड़ी ताकतों में से एक उसका विशाल बाजार है। वह कहते हैं, जब आप पूरे अमेरिकी बाजार को देखते हैं, तो उसका आकार और दायरा अत्यंत विशाल है। जब आप युवा खेलों, जिन्हें हम जमीनी स्तर के खेल मानते हैं और जिनमें तीन से चार करोड़ बच्चे शामिल हैं, से लेकर हमारे पेशेवर और उच्चस्तरीय नामी खिलाड़ियों तक देखते हैं, तो यह एक अत्यंत व्यापक परिदृश्य है।

यह व्यापकता कंपनियों को खेलों में भागीदारी और प्रतिस्पर्धा के विभिन्न स्तरों के खिलाड़ियों के लिए उत्पाद विकसित करने के अवसर प्रदान करती है। कुछ कंपनियां नामी खिलाड़ियों से शुरुआत करती हैं और बाद में अपनी प्रौद्योगिकियों को व्यापक बाज़ारों के लिए अनुकूलित करती हैं। अन्य कंपनियां जमीनी स्तर से शुरुआत कर धीरे-धीरे ऊपर की ओर विस्तार करती हैं। इसका परिणाम एक ऐसा विशाल परीक्षण वातावरण है, जहां विभिन्न खेलों और प्रतिस्पर्धा के स्तरों पर प्रौद्योगिकियों को परिष्कृत किया जा सकता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी प्रौद्योगिकियां खेल संगठनों को इस पैमाने का लाभ उठाने में मदद कर रही हैं। टीमें, कोच और खेल संचालन निकाय प्रतिभा की पहचान करने, प्रदर्शन का विश्लेषण करने और खिलाड़ियों के विकास में सहायता के लिए एआई-सक्षम प्रणालियों का बढ़ते हुए उपयोग कर रहे हैं। स्टील अमेरिकी सॉकर जैसे संगठनों के प्रयासों का भी उल्लेख करते हैं, जो मैदान पर लगाए गए कैमरों और अभ्यास, मैचों तथा मैच के बाद किए गए प्रदर्शन विश्लेषण से प्राप्त आंकड़ों के माध्यम से खिलाड़ियों की प्रतिभा की शुरुआती पहचान और विकास पर काम कर रहे हैं। ये प्रणालियां संगठनों को पारंपरिक स्काउटिंग तरीकों की तुलना में कहीं अधिक बड़े पैमाने पर खिलाड़ियों का मूल्यांकन करने की अनुमति देती हैं।



*वह कहते हैं, अभी जो सबसे बड़े रुझान मैं देख रहा हूं, वे एआई जनरेशन से जुड़े हैं और ऐसी हर चीज से जुड़े हैं जो प्रशंसकों की भागीदारी या खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाती है। भारत में स्टील इन अवसरों को देश के विशाल और अत्यंत सक्रिय खेल दर्शक वर्ग से जुड़ा हुआ देखते हैं। वह क्रिकेट को भारत में खेल नवप्रवर्तन के लिए एक विशेष रूप से महत्वपूर्ण अवसर मानते हैं क्योंकि इसका पैमाना, दर्शकों की भागीदारी और व्यावसायिक पहुंच अत्यंत व्यापक है। एथलीट स्वास्थ्य एक और क्षेत्र है जिसमें बड़ी संभावनाएं मौजूद हैं, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां अत्यधिक गर्मी पड़ती है। गर्मी से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने वाली प्रौद्योगिकियां और उपकरण-जिनमें आहार संबंधी उत्पाद, पहनने योग्य उपकरण, शीतलन सामग्री और गर्मी से होने वाली बीमारियों की निगरानी प्रणालियां शामिल हैं—ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें स्टील को महत्वपूर्ण वृद्धि की संभावना दिखाई देती है। स्टील का मानना है कि सबसे बड़े अवसर नवप्रवर्तकों और उन संगठनों के बीच मजबूत संबंध बनाने से आएंगे जो उन्हें विस्तार करने में मदद कर सकते हैं। अमेरिकी खेल-प्रौद्योगिकी तंत्र से मिलने वाला सबक केवल नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के बारे में नहीं है। यह ऐसे नेटवर्क बनाने के बारे में है जो नवप्रवर्तकों को टीमों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, ब्रांडों और निवेशकों से जोड़ते हैं। यही साझेदारियां आइडिया को पायलट परियोजनाओं से व्यापक स्वीकृति तक पहुंचाने में मदद करती हैं और नवप्रवर्तन को व्यावसायिक अवसरों में बदल देती हैं।*

स्टील का कहना है कि साझेदारियां ही प्रौद्योगिकियों को बाजार तक पहुंचाने में मदद करती हैं। प्लग एंड प्ले में यह प्रक्रिया टीमों, ब्रांडों और अन्य संगठनों के सामने मौजूद चुनौतियों की पहचान से शुरू होती है। दुनिया भर में फैले अपने 70 कार्यालयों के नेटवर्क का उपयोग करते हुए प्लग एंड प्ले संगठनों को उन स्टार्ट-अप से जोड़ता है जो प्रासंगिक समाधान विकसित कर रहे हैं।

स्टील बताते हैं कि इस प्रक्रिया में विशिष्ट चुनौतियों की पहचान करना, एक संरचित समीक्षा प्रक्रिया के माध्यम से संभावित समाधानों का मूल्यांकन करना और चयनित कंपनियों को पायलट परियोजनाओं के लिए संगठनों से जोड़ना शामिल है। सफल पायलट परियोजनाएं प्रौद्योगिकियों की उपयोगिता को प्रमाणित कर सकती हैं, जिससे व्यावसायीकरण, निवेश और व्यापक बाजार स्वीकृति के द्वार खुलते हैं। खेल संगठनों के लिए निवेश आकर्षित करने वाली अनेक प्रौद्योगिकियां खिलाड़ी स्वास्थ्य, प्रदर्शन और रिकवरी पर केंद्रित हैं। इनमें खेल मैदान की सतहों, सुरक्षात्मक उपकरणों, हाइड्रेशन प्रणालियों, पहनने योग्य निगरानी उपकरणों और प्रशिक्षण तथा प्रतिस्पर्धा के दौरान प्रदर्शन को ट्रैक करने वाले उपकरणों से जुड़े नवप्रवर्तन शामिल हैं। गेटोरेड स्पोर्ट्स साइंस और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं जैसे संगठनों के साथ साझेदारियां भी कंपनियों को नई प्रौद्योगिकियों के विकास और सत्यापन में मदद करती हैं।

स्टील बताते हैं, गेटोरेड स्पोर्ट्स साइंस जैसे ब्रांडों के साथ काम करके हम समझते हैं कि खिलाड़ियों के लिए हाइड्रेशन और रिकवरी कितनी महत्वपूर्ण है। वहीं टेक्सास की बेयलर स्कॉट एंड व्हाइट हेल्थ जैसी स्वास्थ्य प्रणालियों के साथ काम करके हम यह समझ सकते हैं कि यदि कोई चोट लगती है तो मैदान में वापसी की प्रक्रिया क्या होगी और कौन-सी स्टार्ट-अप प्रौद्योगिकियां तेज समयसीमा में सफल वापसी की संभावना बढ़ाने में मदद कर सकती हैं। उभरती कंपनियों के लिए पुष्टि करना उतना ही महत्वपूर्ण हो सकता है जितना नवप्रवर्तन। स्टील बताते हैं कि प्रमुख खेल संगठनों और वैश्विक ब्रांडों के साथ साझेदारियां यह प्रदर्शित करने में मदद करती हैं कि प्रौद्योगिकियां वास्तविक और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी प्रभावी ढंग से काम कर सकती हैं।

यह विश्वसनीयता प्रौद्योगिकी को अपनाने की गति बढ़ा सकती है, निवेश आकर्षित कर सकती है और कंपनियों को केवल जमीनी स्तर की वृद्धि की तुलना में कहीं अधिक तेजी से विस्तार करने में मदद कर सकती है। वह कहते हैं, एक बार जब आप फॉर्च्यून 1000 या फॉर्च्यून 500 कंपनियों की उस बाधा को पार कर लेते हैं, तो किसी स्टार्ट-अप प्रौद्योगिकी की विस्तार क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्टील का मानना है कि वही कारक जिसने अमेरिकी खेल-प्रौद्योगिकी बाजार को आगे बढ़ाया है, वही पैमाना भारत के लिए भी महत्वपूर्ण अवसर पैदा करता है। अमेरिका की तरह भारत भी नई प्रौद्योगिकियों के लिए एक विशाल संभावित उपयोगकर्ता आधार प्रदान करता है, जिससे कंपनियों को खेल के विभिन्न स्तरों पर समाधानों का परीक्षण, परिष्करण और विस्तार करने के अवसर मिलते हैं।

वह कहते हैं, अभी जो सबसे बड़े रुझान मैं देख रहा हूं, वे एआई जनरेशन से जुड़े हैं और ऐसी हर चीज से जुड़े हैं जो प्रशंसकों की भागीदारी या खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाती है। भारत में स्टील इन अवसरों को देश के विशाल और अत्यंत सक्रिय खेल दर्शक वर्ग से जुड़ा हुआ देखते हैं। वह क्रिकेट को भारत में खेल नवप्रवर्तन के लिए एक विशेष रूप से महत्वपूर्ण अवसर मानते हैं क्योंकि इसका पैमाना, दर्शकों की भागीदारी और व्यावसायिक पहुंच अत्यंत व्यापक है। एथलीट स्वास्थ्य एक और क्षेत्र है जिसमें बड़ी संभावनाएं मौजूद हैं, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां अत्यधिक गर्मी पड़ती है। गर्मी से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने वाली प्रौद्योगिकियां और उपकरण-जिनमें आहार संबंधी उत्पाद, पहनने योग्य उपकरण, शीतलन सामग्री और गर्मी से होने वाली बीमारियों की निगरानी प्रणालियां शामिल हैं—ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें स्टील को महत्वपूर्ण वृद्धि की संभावना दिखाई देती है।

स्टील का मानना है कि सबसे बड़े अवसर नवप्रवर्तकों और उन संगठनों के बीच मजबूत संबंध बनाने से आएंगे जो उन्हें विस्तार करने में मदद कर सकते हैं। अमेरिकी खेल-प्रौद्योगिकी तंत्र से मिलने वाला सबक केवल नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के बारे में नहीं है। यह ऐसे नेटवर्क बनाने के बारे में है जो नवप्रवर्तकों को टीमों, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, ब्रांडों और निवेशकों से जोड़ते हैं। यही साझेदारियां आइडिया को पायलट परियोजनाओं से व्यापक स्वीकृति तक पहुंचाने में मदद करती हैं और नवप्रवर्तन को व्यावसायिक अवसरों में बदल देती हैं।

विचार

# क्या प्रतिभा का सही आकलन कर पाती हैं नीट जैसी परीक्षाएं?

*डॉ. अरुण मित्रा*

लखनऊ के एक कोचिंग सेंटर में लगी आग में कई विद्यार्थियों की दुखद मृत्यु हो गई और कई घायल हो गए। नीट पेपर लीक के बाद भी देश के कई हिस्सों से लगातार विद्यार्थियों की आत्महत्याओं की खबरें सामने आई हैं। देश के बड़े कोचिंग सेंटर कोटा से भी वर्ष दर वर्ष विद्यार्थियों की आत्महत्याओं की घटनाएं हो रही हैं। ये अत्यंत दुखद और चिंताजनक घटनाएं हैं, जिन पर समाज और सरकारों- दोनों को गंभीरता से विचार करना चाहिए। इसके साथ ही पिछले कई वर्षों में हम यह भी देख रहे हैं कि विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले ही लीक हो जाते हैं। ऐसे पेपर लीक अक्सर धनबल और मिलीभगत के जरिए संभव होते हैं। जब भी ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, विद्यार्थियों को दोबारा परीक्षा देनी पड़ती है, जिससे उनके भीतर अनिश्चितता और तनाव बढ़ जाता है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार पिछले दस वर्षों में लगभग 90 परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हो चुके हैं।

विद्यार्थी कड़ी मेहनत करते हैं और उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश पाने की उम्मीद से परीक्षाओं में बैठते हैं। इस पूरी प्रक्रिया में परिवार भी बराबर का भागीदार होता है, क्योंकि माता-पिता भी चाहते हैं कि उनके बच्चे बेहतर उच्च शिक्षा प्राप्त करें। अनेक विद्यार्थी एक ही परीक्षा तीन-चार बार तक देते हैं, इस उम्मीद में कि किसी प्रयास में बेहतर अंक प्राप्त कर उनके मनचाहे संस्थान में प्रवेश मिल जाएगा। जब प्रश्नपत्र लीक होते हैं तो विद्यार्थियों में गुस्सा, निराशा और असहायता की भावना पैदा होती है। यह समझना कठिन नहीं है कि किसी विद्यार्थी के एक परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने की कोई गारंटी नहीं होती कि वह दोबारा परीक्षा में भी वैसा ही प्रदर्शन कर सकेगा। कम उम्र में कई विद्यार्थी इस मानसिक दबाव को सहन नहीं कर पाते और कुछ आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं, जिससे परिवार और समाज दोनों को गहरा आघात पहुंचता है। वर्तमान में कई स्कूलों में दसवीं कक्षा के बाद की पढ़ाई लगभग औपचारिकता बनकर रह गई है। विद्यार्थियों को कोचिंग संस्थानों में भेज दिया जाता है, जहां उन्हें केवल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। कई मामलों में स्कूल स्वयं विद्यार्थियों को कोचिंग में जाने के लिए प्रेरित करते हैं और अपनी शैक्षणिक जिम्मेदारियों से लगभग हाथ खींच लेते हैं। कुछ स्कूल तो विद्यार्थियों की उपस्थिति भी औपचारिक रूप से दर्ज कर देते हैं।

स्कूली शिक्षा में शिक्षकों के साथ संवाद, चर्चा और विद्यार्थियों के बौद्धिक दायरे का विस्तार शामिल होता है, जो उनके समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके विपरीत कोचिंग संस्थानों का मुख्य उद्देश्य प्रवेश परीक्षा के प्रश्न हल कराना और याद रखने की तकनीक सिखाना होता है। विद्यार्थियों को यह विश्वास दिलाया जाता है कि जीवन का एकमात्र लक्ष्य किसी भी तरह प्रवेश प्राप्त करना है, जबकि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य अच्छे नागरिक, ज्ञानवान व्यक्ति, व्यापक दृष्टिकोण वाले विचारक और सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशील इंसान तैयार करना है। कोचिंग संस्थानों पर भारी खर्च आता है, जिसे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग वहन नहीं कर पाता। परिणामस्वरूप उनके बच्चे प्रतिस्पर्धा में पीछे छूट जाते हैं। यह भी अक्सर सुनने में आता है कि कई कोचिंग संस्थान स्वयं ऐसे विद्यार्थियों का चयन करते हैं जिनसे बेहतर परिणाम की उम्मीद होती है और फिर उन्हें विशेष सुविधा प्रदान करते हैं। इससे कम उम्र में ही भेदभाव की भावना विकसित होने लगती है। मौजूदा परीक्षा प्रणाली विद्यार्थियों की वास्तविक प्रतिभा का सही आकलन नहीं कर सकती। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि विद्यार्थियों के मूल्यांकन की अधिक न्यायसंगत व्यवस्था क्या हो सकती है? पहले पेशेवर महाविद्यालयों में प्रवेश मुख्यतः बारहवीं कक्षा के अंकों के आधार पर होता था। लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। अंकों पर भी सिफारिशों और अन्य दबावों का प्रभाव पड़ता है। यहां तक कि प्रायोगिक परीक्षाएं भी ऐसे प्रभावों से पूरी तरह मुक्त नहीं हैं। नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद से शिक्षा व्यवस्था में संपन्न वर्गों के हितों को अधिक महत्व दिए जाने और असमानताओं को बढ़ावा मिलने की आशंकाएं भी लगातार व्यक्त की जाती रही हैं। इसलिए इस विषय पर शिक्षा विशेषज्ञों से व्यापक परामर्श लेना चाहिए कि विद्यार्थियों के मूल्यांकन का सबसे उपयुक्त तरीका क्या हो सकता है। जहां तक नीट के प्रश्नपत्र लीक होने का सवाल है, परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों की जिम्मेदारी है कि वे परीक्षा की पूर्ण सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करें। 21 जून को परीक्षा केंद्रों पर अर्धसैनिक बलों और पुलिस की भारी तैनाती ने विद्यार्थियों पर अनावश्यक दबाव पैदा किया।




छात्राओं के जूड़े तक खुलवाकर तलाशी ली गई, मानो पहले हुए प्रश्नपत्र लीक इसी माध्यम से हुए हों। इस प्रकार की कार्रवाई युवा छात्राओं की गरिमा को ठेस पहुंचाती है। बड़ी संख्या में परीक्षा केंद्र अंतिम समय में बदल दिए गए, जिससे अनेक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल ही नहीं हो सके। ऐसी घटनाएं मानवीय मूल्यों की उपेक्षा को दर्शाती हैं।

प्रश्नपत्रों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने के लिए भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना की सहायता ली गई। यह सरकार की कमजोरी को दर्शाता है। सशस्त्र बलों का दायित्व देश की सीमाओं की रक्षा करना है, परीक्षा प्रश्नपत्रों का वितरण करना नहीं। इसी संदर्भ में युवाओं और विद्यार्थियों ने कॉकरोच जनता पार्टी के बैनर तले अपनी आवाज बुलंद की। एआईएसएफ, एनएसयूआई और अन्य छात्र संगठनों के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किए। लेकिन देश के प्रधानमंत्री ने इस पूरे मुद्दे पर एक शब्द तक नहीं कहा। इसके विपरीत, जब विद्यार्थी परेशान थे और कुछ आत्महत्या तक कर चुके थे, उस समय प्रधानमंत्री 21 जून को योग करते हुए तस्वीरें खिंचवाने और विश्वभर में योग के प्रचार-प्रसार में व्यस्त दिखाई दिए। विद्यार्थियों की पीड़ा के प्रति यह रवैया असंवेदनशीलता का परिचायक प्रतीत होता है।

साहित्य



### वक्त और रिश्ते...!

**संजय एम तराणेकर**

सुबह की नरम धूप जब आँगन में उतरती है,
चिड़ियों की चहचहाहट मन को छूकर गुजरती है।
एक प्याली चाय के साथ ख्याल यह आता है,
ज़िंदगी को हर पल क्यों? गंभीर बनाया जाता है।

यहाँ हर एक चेहरे पर मुस्कान सजी होती है,
वहाँ पर हर मुस्कान में सच्चाई मन में ही रोती है।
कुछ लोग मिल लेते हैं बस पथरीली राहों में,
पर उनके इरादों की गहराई नहीं होती निगाहों में।

हर किसी को दिल से लगाना ज़रूरी तो नहीं,
यहाँ हर बात को दिल पे लेना भी ज़रूरी तो नहीं।
कुछ रिश्ते वक्त के साथ चलने के लिए होते हैं,
हर एक रिश्ते उम्रभर निभाने के लिए नहीं होते हैं।





## राशिफल

**मेषः**- निकटस्थ सम्बन्धों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति के आसार हैं। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**वृषभः**- अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी।

**मिथुनः**- संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कार्य द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीतिज्ञों के लिए ग्रहों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्कः**- बीती हुई बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में कुछ अच्छे अवसर बनेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा।

**सिंहः**- नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट होने की संभावना। संभल कर कार्य करें।

**कन्याः**- किसी नए कार्य में आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केन्द्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे।

**तुलाः**- महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में अत्यधिक व्यय के योग हैं। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में कोई सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी।

**वृश्चिकः**- परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव्र।

**धनुः**- मन सुन्दर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नए सम्बन्ध के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में सन्तुष्ट व तृप्त होने का प्रयत्न करें। अनावश्यक सपनों के झांसे में न आएं।

**मकरः**- विभागीय परिवर्तन से थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अन्दर धैर्य व वाणी में मधुरता लाएं। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। सफलता के आसार हैं।

**कुंभः**- राजनीतिक क्षेत्र के व्यक्तियों के लिए अनुकूल समय। अच्छे कार्य के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**मीनः**- भावनात्मक समस्याओं पर सम्बन्धों में खुल कर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। महत्वपूर्ण कार्य को कल पर न टालें।

# कौन है भारत का नागरिक

भारत का नागरिक कौन हो सकता है, क्या जिन लोगों के पास आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड और इन सबके साथ-साथ पासपोर्ट भी है, उन्हें भी भारत का नागरिक माना जाए या नहीं, यह एक गंभीर सवाल विदेश मंत्रालय के एक बयान के बाद उठ रहा है। दरअसल बुधवार को विदेश मंत्रालय ने 14वें पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर देश में पासपोर्ट सेवाओं के विस्तार और उपलब्धियों की जानकारी साझा की। इसी दौरान मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि पासपोर्ट अंतरराष्ट्रीय यात्रा को सुगम बनाने के लिए जारी किया जाने वाला सरकारी दस्तावेज है, लेकिन यह अपने आप में नागरिकता का ठोस प्रमाण नहीं है। इसके बाद सवाल उठने लगे कि आखिर मोदी सरकार अब कोई नयी खिचड़ी पका रही है। क्योंकि कुछ समय पहले एसआईआर पर जब सुनवाई हो रही थी तो आधार कार्ड को नागरिकता का सबूत नहीं माना गया। जबकि आधार बनवाना हो या पासपोर्ट, इन सबके लिए कई घर के पते से लेकर बिजली या टेलिफोन बिल और मैट्रिक के प्रमाणपत्र तक कई तरह के दस्तावेज मांगे जाते हैं, पुलिस जांच की प्रक्रिया होती है, ताकि संदिग्ध व्यक्ति के हाथ में ऐसे महत्वपूर्ण पहचान पत्र न चले जाएं। जब हर तरफसे जांच पूरी होती है, तभी आधार और पासपोर्ट जैसे दस्तावेज जारी होते हैं। लेकिन विदेश मंत्रालय के बयान के बाद सवाल पूछा जाने लगा है कि पैन कार्ड केवल आय से जुड़े कामों के लिए हैं, पासपोर्ट सफर के लिए, मतदाता कार्ड वोट डालने और आधार बैंक खाता खोलने आदि के लिए है, तो फिर नागरिकता और किस तरह से साबित की जा सकती है। बता दें कि भारतीय नागरिकता कानून के अनुसार 26 जनवरी 1950 से 1 जुलाई 1987 के बीच भारत में जन्म लेने वाला व्यक्ति जन्म से भारतीय नागरिक माना जाता है। इस दौरान माता-पिता की राष्ट्रीयता कोई मायने नहीं रखती थी। यानी माता-पिता विदेशी भी हों, तो भी बच्चा भारत में जन्म लेने पर भारतीय नागरिक होता था। लेकिन 1 जुलाई 1987 के बाद जन्मे व्यक्ति को नागरिकता तभी मिलेगी जब उसके माता-पिता में से कम से कम एक भारतीय नागरिक हो। 3 दिसंबर 2004 के बाद जन्मे व्यक्ति को तभी नागरिक माना जाएगा जब दोनों माता-पिता भारतीय हों या एक भारतीय नागरिक हो और दूसरा अवैध प्रवासी न हो। अब विदेश मंत्रालय के एक अविचारित बयान के कारण अनावश्यक विवाद खड़ा हो गया है। पासपोर्ट एक्ट के तहत पासपोर्ट जारी किया जाता है, और नागरिकता एक्ट, 1955 के तहत नागरिकता तय होती है। पासपोर्ट कानून दस्तावेज की पुष्टि करता हैय नागरिकता कानून नागरिक की कानूनी स्थिति को। इसमें कोई कानूनी विवाद अब तक खड़ा नहीं हुआ है। ध्यान दें कि पासपोर्ट पर पब्लिक ऑफ इंडिया लिखा होता है, यानी यह भारतीय गणराज्य का दस्तावेज है, इसे रखने वाले की पहचान इस पर लिखी होती है। विदेश यात्रा के लिए इसकी अनिवार्यता है, क्योंकि इसी पर दूसरे देश की सरकारें प्रवेश की अनुमति यानी वीजा चस्पां करती हैं, क्योंकि उन्हें यकीन है कि भारत सरकार ने इसे जारी करने से पहले धारक की नागरिकता की पुष्टि कर ली है। सरकारी अधिकारियों, सांसदों आदि के लिए सरकारी पासपोर्ट बनता है और जब वे आम व्यक्ति की श्रेणी में आते हैं, तो उनके पासपोर्ट का दर्जा भी बदल जाता है। भारतीय नागरिक भारत के साथ किसी अन्य देश का पासपोर्ट नहीं रख सकते हैं, याद कीजिए असम के मुख्यमंत्री हिमंताबिस्वा सरमा की पत्नी पर पवन खेड़ा ने तीन पासपोर्ट रखने के ही आरोप लगाए थे। ऐसे में यह सवाल जायज है कि अगर पासपोर्ट नागरिकता का सबूत नहीं है, तो फिर क्या है? कानूनी तौर पर पासपोर्ट से नागरिकता नहीं मिलती। और न ही यह वह कानूनी दस्तावेज है जो अदालत में नागरिकता पर सवाल उठने पर उसे तय करता है। धोखाधड़ी, माता-पिता के बारे में विवाद या गैर-कानूनी तरीके से नागरिकता हासिल करने जैसे दुर्लभ मामलों में, नागरिकता को नागरिकता अधिनियम के प्रावधानों और सहायक सबूतों के जरिए साबित करना पड़ सकता है। इसीलिए कानून की नजर में पासपोर्ट को हर स्थिति में पक्का सबूत नहीं माना जाता। मगर फिर भी यह तो तय है कि भारत का पासपोर्ट भारतीय नागरिक को ही जारी हो सकता है, किसी और को नहीं, इसलिए इसका व्यावहारिक महत्व अनदेखा नहीं किया जा सकता। भारत 1947 में आजाद हुआ और 1950 में संविधान लागू हुआ तो इसे गणतंत्र का दर्जा मिला और उसके बाद नागरिकों के पंजीकरण का काम धीरे-धीरे अलग-अलग तरीकों से शुरु हुआ। ऐसे में इस तथ्य को नजरंदाज नहीं किया जा सकता कि लाखों बुजुर्ग भारतीयों का जन्म तब हुआ था जब जन्म प्रमाणपत्र या जन्म के पंजीकरण जैसे काम नहीं होते थे। स्कूली प्रमाणपत्र, जमीन के रिकॉर्ड और वोटर लिस्ट में नाम अलग-अलग तरह से दर्ज थे। असम में हुई एनआरसी में देश ने देखा है कि जब नागरिकता ही कानूनी जांच का विषय बन जाती है, तो कागजात में कमियां कितनी बड़ी मुश्किल खड़ी कर सकती हैं। इसके शिकार अक्सर गरीब, महिलाएं और मुस्लिम अल्पसंख्यक बनते हैं। अभी एसआईआर में भी यही तबका सबसे ज्यादा प्रताड़ित हुआ। इसलिए पासपोर्ट या आधार आदि पर बयान देने से बेहतर यह है कि सरकार सुविधाजनक, मजबूत और व्यापक नागरिक पंजीकरण की व्यवस्था बनाए, ताकि हाड़-मांस के इंसानों पर यह तलवार न लटके कि वे कभी भी अपनी ही जमीन से गैर नागरिक कहकर हटाए जा सकते हैं। सरकार को इसमें भारतीय उपमहाद्वीप के हालिया इतिहास की त्रासदियों को भी संवेदनशीलता के साथ ध्यान में रखना चाहिए, जिसमें दो-दो बार हुए बंटवारे ने लाखों जिंदगियों के अस्तित्व पर सवाल खड़े कर दिए। सरकार बेशक नागरिकता और पासपोर्ट दोनों कानूनों को कमजोर न करे, लेकिन देश के सबसे अहम दस्तावेजों में से एक पर लोगों का भरोसा भी कम नहीं होना चाहिए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### गौरहारी मे अवैध असलहा से फायरिंग करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद



**महोबा।** थाना चरखारी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गौरहारी में अभियुक्तगण रामगोपाल व राहुल निवासी ग्राम गौरहारी थाना चरखारी जनपद महोबा द्वारा वादी शीलेन्द्र कुमार के चाचा फूल सिंह पुत्र गोपीचरन को रास्ते में रोककर रास्ते से निकलने को लेकर गाली-गलौज की गयी तथा मना करने पर जान से मारने की नियत से अवैध असलहे से फायर कर दिया गया। इस घटना का पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा तत्काल संज्ञान पंजीकृत किये जाने व घटना में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे। निर्देशों के क्रम में थाना चरखारी पर मु.अस. 136/2026 धारा 109(1)/126(2)/352 बीएनएस बनाम 2 नफर अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र प्रताप के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित 1 नफर वांछित अभियुक्त रामगोपाल राजपूत को राठ रोड स्थित बड़ी नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से अवैध असलहा बरामद होने पर मुकदमे में धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट व 3(5) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

### खाद की किल्लत को लेकर 29 जून को होगा धरना



**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन/महात्मा टिकैत के प्रदेश महासचिव/प्रदेश प्रभारी रामदत्त मिश्र ने बताया कि हरिद्वार चिंतन शिविर से वापस आने के बाद मालूम हुआ कि फतेहपुर के किसान, यूरिया डीएपी को लेकर परेशान है। किसान एक एक बोरी खाद के लिए मारा-मारा घूम रहा है, जबकि इस समय धान की रोपाई शुरू हो गई है। फुटकर विक्रेताओं का यह आलम है कि 600/रुपए प्रति बोरी यूरिया 2000/से 2200/रुपए तक की डीएपी खरीदने पर मजबूर है। फिर भी किसानों को अपने खेतों के लिए पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही। इन विषम परिस्थितियों में किसान क्या करें, इसका समाधान जिला प्रशासन, जिला कृषि अधिकारी, ए आर 28 जून तक हल निकाल लें। अन्यथा कि स्थिति में किसान आंदोलन को बाध्य होगा, सरकार द्वारा व अधिकारियों द्वारा जनपद के किसानों को यही संदेश दिया जाता है कि खाद पर्याप्त है किसान परेशान न हों। किन्तु धरातल पर ऐसा कुछ भी नहीं देखने को नहीं मिल रहा। किसान बेहद परेशान हैं। अशोथर, हंसवा, भिटौरा, बहुआ, हथगाम, ऐरांया एवं बिंदकी के तमाम किसानों ने मुझे बताया कि खाद के बिना हम लोगो की फसलें नहीं हो सकती। बाजार में इतनी मंहगाई है। हम लोग कैसे फसल तैयार करेंगे, कैसे कर्जा देंगे। जिलाधिकारी से आग्रह है कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा फुटकर विक्रेताओं का स्टाक रजिस्टर चेक कर उचित मूल्य पर खाद पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। तथा समितियों व अन्य सहकारी संस्था से खाद पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। अन्यथा महात्मा टिकैत संगठन 29 जून से शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन-आंदोलन करने को बाध्य होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभागीय अधिकारियों की होगी।

### मोहर्रम के दसवें दिन कर्बला में ताजिया दफनाए गए



**कालपी (जालौन)।** एडिशनल एसपी ईशान सोनी क्षेत्राधिकारी राजेश कमल प्रभारी निरीक्षक कालपी अजय ब्रह्म तिवारी ने मोहर्रम के अवसर पर नगर में पैदल मार्च कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया। मोहर्रम के पर्व पर शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। मोहर्रम के अवसर पर कर्बला में इस्लामी भाइयों ने मातम मनाकर मोहर्रम को शांति पूर्ण ढंग से मनाया। मुस्लिम भाइयों ने 9 दिन तक मातम मना कर दसवे दिन ताजियों को दफनाया तथा कर्बला में मोहम्मद साहब की याद में मेला लगाया गया। इस मौके पर शांत व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व प्रशासन सक्रिय रहा अपर पुलिस अधीक्षक ईसान सोनी पुलिस क्षेत्र अधिकारी कालपी राजेश कमल एवं प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने भारी पुलिस फोर्स के साथ पैदल ग्रस्त कर शांति व्यवस्था को परखा।

# जनशिकायतों के निस्तारण एवं विकास कार्यों में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाईः डीएम

- जिलाधिकारी ने पूर्व में जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर 3 दर्जन अधिकारियों के वेतन पर लगाई थी रोक

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी द्वारा आईजी आरएस/ जनता दर्शन के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतो के निस्तारण एवं सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों की प्रगति की जनपद स्तरीय अधिकारियो के साथ पुनः समीक्षा की गई!



जनशिकायतों के निस्तारण में पूर्व में भी बड़ी कार्यवाही करते हुए जिलाधिकारी द्वारा 3 दर्जन से ज्यादा अधिकारियों की वेतन पर रोक लगाई गई थी। जिलाधिकारी ग़ज़ल भारद्वाज द्वारा जन शिकायतों के निस्तारण में प्राप्त असंतुष्ट फीडबैक पर अधिकारीवार समीक्षा कर अधिक असंतुष्ट फीडबैक वाले अधिकारियों को कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार करने तथा नियमानुसार स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर ही शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण के कड़े निर्देश दिए गए। साथ ही सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा कर सी , डी व ई श्रेणी प्राप्त करने वाले अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी गई। उन्हें अपनी कार्यप्रणाली में आवश्यक सुधार कर अगली रैंकिंग में ए एवं बी श्रेणी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# अपने मायके में विवाहित बेटी ने लगाई फांसी

- कस्बा खरेला के मानिक मुहल्ले का बताया जा रहा है मामला

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा खरेला के मुहाल मानिक मुहल्ले में एक विवाहिता ने अपने पिता के घर पर रात्रि में कतिपय कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी किए जाने का मामला सामने आया है। विवाहित बेटी की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बता दें कि नगर निवासी प्रीतम ने बताया कि उसने बेटी राजकुमारी की शादी 25 अप्रैल 2024 को पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश जिला छतरपुर अंतर्गत राजनगर तहसील के इमलिया गांव निवासी राजेश प्रताप सिंह के साथ हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार की थी। शादी में परिजनों ने दान दहेज और नगदी थी। शादी के कुछ समय बाद से राजकुमारी अपने मायका में पिता के यहां रह रही थी। बुधवार रात्रि में वह कमरे में दो रही थी। गुरुवार को उसका शव फांसी के फंदे पर लटका देखा तो परिजनों के पैर के नीचे से जमीन खिसक गई और चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे ने लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी निरीक्षक नन्हे लाल यादव का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने और तहरीर प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं।

## छत्रपति शाहूजी महाराज की मनाई जयंती



**फतेहपुर।** पटेल सेवा संस्थान के तत्वाधान में छत्रपति शाहूजी महाराज की प्रतिमा पर उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस दौरान राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में शोभा यात्रा निकाली गई। जिसका समापन बुलेट चौराहा स्थित छत्रपति शाहू जी महाराज की प्रतिमा के समक्ष किया गया। इस अवसर पर आईसक्रीम वितरण कार्यक्रम सम्राट आइसक्रीम के डायरेक्टर फूल सिंह मौर्य के नेतृत्व में किया गया। वहीं पूर्व सांसद डॉक्टर अशोक पटेल के नेतृत्व में लड्डू वितरित किया गया। इस अवसर पर केपी सिंह, धर्मेंद्र उत्तम, अवनीश सिंह, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, राजन, अनुज सचान, डॉ रामकेश, सचिन, शैलेंद्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र यादव अभिषेक उत्तम, सुनील उमराव, राजीव उमराव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# तहसील प्रशासन को चेकिंग में मानकविहीन मिले लाइब्रेरी व विवाह घर, नोटिस किए जारी

- उपजिलाधिकारी एवं सीओ ने चलाया नगर क्षेत्र में चेकिंग अभियान, कार्य बन्द कर 7 दिन के अन्दर मानक पूर्ण करने के दिए निर्देश

**कुलपहाड़ /महोबा, समृद्धि न्यूज।**



बीते दिनों लखनऊ के कोचिंग सेंटर/लाइब्रेरी में हृदय विदारक आगजनी की घटना से अब तहसील प्रशासन भी हरकत में आया है। उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुरूद्ध कुमार के साथ फायर ब्रिगेड के पुलिस कर्मियों ने संयुक्त रूप से नगर के लाईब्रेरी, विवाह घर, रेस्टोरेंट आदि स्थानों में छापेमारी कर चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें किसी भी विवाह घर, लाइब्रेरी, रेस्टोरेंट में अग्निशमन यंत्र की एनओसी रजिस्ट्रेशन आदि कोई भी मानक पूर्ण नहीं पाए गए। उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर के चार विवाह घर एवं तीन लाइब्रेरी व एक रेस्टोरेंट को 7 दिन के अंदर सभी मानक पूर्ण करने के लिए नोटिस दिया जा रहा है। तब तक के लिए कार्य बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा इसी तरह आगे भी जांच की जाएगी। यदि दोबारा जांच के दौरान कोई भी विवाह घर, लाइब्रेरी, रेस्टोरेंट मानक के विपरीत चलते हुए पाए गए, तो उनको सीज की कार्यवाही की जाएगी। अग्निशमन केंद्र के जिला को फायर सर्विस की एन ओ सी न होने पर नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

## फिजूलखर्ची को रोकने में सामूहिक विवाहों की अहम भूमिकाः मूलचंद्र

**तीन नवयुगल जोड़ों ने सातों जन्म साथ देने कसमें खाकर लिए फेरे**



**माधौगढ़ (जालौन)।** सामूहिक विवाहों की अहम भूमिका है ऐसे आयोजन समाज को मुख्य धारा से जोड़ने का काम करते हैं तो वहीं दहेज जैसे दानव को हटाने में अग्रणी है। यह बात क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने आनंद विकास समिति के तत्वावधान में सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में कहीं। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाहों को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काम कर रहे हैं उन्होंने भी बेटियों के विवाह का जिम्मा लिया है। अतिविशिष्ट अतिथि शीतल सिंह सेंगर समाजसेवी ने कहा कि समाज को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए विसंगतियों से दूर हटकर नई सोच को स्वीकारें वहीं सर्व समाज के हित में सभी लोग खड़े हो उन्होंने कहा कि समाज को कुरीतियों से दूर हटाकर मुख्य धारा में जोड़ने की जरूरत है वहीं सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे आयोजन फिजूलखर्ची ही नहीं दहेज जैसे कुरुति को मिटाने का काम करता है। सत्यम सिंह राजावत, धीरज द्विवेदी, अजीत बजाज ने कहा कि समाज को तरक्की के मार्ग पर लाने के शैक्षिक व्यवस्था ठीक कराने पर गौर करने की जरूरत है। अरविंद सिंह सेंगर सदस्य जिला योजना समिति जालौन, शैलेन्द्र दोहरे, दिनेश बौद्ध, जूली और माया ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन अपव्यय को रोकने में सहायक होगी। क्षेत्रीय विधायक मूलचंद सिंह निरंजन ने रामनरेश द्विवेदी कुठौंदा एडवोकेट अखिलेश सविता, मोनू शर्मा पत्रकार को सेहरा पहनाकर राधाकृष्ण का चित्र भेंटकर माल्यार्पण कर ग्रामीण पत्रकारिता की सराहना की। इस मौके पर महेंद्र गौतम, योगेन्द्र प्रजापति, वेदप्रकाश, सुमित कुमार तिवारी, कपिल, विनोद कुशवाहा समेत अन्य लोगों की मौजूदगी रही है। कार्यक्रम संचालन एडवोकेट अखिलेश सविता ने किया जबकि आभार अरविंद सेंगर सदस्य जिला योजना समिति ने जताया।

# बेटे-बहू को गोली मारने वाला पिता बंदूक सहित किया गिरफ्तार

**बिंदकी, फतेहपुर, समृद्धि न्यूज।**



पारिवारिक विवाद के चलते पिता द्वारा गोली मारने से पुत्र की मौत तथा बहू के घायल होने के मामले में पुलिस ने आरोपी पिता को घटना में प्रयुक्त दो नाली बंदूक के सहित गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर उसे न्यायालय भेज दिया। बताते चले कि सीतापुर गांव में बुधवार की सुबह पारिवारिक विवाद के चलते रामविलास उर्फरामखेलावन वर्मा उम्र 65 वर्ष में अपनी दो नाली बंदूक से फायर करके अपने पुत्र अवनीश वर्मा तथा बहू प्रियंका उर्फ मनीषा वर्मा को गंभीर घायल कर दिया था। जिसके चलते बुधवार को ही अवनीश वर्मा की कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी जबकि उसकी बहू की हालत ठीक बताई जाती है। इस मामले में मृतक अवनीश वर्मा के साले प्रदीप कुमार ने बहन के ससुर रामविलास वर्मा उर्फ रामखेलावन वर्मा, सास मिथिलेश कुमारी, देवर मनीष तथा मनीष की पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। गोली कांड करने के बाद आरोपी रामविलास उर्फ रामखेलावन वर्मा फरार हो गया था जिसकी पुलिस तेजी से तलाश कर रही थी इसी क्रम में बिंदकी कोतवाली पुलिस ने आरोपी रामविलास उर्फ रामखेलावन वर्मा को बिंदकी कस्बे के बस स्टैंड से शुक्रवार को घटना में प्रयुक्त दोनाली बंदूक दो खोखा कारतूस 12 बोर, एक कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर उसे न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी रामविलास उर्फ रामखेलावन वर्मा द्वारा बताया गया कि मेरे बेटे अवनीश और बहू के साथ मेरा पारिवारिक मनमुटाव रहता था उसे दिन पहले मेरी पत्नी का पैर फैक्चर हो गया था इसके इलाज वह देखभाल में बेटे और बहू द्वारा कोई सहयोग नहीं किया जा रहा था इसी बात को लेकर बुधवार को गंभीर विवाद तथा लड़ाई झगड़ा हुआ घरेलू कलह से क्षुब्ध अत्यधिक आक्रोश और आवेश में आकर मेरे द्वारा लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक से बहु व बेटे पर फायर कर दिया गया जिसमें बहू बेटा दोनों गंभीर घायल हो गए बाद में मुझे पता चला कि मेरे बेटे की इलाज के दौरान मौत हो गई है। घटना के बाद मैं प्रयुक्त बंदूक को कमरे में छुपाकर कानूनी कार्रवाई के डर से साइकिल लेकर भाग गया था। मैं गिरफ्तारी से बचने के लिए रिश्तेदारी में जा रहा था तभी पुलिस ने मुझे गिरफ्तार कर लिया।

# आटा में विकसित होगा प्रकृति, आस्था और आजीविका का नया केंद्र

- तालाबों के कायाकल्प की बनी कार्ययोजना, गांव में होगा जल संरक्षण
- 4 एकड़ क्षेत्र में तालाब, पाथवे, वृहद वृक्षारोपण, मत्स्य पालन आधारित विकास की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश
- जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाधिकारी, एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को जनपद में जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन तथा ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने ग्राम



पंचायत आटा स्थित शिव शक्ति मंदिर परिसर के निकट तालाब एवं आसपास के क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शिव शक्ति मंदिर के समीप स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण, आकर्षक पाथवे, बैठने की व्यवस्था, हरित विकास एवं अन्य जनोपयोगी सुविधाओं के विकास की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही शिव मंदिर के पीछे जिला पंचायत की लगभग 4 एकड़ भूमि पर नए तालाब की खुदाई, चारों ओर पाथवे निर्माण तथा वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कर इसे एक विकसित हरित एवं प्राकृतिक परिसर के रूप में विकसित किए जाने की योजना बनाई गई। जिलाधिकारी ने ग्रामीण अभियंत्रण सेवा (आरईएस) के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि प्रस्तावित कार्यों का विस्तृत प्राक्कलन शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत किया जाए, ताकि परियोजना को समयबद्ध ढंग से प्रारंभ कराया जा सके। डीएम ने कहा कि विकसित किए जाने वाले तालाब का उपयोग मत्स्य विभाग की योजनाओं के अंतर्गत वैज्ञानिक ढंग से मछली पालन के लिए भी किया जाएगा। इससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं आय के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि जनपद में तालाब केवल जल संचयन का माध्यम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता, ग्रामीण पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के केंद्र के रूप में विकसित किए जाएंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से आटा क्षेत्र में एक सुंदर प्राकृतिक एवं धार्मिक वातावरण विकसित होगा, जिससे स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा क्षेत्र की पहचान भी मजबूत होगी। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं तकनीकी टीम भी उपस्थित रही।

# प्रांत मंत्री ने किया लिव प्योर शोरूम का उद्घाटन

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज।**



शहर के पटेल नगर चौराहा स्थित गौतम एंड ब्रदर्स स्टोर में लिव प्योर के उत्पाद का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत मंत्री विश्व हिंदू परिषद राजू पोरवाल ने पहुंच कर फीता काटकर किया। इस अवसर पर लिव प्योर कंपनी के डिप्टी जनरल मैनेजर कुमार नयन दीप, ब्रांच मैनेजर पुरुषोत्तम बाजपेई, टीएसएम देवेश शुक्ला व आदर्श व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग मौजूद रहे। इस अवसर पर संचालक अनिल सिंह गौतम ने सभी का पटका पहनाकर बुकें देकर, प्रतीक चिन्ह देखकर स्वागत व सम्मान किया। इस दौरान संचालक अनिल सिंह गौतम ने कहा कि उपभोक्ताओं के बेहतर स्वास्थ्य और जीवन शैली के प्रति समर्पित भारत के प्रमुख एवं सबसे भरोसेमंद अपने एक एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट की शुरूआत किया है। यह उच्च गुणवत्ता वाले प्यूरीफायर की पूरी रेंज किचन उत्पादन में चिमनी, चूल्हे, ओवन कूलर वॉटर प्यूरीफायर सहित अन्य उत्पादों की लांचिंग की गई। इस अवसर पर कुमार नयन दीप ने कंपनी के तरफ प्रबंधक निदेशक राकेश कौल की तरफसे बताया कि इस वित्तीय वर्ष में 100 एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट खोलने का प्लान है। ताकि अधिक से अधिकउत्पादों को भारतीय घरों तक पहुंचाया जा सके। इस दौरान जिला अध्यक्ष अभिनय यादव, अमित शरन बाबी, अमित सोनी, बबला सोनी, राहुल सोनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं शपथिनी अर्चना सशपथ बयां करती हूं कि मेरा नाम दूसरे भारतीय जीवन बीमा निगम पॉलिसी नंबर 215329020 में नैंसी साहू दर्ज है जबकि दोनों ही नाम मेरे ही है अतः मुझे भविष्य में अर्चना उर्फ नैंसी साहू के नाम से जाना व पहचाना जाए। **अर्चना उर्फ नैंसी साहू पुत्री विजय कुमार मोहल्ला-राधा कुंड, तहसील-गोंडा, जिला-गोंडा उत्तर प्रदेश**

# अवैध निर्माण और अवैध कॉलोनियों पर अब होगा निर्णायक प्रहारः डीएम

- बगैर स्वीकृत मानचित्र निर्माण करने वालों की जांच में न बरतें कोताही
- अभियोजन, विधिक कार्यवाही उपरांत ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के निर्देश, कोचिंग, अस्पताल, होटल, मैरिज हॉल की सुरक्षा, पार्किंग व्यवस्था की होगी सघन जांच

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

उरई विकास प्राधिकरण क्षेत्र को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं नियोजित स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से जिलाधिकारीध् उपाध्यक्ष उरई विकास प्राधिकरण राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास प्राधिकरण सभागार में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर अनधिकृत निर्माणों, अवैध कॉलोनियों, वाद निस्तारण, नई टाउनशिप तथा विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अथवा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत किए गए सभी निर्माणों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के अनुसार बिधिसम्मत प्रभावी कार्यवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विकास क्षेत्र में नियमों की अनदेखी



किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विकास क्षेत्र के अंतर्गत संचालित कोचिंग एवं शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, होटलों तथा विवाह गृहों में पार्किंग व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा एवं अन्य सुरक्षा मानकों की विशेष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही मार्ग प्रकाश एवं सड़क निर्माण से संबंधित स्वीकृत निविदाओं के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया। उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा-27 के अंतर्गत लंबित वादों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रक्रियाधीन प्रकरणों में शीघ्र शमन मानचित्र प्रस्तुत कराए जाएं तथा जिन मामलों में शमन मानचित्र दाखिल नहीं किया गया है या जहां बिना मानचित्र स्वीकृति के निर्माण किए गए हैं, वहां सीलिंग, अभियोजन एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई तत्काल प्रभाव से अमल में लाई जाए। उन्होंने प्राधिकरण की आय में वृद्धि के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी कदम उठाने के भी निर्देश दिए, ताकि विकास कार्यों को और गति मिल सके। जिलाधिकारी ने समस्त निर्माणकर्ताओं, विकासकर्ताओं एवं आम नागरिकों से अपील की कि उरई विकास प्राधिकरण क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण अथवा कॉलोनी विकास कार्य बिना मानचित्र स्वीकृत कराए न करें तथा अवैध प्लॉटों का क्रय-विक्रय करने से भी बचें। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध अधिनियम के अंतर्गत सीलिंग, अभियोजन एवं ध्वस्तीकरण जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित निर्माणकर्ता एवं विकासकर्ता की होगी। इस अवसर पर सचिव उरई विकास प्राधिकरण परमानंद यादव, मुख्य लेखाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी, सहायक अभियंता, अवर अभियंता तथा प्राधिकरण के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मंदिर जा रहे बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर, मासूम की मौत

**उरई (जालौन)।** शुक्रवार को ग्राम मिर्जापुरा जागीर निवासी लोकेन्द्र पुत्र प्रताप पूर्व प्रधान अपने स्वजनों के साथ जालौन देवी माता मंदिर पर पूजा अर्चना करने जा रहे थे। तभी ऊमरी पहुंचते ही जिला परिषद विद्यालय के पास मोड़ पर ऊमरी की तरफसे आ रही तेज रफ्तार इको कार ने मोटर साइकिल सवार लोकेन्द्र को जोड़दार टक्कर मारी। जिससे बाइक पर सवार चालक लोकेन्द्र पुत्र प्रताप 26 वर्ष, पूजा पत्नी लोकेन्द्र 24 वर्ष, भीमा पत्नी दशरथ 35 व अपने भाई गंधर्व भाभी बीनू की 6 वर्षीय पुत्री प्रज्ञा उछलकर सड़क पर जा गिरे। जिसमे प्रज्ञा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा लोकेंद्र, पूजा व भीमा गंभीर रूप से घायल हो गये। दुर्घटना के बाद ईको कार सवार मौके से फरार हो गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक /इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है। **ई-निविदा संख्या :** (1) NER-LJN-2026-204 **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल: लखनऊ डिवीजन – TBR-32.030 T.Km (लूप लाइनें) **अनुमानित लागत (रु.) :** 41522511.82 **अग्रिम धन (रु) :** 830500.00 **समापन अवधि :** 12 माह। 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2026-204** के लिये ई-निविदा दिनांक 31.07.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)**
**लखनऊ**

मुजाधि/डब्लू-201

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# मिट्टी खनन करते पकड़ी लोडर व ट्रैक्टर-ट्रॉली

**▸ मोहर्रम ड्यूटी के दौरान नायब तहसीलदार की बड़ी कार्रवाई**



**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

मोहर्रम के अवसर पर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था का जायजा लेने निकले प्रशासनिक अधिकारियों ने अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। तहसील रामसनेहीघाट के पूरे मनि मजरा तिवारीपुर में अवैध रूप से मिट्टी का खनन किए जाने की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार उमेश चन्द्र द्विवेदी तत्काल मौके पर पहुंचे। वहां पहुंचने पर उन्होंने एक लोडर और ट्रैक्टर-ट्रॉली को मिट्टी का खनन और परिवहन करते हुए पकड़ा। इसके बाद दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के लिए रामसनेहीघाट कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, नायब तहसीलदार उमेश चन्द्र द्विवेदी मोहर्रम के मद्देनज़र क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि पूरे मनि मजरा तिवारीपुर में बिना अनुमति बड़े पैमाने पर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। नायब तहसीलदार ने पूरे मामले की जानकारी तत्काल उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह को दी। उप जिलाधिकारी के निर्देश पर रामसनेहीघाट कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने जब्त किए गए वाहनों को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रशासन अब यह भी जांच कर रहा है कि खनन किसकी अनुमति से किया जा रहा था और इसमें किन-किन लोगों की संलिप्तता है। आरोप है कि कुछ लोग लगातार लोडर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से मिट्टी का खनन कर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे थे। हालांकि, प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिना वैध अनुमति के मिट्टी खनन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई को क्षेत्र में अवैध खनन के विरुद्ध प्रशासन का सख्त संदेश माना जा रहा है।

**राजस्व प्रशासन सक्रिय, लेकिन खनन विभाग की भूमिका पर उठे सवाल**

रामसनेहीघाट क्षेत्र में नायब तहसीलदार की कार्रवाई के बाद अवैध मिट्टी खनन करने वालों में दहशत का माहौल है। राजस्व प्रशासन लगातार सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कर रहा है, लेकिन इस पूरे मामले में खनन विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि घाघरा नदी की तलहटी और आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से बालू और मिट्टी का अवैध खनन धड़ल्ले से जारी है, फिर भी खनन विभाग की ओर से अपेक्षित कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है। क्षेत्र में चर्चा है कि यदि राजस्व प्रशासन को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करनी पड़ रही है, तो नियमित निगरानी की जिम्मेदारी निभाने वाले खनन विभाग को ऐसे मामलों की जानकारी पहले क्यों नहीं हो रही? यह भी सवाल उठ रहा है कि यदि समय-समय पर प्रभावी निरीक्षण और कार्रवाई होती, तो अवैध खनन इतनी बेखौफ तरीके से जारी नहीं रह पाता।

## या हुसैन या हुसैन की सदाओं में डूबा बाराबंकी करबला में दफ्न हुए ताजिए

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



या हुसैन या हुसैन की गूंज से आज पूरा बाराबंकी मातम में डूबा रहा। काले कपड़ों में लिपटे, नंगे पांव भूखे-प्यासे अज़ादार इमामे मज़लूम हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद में आज भी उसी दर्द, उसी अलम और उसी वफ़ादारी को ज़िंदा रखे हुए हैं, जो 1400 साल पहले कर्बला की तपती ज़मीन पर लिखी गई थी। आज आशूरा के दिन शहर के हर कोने से ताजिये उठे – आंखों में अश्क, लबों पर या हुसैन की सदा, सीने पर मातम, और दिलों में उस शहादत का ग़म लिए अज़ादार कर्बला की ओर बढ़ते रहे। इमामबाड़े, चौक, गलियां, मोहल्ले – हर जगह एक ही नारा था हक़ के लिए कर्बला, इंसाफ़ के लिए कुर्बानी, और ज़ुल्म के खिलाफ़ आवाज़। ताजियों के साथ नौहाख्वानी, सीना ज़नी और ज़ंजीर ज़नी होती रही। छोटे-बड़े, बूढ़े-बच्चे सबने एक सुर में मातम किया। रात भर जागकर अज़ादारों ने दुआएं कीं, और आज करबला पहुंचकर अपने ताजियों को दफ़्न कर दिया। कर्बला तक पहुंचे ये प्रमुख ताजिये इमामबाड़ा मीर मासूम अली, कटरा,इमामबाड़ा मौलाना गुलाम अस्करी, अस्करी नगर,नाला सट्टी बाज़ार,पीर बटावन,इमामबाड़ा ज़ैनब बेगम, बेगमगंज वक़्फ़ नवाब अमजद अली खान, बेगमगंज,बेलहरा हाउस,अज़ाख़ाना सरवर अली, असद नगर,दशहरा बाग,अज़ाख़ाना मोहसिन नकवी, रसूलपुर,दुर्गा पुरी, लखपेड़ाबाग, दयानंद नगर आदि हर जगह से निर्धारित समय और रास्तों से ताजिये निकले, और पूरी व्यवस्था के साथ कर्बला में दफ्न हुए। जुलूसों में ज़ंजीरों का मातम, नौहा, और सीना ज़नी से माहौल ग़मगीन रहा। सुन्नी कर्बला में भी ताजिये दफ़्न सुन्नी कर्बला में भी ताजियों के दफ्न का सिलसिला पूरे दिन जारी रहा। आज बाराबंकी की सरज़मीं ने यह दिखा दिया कि हुसैनी मिशन आज भी ज़िंदा है – चाहे इंसाफ़ की बात हो या इंसानियत की, हर दिल हुसैनी बनकर खड़ा है।

## अकीदत के साथ मोहर्रम का ताजिया जुलूश कर्बला के लिए हुए रवाना



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** बदोसराय के कजियाना मोहल्ले से शुक्रवार को दस मुहर्रम के अवसर पर अलम और ताजिया का जुलूस कर्बला के लिए रवाना हुआ।अंजुमन जुलफ़िकार-ए-हैदरी द्वारा निकाले गए इस जुलूस में अकीदतमंदों ने इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों को याद किया।जुलूस की शुरुआत कजियाना मोहल्ले के इमामबाड़े से या हुसैन-या हुसैन के नारों के साथ हुई।इस दौरान अंजुमन के नौजवानों ने नौहा-ख्वानी करते हुए छुरी,कमा और जंजीर का मातम किया। यह जुलूस कस्बे के विभिन्न मार्गों से गुजरा और अंततः कर्बला पहुंचा।वहां ताजिया को सुपुर्द-ए-खाक किया गया।सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाल राम अवतार सरोज पुलिस बल के साथ तैनात रहे।जुलूस के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल भी देखने को मिली। कस्बे के विभिन्न समुदायों के लोगों ने जगह-जगह शरबत और पानी की व्यवस्था की थी।अंजुमन के सदर ने बताया कि मुहर्रम कर्बला के शहीदों की महान कुर्बानी की याद दिलाता है।उन्होने कहा कि इमाम हुसैन ने जुल्म के खिलाफ आवाज उठाकर हक और इंसाफ का पैगाम दिया था।

# गैस पाइप में रिसाव से गुमटी में लगी आग, संचालक झुलसा

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार दोपहर गैस सिलेंडर के पाइप में रिसाव होने से सड़क किनारे स्थित एक होटल की गुमटी में अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही मिनटों में पूरी गुमटी को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों और दमकल विभाग की मुस्तैदी से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार, रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी भूपत राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे गुमटी में फास्ट फूड का होटल चलाते हैं। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे वह मोमोज बनाने के लिए गैस चूल्हा जला रहे थे। इसी दौरान गैस पाइप से रिसाव होने के कारण अचानक आग भड़क उठी।



देखते ही देखते लपटों ने पूरी गुमटी को घेर लिया। हादसे में होटल संचालक भूपत गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया। एहतियात के तौर पर दोबारा पानी डालकर आग के दोबारा भड़कने की आशंका भी खत्म कर दी गई।

पीड़ित भूपत ने बताया कि आग की चपेट में आने से उनकी गुमटी,

**▸ फायर स्टेशन प्रभारी हरेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल टीम मौके पर पहुंच गई थी**

नया मोबाइल फोन, खाद्य सामग्री समेत होटल का अन्य सामान जलकर राख हो गया। उन्होंने लगभग 20 से 25 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान जताया है।

फायर स्टेशन प्रभारी हरेन्द्र सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल टीम मौके पर पहुंच गई थी। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास के क्षेत्र में आग फैलने से रोक लिया गया। प्रारंभिक जांच में गैस सिलेंडर के पाइप से रिसाव आग लगने का संभावित कारण सामने आया है। मामले की जांच की जा रही है।

## जुलूश के निकाली गई ताजिया, कर्बला में हुई दफन



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कस्बा हैदरगढ़ में10 वी मोहर्रम की ताजिया कमेटी के अध्यक्ष व संरक्षक अब्दुल सत्तार बच्चू शाह और भारी पुलिस के अगुवाई में जुलूस निकाला गया हमेशा की तरह भाईचारा बना रखा बना रहा दोनों समुदाय के लोग साथ थे 10 वी गमगीन माहौल में मनाई गई। इस दौरान ताजिया का जुलूस निकाला गया। बड़ी चौक इमामबाड़ा मोहल्ला से यह जुलूस शुरू हुआ इमामबाड़ा चौक होते हुए करबा से होते हुए कोठी वार्ड पहुंचा। जहां पर हैदरगढ़ कस्बा के बीच ताजिया का मिलान किया गया। और नोहा व नात पढ़कर या हुसैन या हुसैन की सदाओं से आवाज को बुलंद करते हुए इमाम हुसैन को याद किया। इस दौरान कस्बे में विभिन्न जगह पर सबील बाटा गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जगह जगह स्टाल लगाकर शरबत , व श्रीनि, और माकूल इंतजाम किया गया। जुलूस के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल मुस्तैद रही । इस जुलूस में युवा सपा नेता पप्पू सिद्दीकी सपा नगर अध्यक्ष शब्बीर पहाड़ी सभासद हाजी इशाक पूर्व सभासद अयूब खान अय्यूब उर्फ मुनीम ताज मोहम्मद राइन इस्तियाक राइन शाहरुख खान बाबू शाह इमरान सिद्दीकी फतेह खान इश्तियाक राजा खान जाहिर नेता आस मोहम्मद शम्मी राइन गौस मुहदमद सरताज राइन ताज मोहम्मद शरीफ़ राइन दुल दुल राइन अतीक कुरैशी चांद बाबू कुरेशी मेराज राइन बाबू शाह बाबू किराना शब्बीर लाइन शादाब राईन और फतेह खान सिराज मुन्ना शाह इरफान शाह के भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

# पांच चोर गिरफ्तार, लाखों की नगदी-जेवरात व अवैध असलहे बरामद

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद की मछरेहटा पुलिस और एसओजी टीम ने चोरी की एक बड़ी वारदात का सनसनीखेज खुलासा करते हुए पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की भारी मात्रा में नगदी, सोने-चांदी के जेवरात, अवैध तमंचे, कारतूस, चोरी में प्रयुक्त उपकरण तथा घटना में इस्तेमाल की गई कार बरामद की है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मिश्रिख बृजेश कुमार के नेतृत्व में थाना मछरेहटा पुलिस एवं एसओजी टीम ने शुक्रवार तड़के करीब 1-25 बजे ग्राम परसदा-शुक्लापुर मार्ग स्थित गोशाला के पीछे घेराबंदी कर सफेद रंग की



कार संख्या यूपी-32 जीएन-5220 से पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में सुनील निवासी महोली, लालता निवासी खैराबाद, बनवारी निवासी मिश्रिख, बल्लू निवासी रामकोट तथा गुड्डू उर्फ खत्रीय निवासी हरिपालपुर थाना मछरेहटा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से कुल करीब 1.98 लाख रुपये की नगदी, सोने-चांदी के जेवरात, बर्तन, मोबाइल फोन तथा चोरी में प्रयुक्त सब्बल, लोहे की रॉड और हथौड़ी बरामद की गई। इसके अलावा दो देशी तमंचे और कई जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 10-11 जून की रात थाना मछरेहटा क्षेत्र के ग्राम भिठौरा में एक मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण, नगदी और अन्य सामान चोरी किया था। पुलिस के अनुसार चोरी की वारदात गुड्डू उर्फ खत्रीय की रेकी पर अंजाम दी गई थी और बाद में चोरी का सामान आपस में बांट लिया गया था। पूछताछ में यह भी सामने आया कि अभियुक्त लालता और बनवारी ने करीब दो माह पूर्व थाना हरगांव क्षेत्र में स्थित एक जनरल स्टोर में शटर तोड़कर चोरी की घटना को भी अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना हरगांव में पहले से मुकदमा दर्ज है।

पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना मछरेहटा में दर्ज मुकदमे में बरामदगी और अवैध असलहों के आधार पर संबंधित धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामद सामान की पहचान वादी द्वारा अपने चोरी गए माल के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में बनवारी, लालता और बल्लू के खिलाफ पूर्व में भी लूट, चोरी, डकैती, आर्म्स एक्ट तथा गैंगस्टर एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पांच वर्षों तक दूसरे के डोंगल से भुगतान करने का आरोप

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड रेउसा की ग्राम पंचायत मल्लापुर में तैनात सचिव संतलाल पटेल पर मनमाने ढंग से भुगतान किए जाने के आरोपों का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। मामले को लेकर प्रकाशित खबर के बाद मुख्य विकास अधिकारी ने संज्ञान लेते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को जांच कराने के निर्देश दिए थे। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा पत्रांक संख्या 1906 दिनांक 22 मई 2026 के माध्यम से सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) रेउसा ओमेन्द्र पाल सिंह को मामले की जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन जांच के एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अब तक उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिससे




कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

आरोप है कि जांच से पहले सहायक विकास अधिकारी रेउसा ओमेन्द्र पाल सिंह ने पत्रकारों को बताया था कि बृजेश कुमार पूर्व प्रधान हैं, जबकि खंड विकास अधिकारी प्रवीण जीत ने यह जानकारी दी थी कि सचिव की ओर से मामले को त्रुटिवश हुई गलती बताया गया है। यदि सचिव द्वारा स्वयं गलती स्वीकार कर ली गई थी, तो फिर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने में देरी क्यों हो रही है, यह बड़ा सवाल बना हुआ है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि पिछले पांच वर्षों से कमलकांत के डोंगल का उपयोग कर भुगतान किए गए और बृजेश कुमार के नाम पर मानदेय का भुगतान भी किया जाता रहा। यदि ऐसा हुआ है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है और इसकी जवाबदेही कौन तय करेगा, इसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है।

आरोप यह भी है कि जांच के निर्देश मिलने के बाद सहायक विकास अधिकारी रेउसा ओमेन्द्र पाल सिंह पत्रकारों के फोन तक नहीं उठा रहे हैं और न ही मामले में कोई स्पष्ट जानकारी दी जा रही है। इससे जांच प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब मामले में शिकायत, जांच के आदेश और अधिकारियों के अलग-अलग बयान सामने आ चुके हैं, तो आखिर मुख्य विकास अधिकारी और जिलाधिकारी स्वयं इस प्रकरण का संज्ञान कब लेंगे।

## खेत में घुसी गाय को भगाने पर दंपती से मारपीट, तीन लोगों पर आरोप

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के पूरे अचली गांव में खेत में घुसी गाय को भगाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि नाराज होकर तीन लोगों ने बुजुर्ग दंपती के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे दोनों घायल हो गए। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नगर पंचायत सुबेहा के पूरे अचली निवासी शिवकुमारी रावत पत्नी रामराज रावत ने थाना सुबेहा में दी गई तहरीर में बताया कि 24 जून को शाम करीब पांच बजे उनके ससुर माताबदल पुत्र सहदेव और सास शांति देवी खेत में नहर किनारे चरी काटने गए थे। इसी दौरान उन्होंने देखा कि गांव निवासी हेमराज की गाय उनके खेत में फसल चर रही थी। इस पर दोनों ने गाय को खेत से भगा दिया। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर हेमराज के पुत्र रबी और शनि तथा हेमराज की पत्नी मौके पर पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे।

## अधेड़ का छत विछत शव मिलने पर हड़कंप

**रामनगर, बाराबंकी।** रेलवे ट्रैक के किनारे बृहस्पतिवार को देर रात्रि एक अधेड़ का क्षत-विक्षत शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।सूचना पाकर मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।प्राप्त विवरण के अनुसार थाना रामनगर क्षेत्र के ग्राम खेतौरा निवासी 55 वर्षीय मैनेजर ने रात घर पर भोजन करने के बाद सोने चले गए थे। देर रात उनका शव गांव के पास से गुजरी रेलवे लाइन के किनारे पड़ा मिला।शव क्षत-विक्षत अवस्था में होने की सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद स्थानीय पुलिस को अवगत कराया।पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।मृतक के पुत्र राज सिंह ने बताया कि उनके पिता घर पर भोजन करने के बाद सो रहे थे और उन्हें कहीं बाहर जाने या रेलवे से यात्रा करने की कोई जानकारी नहीं थी।ऐसे में वह रेलवे ट्रैक तक कैसे पहुंचे और हादसा कैसे हुआ यह समझ से परे है।

# मृतक के मामले में ट्रक के विरुद्ध नौ दिन बाद दर्ज हुआ मुकदमा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

सड़क हदसे में मृत युवक के मामले में कोतवाली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर 9 दिन बाद दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मंजू पत्नी कैलाश निवासी ग्राम कनवा ने बताया कि उसका पति कैलाश पुत्र हरिपाल गत 18 जून को अपने निजी कार्य से हैदरगढ़ आया हुआ था। शाम लगभग 07:30 बजे हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर हैदरगढ़ सामुदायिक सुलभ शौचालय के पास रायबरेली की ओर से अपने घर वापस आ रहा था तभी पीछे से आ रहे ट्रक के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसके पति की मोटर साइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे एम्बुलेन्स द्वारा हैदरगढ़ सीएचसी ले जाया गया।

जहां डॉक्टरों ने कैलाश को मृत घोषित कर दिया था। अंतिम संस्कार करने के बाद 22 जून को एफआईआर दर्ज कराने हैदरगढ़ कोतवाली गयी ,परन्तु उपनिरीक्षक एफआईआर दर्ज न कर सुलह करने का दबाव बनाने लगे। इस बात से मानसिक रुप से पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई थी।

# कई बार की गई शिकायत लेकिन निस्तारण शून्य: ग्रामीण



**लालगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के त्रिवेदीपुर मार्ग कई वर्षों से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा हैं। और कोई जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान देने के लिए तैयार नहीं हैं। वहां के रहने वाले लोगों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत की गई है लेकिन आज तक कोई अधिकारी देखने तक नहीं आए है।जबकि वहां से कुछ ही दूरी पर तहसील परिसर है और कुछ ही दूरी पर गावों का विकास करने वाला ब्लॉक है। इस खराब रास्ता की वजह से हम सभी लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और इधर से ही छोटे छोटे बच्चे स्कूल जाते हैं जिनको डर बना रहता है।

**▸ रास्ते में पानी भरे रखने से सताता है बीमारियों का डर**

अगर बात कीजिए बारिश की तो बारिश में निकलने के लिए थोड़ा सा भी रास्ता सही नहीं रहता है जिससे न तो मोटरसाइकिल निकल पाती हैं और न ही कार । यह रास्ता लगभग 5 से 6 गांव को जोड़ता है जिसमें हमेशा पानी भरा रहता है और आम जनमानस को काफी दिक्कतों को सामना करना पड़ता है लोगों को बीमारी का डर सताता है पानी भरे रहने से डेंगू टाइफाइड जैसी बीमारियां लोगों करीब तक पहुंचती है। वही नीद में सोया सिस्टम इस ओर ध्यान देने के लिए तैयार नहीं है।

जिससे राहगीरों में काफी नाराजगी देखने को मिली।



## डीएम के निर्देश पर सीएमओ ने की बड़ी कार्यवाही, नर्सिंग होम सील

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत पटेल नगर में बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित एक नर्सिंग होम को सील कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की जिला अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के निर्देश पर जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नवीन चंद्रा ने बड़ी कार्यवाही करते हुए कस्बे के पटेल नगर में संचालित साँईराम हॉस्पिटल पर बड़ी कार्यवाही करते हुए उसे सील कर दिया है। जानकारी प्राप्त हुई है कि यह हॉस्पिटल फार्मासिस्ट चला रहा था, जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को प्राप्त हुई थी। जिस पर यह बड़ी कार्यवाही की गई है। डीएम के निर्देश पर हुई इस कार्यवाही के पश्चात क्षेत्र में तमाम अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम्स एवं अस्पतालों के संचालकों में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया है।

# कलश यात्रा व प्राण प्रतिष्ठा के बाद हुआ भंडारा

**डलमऊ, रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

डलमऊ कस्बे के मोहल्ला चौरासी स्थित नवनिर्मित शीतला माता शिव मंदिर में मां दुर्गा एवं नंदी बाबा की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के बीच श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम के प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जबकि दूसरे दिन मंडप प्रवेश एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। तीसरे दिन प्रतिमा स्थापना से पूर्व नगर के प्रमुख मार्गों पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना भी की गई।



पुरोहित हरिचंद त्रिपाठी, पंकज पुजारी एवं अन्य आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन, पूजन, जलाभिषेक, वेदी पूजन और आरती संपन्न कराकर मां दुर्गा एवं नंदी बाबा की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कराई कार्यक्रम में सर्वेश कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी कृष्णा देवी यजमान के रूप में शामिल रहे। तीन दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। मंदिर परिसर एवं आसपास का वातावरण भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहा। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश, राम प्रकाश, दिनेश मोदनवाल, अनिकेत, अंश मोदनवाल, प्रिंसू जायसवाल, जुगल जायसवाल, आकाश, आदित्य यादव, रितिक जायसवाल, गंगा प्रसाद मौर्य, कृष्ण कुमार सहित नगर एवं क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अवैध कब्जा रूकवाये जाने हेतु पीड़ित ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

चन्दापुर थाना क्षेत्र व अमावा विकासखंड एवं सदर तहसील क्षेत्र के सत्यनारायण पुत्र दुलारे निवासी ग्राम कुसिहा मंजरे बैखरा ने डीएम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि प्रार्थी का एक वाद न्यायालय अपर आयुक्त प्रशासन के यहां विचाराधीन है जिसकी अगली तारीख पेशी 9,7.2026 बहस हेतु नियत है फिर भी प्रार्थी की भूमिधारी भूमि गाटा संख्या 179 / 0. 2490 ग्राम बैखरा पर व तहसील सदर पर प्रतिपक्षी गणों द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य

**▸ बुजुर्ग ने जिला अधिकारी को दिया शिकायती पत्र और लगाई न्याय की गुहार**



किया जा रहा है प्रार्थी बहुत ही गरीब व निर्धन व्यक्ति है मौके पर अगर निर्माण कार्य न रुकवाया गया तो प्रार्थी को भारी क्षति होगी । जब तक न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त वाद संख्या 2266 / 26 का निस्तारण निर्णय नहीं आ पाता तब तक भूमि गाटा संख्या 179 /02490 ग्राम बैखरा व तहसील सदर पर हो रहे निर्माण कार्य पर रोक लगा दी जाए नहीं तो प्रार्थी को भारी नुकसान होगा।

## सांसद किशोरी लाल शर्मा का जनसंपर्क एवं विकास कार्यक्रम जारी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कांग्रेस जिला प्रवक्ता अनिल कुमार सिंह ने बताया कि सांसद किशोरी लाल शर्मा का चार दिवसीय क्षेत्रीय दौरे का कार्यक्रम जारी हुआ है। सांसद जी 26 से 29 जून तक चार दिवसीय अमेठी-रायबरेली प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न सामाजिक, संगठनात्मक एवं विकास संबंधी कार्यक्रमों में भाग लेते हुए आमजन से निरंतर संवाद करेंगे। 27 जून शनिवार को वे सुल्तानपुर में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में शामिल होकर क्षेत्र की विकास योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इसके उपरांत वे क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता करते हुए अमेठी की जनता से सीधे मिलेंगे और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुनेंगे। सांसद किशोरी लाल शर्मा का निरंतर क्षेत्र में रहकर जनता के सुख-दुख में सहभागी बनना उनकी सेवा भावना का परिचायक है।

# चक्कर खाकर चलती बाइक से गिरा युवक, इलाज जारी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

शुक्रवार को जिले के संग्रामपुर क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार भेभौरा विशेषरगंज निवासी आकाश पुत्र राम समुझ वर्मा अपनी पत्नी को साथ लेकर मोटरसाइकिल से प्रतापगढ़ से लोहिया नगर होते हुए अपने घर विशेश्वरगंज लौट रहा था। बताया जाता है कि जब आकाश कालिकन धाम स्थित इंटर कॉलेज के सामने रोड ब्रेकर के पास पहुंचा तभी उसे अचानक चक्कर आ गया। जिससे उसका मोटरसाइकिल से नियंत्रण हट गया और वह सड़क पर गिर पड़ा। हादसे में आकाश को चोटें आईं, जबकि उनकी पत्नी सुरक्षित बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मदद करते हुए घायल युवक को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चोट की गंभीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया।

घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। वहीं स्थानीय लोगों ने सड़क पर बने रोड ब्रेकरों के पास सावधानी बरतने की अपील की है।

# स्वस्थ शरीर और अनुशासित जीवन ही सफलता की कुंजी: डॉ. अशोक कुमार वाष्णेय



**तिर्वा/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा में आरोग्य भारती, कन्नौज के तत्वावधान में विद्यालय स्वास्थ्य प्रबोधन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता आरोग्य भारती के अखिल भारतीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वाष्णेय ने कहा कि स्वस्थ शरीर, संतुलित मन और अनुशासित जीवन ही आरोग्य है तथा यही सफलता की वास्तविक कुंजी है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन से हुआ। विद्यालय के प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी और प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र एवं देव प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। डॉ. वाष्णेय ने विद्यार्थियों को नियमित व्यायाम, योग, ध्यान और सकारात्मक चिंतन को जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और मानसिक संतुलन सफलता का आधार है। उन्होंने स्वस्थ भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर भी बल दिया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका विशेषज्ञों ने सरल भाषा में समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं तथा आरोग्य भारती के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# छत्रपति साहूजी महाराज की जयंती पर सपाइयों ने उनके विचारों पर चलने का लिया संकल्प

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर शुक्रवार को नसिरापुर स्थित सपा जिला कार्यालय में राजर्षि छत्रपति साहूजी महाराज की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कलीम खान ने की। उन्होंने कहा कि छत्रपति साहूजी महाराज कोल्हापुर रियासत के शासक थे, जिन्होंने अपने शासनकाल में शिक्षा के प्रसार और सामाजिक न्याय के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने बताया कि नौकरी और शिक्षण संस्थानों में आरक्षण व्यवस्था लागू करने का श्रेय भी साहूजी महाराज को जाता है। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, जय कुमार तिवारी बउअन, यश कुमार दोहरे, रामशंकर लोधी, हसीब हसन, राजेश यादव, रजनीकांत यादव, राकेश कटेरिया, राकेश कटियार, आनंद बाबू यादव सहित कई नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मातमी धुनों के साथ निकला ताजियों का भव्य जुलूस

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** नगर में शुक्रवार को इस्लामिक कैलेंडर के पहले महीने मुहर्रम उल हरम की 10वीं तारीख को आशूरा का पर्व पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच श्रद्धा और शोक के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मोहल्ला विरतिया से ताजियों का भव्य जुलूस निकाला गया, जो अपने तयशुदा मार्ग से होते हुए बैंक ऑफ इंडिया के सामने भोंदू शाह बाबा की दरगाह पर सलामी देने के बाद कर्बला पहुंचा। जुलूस में हजारों लोग शामिल हुए, जिसमें सभी धर्मों के लोग मातमी धुनों के साथ शोक व्यक्त करते नजर आए। जुलूस के समापन पर क्षतिग्रस्त ताजियों को कर्बला में दफनाया गया। मुस्लिम मान्यताओं के अनुसार मुहर्रम का महीना इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना है, जो शिया और सुन्नी समुदायों के लिए विशेष महत्व रखता है। यह पर्व कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और उनके 72 साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है।

# लाला मोटर्स शोरूम में भीषण आग, करोड़ों का नुकसान





**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

पश्चिमी बाईपास स्थित लाला मोटर्स शोरूम में शुक्रवार देर रात अचानक भीषण आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट से लगी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जा सका। लोगों ने दमकल विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पर्याप्त संसाधन समय पर न पहुंचने का आरोप लगाया। बताया जा रहा है कि शोरूम के अंदर खड़ी एक क्रेटा कार सहित लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। इस घटना में करीब एक करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दमकल कर्मियों को दीवार और शटर तोड़कर अंदर पानी डालना पड़ा। घटना की सूचना पर छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय मौके पर

- फायर ब्रिगेड की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

पहुंचीं और उच्चाधिकारियों से वार्ता कर अतिरिक्त फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मंगवाईं। नगर पालिका चेयरमैन मनोज दुबे ने भी पानी के टैंकरों की व्यवस्था कराई। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। फिलहाल पुलिस और प्रशासन आग लगने के कारणों तथा नुकसान का आकलन करने में जुटा है।

# दबंगों ने मक्का की फसल में लगाई आग, 60 हजार रुपये का नुकसान

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के ग्राम खोजीपुर में दबंगई का एक गंभीर मामला सामने आया है।

गांव निवासी आकांक्षा देवी पत्नी सुरेंद्र चंद्र ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे गांव के ही निवासी दबंग व्यक्ति ने उनके खेत में घुसकर खड़ी मक्का की फसल में आग लगा दी। उनका आरोप है कि आग से पूरी फसल जलकर नष्ट हो गई, जिससे उन्हें लगभग 60 हजार रुपये का नुकसान हुआ। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। इससे आहत पीड़िता ने उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई तथा हुए नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है।

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, लाखों की गृहस्थी जलकर राख

- 13 कुंतल गेहूं, 5 कुंतल लहसुन समेत जलकर खाक
- मोबाइल और घरेलू सामान स्वाहा पीड़ित परिवार ने मांगी प्रशासन से मदद



**सकरावा/कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सकरावा थाना क्षेत्र के बैगमा गांव में बीती रात शॉर्ट सर्किट से एक मकान में भीषण आग लग गई। हादसे में एक गरीब परिवार की लाखों रुपये की गृहस्थी जलकर राख हो गई, जिससे परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

पीड़ित रामप्रकाश पुत्र रामदुलारे ने बताया कि देर रात पूरा परिवार सो रहा था। इसी दौरान घर की विद्युत वायरिंग में शॉर्ट सर्किट होने से निकली चिंगारी ने आग का रूप ले लिया। देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जल चुका था। पीड़ित के अनुसार अग्निकांड में करीब 13 कुंतल गेहूं, 5 कुंतल लहसुन, एक फ्रिज, दो मोबाइल फोन, चार चारपाइयां, बिस्तर, बच्चों के कपड़े सहित अन्य घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। घटना के बाद परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि परिवार दोबारा अपना जीवन सामान्य ढंग से शुरू कर सके।

# खबरें एक नजर में

## मंदिर में विवाह का झांसा देकर शोषण, पीड़िता ने दी तहरीर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जनपद मैनपुरी के विवेक विहार निवासी एक महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि ग्राम मडैयन, चौकी कसावा निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र राधेश्याम पिछले तीन वर्षों से उसके संपर्क में था। करीब दो वर्ष पूर्व उसने मंदिर में विवाह किया और इसके बाद लगातार शारीरिक व मानसिक शोषण करता रहा। जब भी वह उसे अपने घर ले जाने की बात कहती, वह टालमटोल करता रहा। आरोप है कि 20 जून को जितेंद्र उसे अकेला छोड़कर अपने गांव चला गया और संपर्क भी बंद कर दिया। फोन करने पर उसकी सास ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

## पत्नी की तलाश में बच्चों संग कलेक्ट्रेट पहुंचा पति,बैठा धरने पर



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के उमरायपुरवा गांव निवासी एक युवक अपनी लापता पत्नी की तलाश में शुक्रवार को दो छोटे बच्चों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच गया। पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए वह डीएम कार्यालय के सामने पेड़ के नीचे धरने पर बैठ गया। हालांकि मोहर्रम के अवकाश के कारण मौजूद सुरक्षा कर्मियों और अन्य लोगों ने उसे समझा-बुझाकर वापस भेज दिया। पीड़ित के अनुसार उसकी पत्नी कन्नौज कोतवाली क्षेत्र के चौधरियापुर गांव स्थित अपने मायके गई थी। 9 जून को उसने फोन कर बताया था कि वह ससुराल लौट रही है, लेकिन शाम तक घर नहीं पहुंची। घर लौटने पर बच्चों ने भी बताया कि उनकी मां घर नहीं आई। पति का आरोप है कि पत्नी की तलाश में वह पचौर चौकी पहुंचा, जहां चौकी इंचार्ज ने एक युवक का नाम लेते हुए कहा कि वही उसकी पत्नी को अपने साथ ले गया है। साथ ही यह कहकर कार्रवाई से इनकार कर दिया कि महिला अपने मायके क्षेत्र से लापता हुई है, इसलिए मामला कन्नौज कोतवाली का है। युवक ने गांव की एक महिला की भूमिका भी संदिग्ध बताते हुए प्रशासन से पत्नी की जल्द बरामदगी और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## राजर्षि छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती पर प्रवक्ता ने दी श्रद्धांजलि



**गुरसहायगंज कन्नौज।** 26 जून को शोषितों, वंचितों और गरीबों के मसीहा, महान समाज सुधारक राजर्षि छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती पर अमित कुमार पटेल, प्रवक्ता, सरदार पटेल इंटर कॉलेज कन्नौज ने उन्हें शत-शत नमन किया। अमित कुमार पटेल ने कहा, शाहू जी महाराज ने सामाजिक न्याय की जो अलख जगाई, वह आज भी हम सबके लिए प्रेरणा है। उन्होंने शिक्षा, आरक्षण और समानता के माध्यम से वंचित वर्गों को सम्मान से जीने का अधिकार दिलाया। उनके आदर्शों पर चलकर ही हम एक समतामूलक समाज का निर्माण कर सकते हैं। आज की युवा पीढ़ी को उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए और समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने का संकल्प लेना चाहिए। छत्रपति शाहू जी महाराज ने 1902 में सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण लागू कर सामाजिक समानता की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया था। बाल विवाह, छुआछूत और जातिगत भेदभाव के खिलाफ उनके प्रयास आज भी प्रासंगिक हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजीव कुमार कटिहार ने शोषित वंचितों और गरीबों के मसीहा महान समाज सुधारक राजश्री छत्रपति शाहूजी महाराज के चित्र पर फूल माला अर्पण करने नमन किया ।इस मौके पर अमित कुमार पटेल अशोक कुमार ज्ञानेंद्र कुमार योगेश कुमार सिंह अनिल कुमार द्विवेदी संजीत सिंह यादव जैसलमेर सिंह रियाजुल हुसैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह धीरज कुमार पटेल राजेश कुमार गजेंद्र द्विवेदी के अलावा विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आजाद समाज पार्टी की जनसभा में सत्ता परिवर्तन का आह्वान

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड क्षेत्र के ग्राम भारापुर में आजाद समाज पार्टी के तत्वावधान में छत्रपति शाहूजी महाराज की 152वीं जयंती के अवसर पर सत्ता परिवर्तन जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य एवं जोन प्रभारी शिवप्रकाश विश्वकर्मा ने छत्रपति शाहूजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए शिवप्रकाश विश्वकर्मा ने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज ने वंचित समाज को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर सामाजिक न्याय की मिसाल कायम की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार में बहुजन समाज पर सबसे अधिक अत्याचार हो रहे हैं और उनके अधिकारों की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि सांसद एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद बहुजन समाज की आवाज को सड़क से संसद तक मजबूती से उठा रहे हैं। मुख्य मंडल प्रभारी प्रदीप निगम ने बहुजन समाज से एकजुट होकर आगामी विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी को मजबूत करने की अपील की। पूर्व आईपीएस एवं हाथरस विधानसभा प्रत्याशी आदित्य बर्मा ने कहा कि पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है और उम्मीदवारों का चयन उनके कार्यों के आधार पर किया जाएगा। सत्य प्रकाश कोटी के द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम में एमएलसी प्रत्याशी दक्ष यादव, जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम, जिला प्रभारी अनन्त शाक्य, मण्डल प्रभारी छबिराम जाटव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नेम सिंह, जिला महासचिव चांद खां, जिला उपाध्यक्ष गुलाम वारिस, यशपाल भारती, हरिपाल सिंह विधानसभा अध्यक्ष शिवकुमार कठेरिया, अनुज गौतम, कमलेश, लेखराज कोरी, अरशद खां सहित तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इंजेक्शन लगाने से मना करने पर की अभद्रता, सीएमओ से दी शिकायत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिर्वा रोड गुरसहायगंज पर तैनात वार्ड ब्वाय पर इंजेक्शन लगाने से इनकार करने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगा है। नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के कर्मचारी संदीप गुप्ता ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में संदीप गुप्ता ने बताया कि वह नगर पालिका गुरसहायगंज में कार्यरत हैं। 22/06/2026 को कुत्ते ने काट लिया था, जिसके लिए 22/06/2026 से उन्हें इंजेक्शन लग रहे थे। पर्चे के अनुसार 25/06/24 से इंजेक्शन लगना था, लेकिन किसी कारणवश वह नहीं लग सका। आरोप है कि 26/06/2026 को दोपहर करीब 1:30 बजे जब वह स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो ड्यूटी पर तैनात धर्मेंद्र यादव (वार्ड ब्वाय) ने इंजेक्शन लगाने से मना कर दिया और अस्पताल परिसर से बाहर जाने को कहा। दोबारा आग्रह करने पर कर्मचारी द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा गया कि नशे में होने के कारण धर्मेंद्र यादव ने गाली-गलौज की। वहीं पास में बैठे डॉक्टर से जब इस बारे में कहा गया तो उन्होंने बताया कि ÷यहां हमसे बड़ा कौन है।÷ बाद में स्टाफ नर्स शमीम द्वारा रैबीज का इंजेक्शन लगाया गया। संदीप गुप्ता ने पत्र में लिखा है कि कर्मचारी धर्मेंद्र द्वारा किया गया यह व्यवहार नियमावली के विरुद्ध है। उन्होंने प्रकरण की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

## 11 कोचिंग सेंटरों पर एसडीएम की छापेमारी, कराया बंद

**कन्नौज।** लखनऊ में कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना के बाद जिला प्रशासन ने कन्नौज में भी सुरक्षा मानकों की जांच तेज कर दी है। गुरुवार सुबह सदर एसडीएम नवनीता राय के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने शहर के 11 कोचिंग सेंटरों पर छापेमारी कर पंजीकरण और फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जांच के दौरान अधिकांश संस्थानों में आग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं मिले। ग्वाल मैदान मोहल्ले स्थित एप्टेक कंप्यूटर सेंटर में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर उसे तत्काल बंद करा दिया गया। एसडीएम ने संचालकों को निर्देश दिए कि फायर एक्सटिंग्विशर, आपातकालीन निकास और अन्य आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं पूरी किए बिना किसी भी स्थिति में कोचिंग का संचालन न किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि बिना फायर सेफ्टी मानकों का पालन किए संस्थान संचालित पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष बब्लू वाल्मीकि 27 जून को कन्नौज दौरे पर

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बब्लू चौधरी टाइगर वाल्मीकि 27 जून को जनपद कन्नौज की नगर निकायों में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में दौरा करेंगे। इसे लेकर जिलाध्यक्ष राजा सिंह वाल्मीकि ने जिलाधिकारी कन्नौज को पत्र भेजकर सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बब्लू चौधरी वाल्मीकि स्वयं जमीनी हकीकत जानने आ रहे हैं। हमारा मकसद सफाई कर्मियों की वेतन, पेंशन, आवास, सुरक्षा उपकरण और नियमितीकरण जैसी समस्याओं को शासन तक पहुंचाना है। सफाई कर्मचारियों का उत्पीड़न अब बर्दाश्त नहीं होगा। नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज - प्रातः 1:00 बजे, नगर पालिका परिषद छिबरामऊ - दोपहर 12 बजे, नगर पंचायत समधन - दोपहर 1 बजे, नगर पंचायत तालग्राम - दोपहर 2 बजे, नगर पालिका परिषद कन्नौज - दोपहर 3 बजे, नगर पंचायत तिर्वा - शाम 4 बजे, महासंघ ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि दौरे के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जाए, संबंधित नगर निकायों के अधिकारी एवं स्टाफ को सूचित किया जाए तथा कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अनहोनी या व्यवधान से बचाने हेतु प्रशासनिक सतर्कता बरती जाए। पत्र की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक कन्नौज को भी प्रेषित की गई है।

## जिला अस्पताल में नशा निषेध दिवस पर जागरूकता शिविर

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध एवं अवैध तस्करी विरोध दिवस के अवसर पर गुरुवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय में विधिक एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आयोजित शिविर का उद्देश्य आमजन, मरीजों और युवाओं को नशे के दुष्परिणामों तथा इसके अवैध कारोबार के प्रति जागरूक करना रहा। स्वास्थ्य विभाग के सामाजिक सलाहकार डॉ. रवि और सामाजिक कार्यकर्ता पीयूषा दुबे ने बताया कि नशामुक्त समाज का निर्माण सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने उपस्थित लोगों को नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। महिला कल्याण विभाग की जेंडर स्पेशलिस्ट अनुपम ने नशे से होने वाली शारीरिक व मानसिक बीमारियों, सामाजिक दुष्प्रभावों तथा इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लोगों को अवगत कराया और जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए।

# 53 शिवभक्त अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



बाबा बर्फानी के दर्शन की लालसा लेकर जा रहे शिव भक्तों ने गुरसहायगंज नगर का माहौल भक्तिमय कर दिया। गुरुवार को नगर से 53 शिवभक्तों का जत्था पूरी श्रद्धा के साथ अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। बस में सवार होते ही सभी यात्रियों ने बम-बम भोले और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजा दिया। यात्रा बस गोवर्धन, बरसाना, वृंदावन, खाटू श्याम जी, अमृतसर, वाघा बॉर्डर, श्रीनगर, श्री अमरनाथ जी, माता वैष्णो देवी और ऋषिकेश इन 10 धामों से होते हुए जाएगी। दर्शन के बाद वापसी भी इसी मार्ग से होगी। आयोजकों का कहना है कि इससे श्रद्धालुओं को एक ही यात्रा में ब्रज, राजस्थान, पंजाब और उत्तराखंड के प्रमुख तीर्थों के दर्शन का सौभाग्य मिलेगा। नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि ने दी विदाई यात्रा से पहले नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने बस का विधिवत पूजन और आरती की। इसके बाद सभी 53 श्रद्धालुओं का तिलक लगाकर, माला पहनाकर और चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। हमारे गुरसहायगंज से 53 शिवभक्तों का जत्था बाबा बर्फानी के दर्शन को जा रहा है, यह पूरे नगर के लिए गर्व की बात है। हमने सभी श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के पूरे इंतजाम कराए हैं। एक ही यात्रा में 10 तीर्थधामों के दर्शन का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। मैं बाबा भोलेनाथ से प्रार्थना करता हूं कि सभी यात्री सकुशल यात्रा पूरी कर लौटें और उनका जीवन सुख-समृद्धि से भर जाए। नगर पालिका परिवार हर कदम पर श्रद्धालुओं के साथ खड़ा है। सभी नगरवासियों से अपील है कि इन शिवभक्तों की सफल यात्रा के लिए मंगलकामना करें।

# प्रकाश पाल को पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर जताया हर्ष



- भाजपा जिला कोषाध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी ने दी बधाई

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी ने प्रकाश पाल को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रकाश पाल की नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी और पिछड़े वर्ग के हितों को नई दिशा मिलेगी। जिला कोषाध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी ने कहा, ÷प्रकाश पाल एक कर्मठ, जुझारू और संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ता हैं।

पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति से पार्टी को पूरे प्रदेश में लाभ मिलेगा।

उन्होंने हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की आवाज को बुलंद किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग मोर्चा नए आयाम स्थापित करेगा और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जनपद कन्नौज के लिए यह गौरव का क्षण है। इस अवसर पर अनुराग गुप्ता, दीपू शर्मा, पालिका अध्यक्ष बदलत मयंक गुप्ता, सुशील दुबे, रामकुमार पाठक, धर्मेंद्र कौशल, धीरज मिश्रा, मनोज गुप्ता नीरज मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने प्रकाश पाल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# मोहर्रम पर आसिफ जमाल ने जुलूस में बांटा शरबत, उमड़ी भीड़



**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर के मुख्य चौराहे पर मोहर्रम के अवसर पर निकले जुलूस में आए अकीदतमंदों के लिए नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रहे प्रमुख समाजसेवी आसिफ जमाल उर्फ पप्पी द्वारा शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। आसिफ जमाल उर्फ पप्पी, राजू खान, जमाल खान, आसिफ जमालपुर पप्पू इरशाद खान ने स्वयं जुलूस में शामिल लोगों को शरबत पिलाया और उनकी खिदमत की। समाजसेवी आसिफ जमाल उर्फ पप्पी ने कहा, मोहर्रम का महीना हमें हजरत इमाम हुसैन की शहादत और उनके सब्र, कुर्बानी व इंसानियत के पैगाम की याद दिलाता है। कर्बला के शहीदों ने प्यासे रहकर भी सत्य और न्याय का साथ नहीं छोड़ा। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए हमने जुलूस में आए लोगों की खिदमत के लिए शरबत वितरण का इंतजाम किया। हमारा मकसद सिर्फ इतना है कि भाईचारे, मोहब्बत और इंसानियत का पैगाम घर-घर पहुंचे। गुरसहायगंज की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पूरे जिले में दी जाती है, हमें इसे कायम रखना है। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने शरबत ग्रहण किया और आयोजन की सराहना की।

## मोहर्रम का जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न, उमड़ा जनसैलाब

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर में मोहर्रम का जुलूस पूरी अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीर कुरैशी भी मौजूद रहे। मुनीर कुरैशी ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए कहा, हजरत इमाम हुसैन ने हमें अन्याय के सामने न झुकने का संदेश दिया। उन्होंने सिखाया कि जालिम या भ्रष्ट शासक की सत्ता को स्वीकार करने से बेहतर है कि इंसान हक और इंसाफ के लिए अपनी जान कुर्बान कर दे। उनका पैगाम मानवता और प्रेम का था। कर्बला का त्याग बताता है कि सच्चाई के मार्ग पर परिस्थितियां चाहे कितनी भी विपरीत हों, इंसान को कभी भी सच और न्याय का दामन नहीं छोड़ना चाहिए। उनका उद्देश्य किसी एक धर्म या जाति के लिए नहीं, बल्कि इंसानियत, सब्र और भाईचारे को कायम रखना था। हमें अपने सिद्धांतों और मूल्यों की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।

## अपहरण के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**तिर्वा/कन्नौज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत तिर्वा कोतवाली पुलिस ने अपहरण के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार, कोतवाली तिर्वा में दर्ज मुकदमा संख्या 299/2025, धारा 137(2), 87 व 61 बीएनएस से संबंधित वांछित आरोपी करिया उर्फ आकाश (25) पुत्र स्वर्गीय इतवारीलाल, निवासी ग्राम मुरैया बुजुर्ग, थाना तिर्वा को शुक्रवार को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया। आरोपी काफी समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ल के नेतृत्व में की गई।

# संपत्ति की लालच में बहू ने सास पर खौलता पानी डाला, उपचार के दौरान हुई मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

ढाई बीघा जमीन के लिए बहू ने वृद्ध सास पर खौलता पानी डाल दिया। जिससे वृद्धा गंभीर रुप से झुलस गयी। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया। सैफई ले जाते समय वृद्धा की मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया।

**पुलिस ने आरोपी महिला को लिया हिरासत में**

जहानगंज थाना क्षेत्र ग्राम जलालपुर गांव निवासी बेंचेलाल ने बताया कि उनके छोटे भाई कैलाश की पत्नी रामादेवी खेत की जमीन अपने नाम कराने के लिए मां रामवती पर दबाव बना रही थी एवं आए दिन परेशान करती रहती थी। चार साल पहले पिता की मृत्यु हो चुकी है। पिता की मृत्यु


मृतका का फाइल फोटो


आरोपी महिला

के बाद करीब साढ़े तीन बीघा कृषि भूमि मां रामवती के नाम विरासत में आ गयी थी, बहू रामादेवी जमीन के लिये अपनी जिद पर अड़ी रही। इसी बात को लेकर वह अक्सर मां के साथ मारपीट भी करती थी। 17 जून को शाम 5 बजे दोनों के बीच जमीन का बैनामा कराने को लेकर विवाद हुआ। माँ रामवती के इंकार करने पर बहू रामादेवी ने गुस्से में सास पर खौलता पानी डाल दिया। इससे रामवती गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने उन्हें डॉ0 राम मनोहर लोहिया में भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर उन्हें आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई रेफर किया गया। उपचार के दौरान गुरुवार की देर रात करीब 12 बजे वृद्धा की मौत हो गई। हादसे के बाद से पति तीनों बच्चों के साथ फरार है।

पुलिस ने रामादेवी को घर से गिरफ्तार कर लिया है। जहानगंज थाना प्रभारी पूनम अवस्थी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर आरोपी रामादेवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना वरिष्ठ उपनिरीक्षक राकेश सिंह कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में आवश्यक धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

# दबंगों ने बाइक सवार को पीटा, एनसीआर दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम कैटाह निवासी अतुल सिंह पुत्र स्व चंद्रपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 24 जून को समय शाम लगभग 6 बजे खुदागंज से बाइक घर लौट रहा था, तभी गांव के बहार मेरे गांव के रहने वाले धर्मेन्द्र पुत्र स्व सोभरन सिंह ने मेरे साथ बाइक रोककर गाली-गलौज की। गाली देने से मना किया तो धर्मेन्द्र पुत्र स्व सोभरन सिंह, शिवम, सत्यम, लालू पुत्रगण धर्मेन्द्र, श्याम वीर पुत्र अभितेन्द्र, जितेन्द्र पुत्र कौशलेन्द्र, कौशलेन्द्र पुत्र सोभरन उपरोक्त लोगों ने मेरे साथ गाली-गलौज व लाठी-डण्डों से मारपीट की। शोर सुनकर मेरा भाई सुनील, भतीजा आकाश बीच बचाव करने आया तो उक्त लोगों ने लोहे की रोड से मारपीट की।

**मारपीट में मेरे व भाई सुनील, भतीजे आकाश के शरीर में चोटे आई है**

मारपीट के दौरान शिवम ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से दो फायर किये। मैं बाल-बाल बच गया। मारपीट करने के बाद उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। श्यामवीर व अभितेन्द्र ने मेरे भाई सुनील के लोहे का टकोरा मारा। मारपीट में मेरे व भाई सुनील, भतीजे आकाश के शरीर में चोटे आई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एनसीआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# मक्का की फसल में अज्ञात व्यक्ति ने लगायी आग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

मक्का की फसल काटकर खेत में लगायी गयी थी। जिसके बाद किसान घर पर चला गया। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने मक्के की फसल में आग लगा दी। जिससे मक्का की फसल जल गई। सूचना पर पहुंची पीड़ित के होश उड़ गये। घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी।

थाना क्षेत्र के गांव बेग निवासी काश्तकार किसान भूपेंद्र यादव पुत्र उधम सिंह अपने फसल मक्का की फसल को काटकर उसके भुट्टे तोड़ रहे थे और खेत में लगा दिये। दोपहर होने पर पीड़ित किसान अपने घर खाना खाने चला गया। जब लौट कर आए तो उनके फसल खेत में जल रही थी। यह देख उनके होश उड़ गए।


खेत में जली पड़ी मक्का

पीड़ित के बताएं उनकी फसल में आग लगा दी। जिससे ढाई बीघा खेत की फसल जलकर राख हो गई। पीड़ित ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई अता पता नहीं चला। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी।

# सरस्वती विद्या मंदिर में क्षेत्रीय प्रश्न पत्र निर्माण कार्यशाला सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान कानपुर प्रान्त के विद्यालय सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज जे.एन.वी. रोड फतेहगढ़ में क्षेत्रीय प्रश्न पत्र निर्माण कार्यशाला के तीसरे दिन का शुभारम्भ हुआ। जिसमें मिथिलेश अवस्थी प्रदेश निरीक्षक अवध प्रान्त, अजय द्विवेदी सम्भाग निरीक्षक कानपुर प्रान्त तथा श्याम मनोहर शुक्ल सम्भाग निरीक्षक लखनऊ सम्भाग, विजय संभाग निरीक्षक द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से किया गया।

अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ चतुर्वेदी, प्रबन्धक जवाहर लाल वर्मा तथा प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ल ने अतिथियों को अंग वस्त्र एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

**प्रतिभागियों को वितरित किये गये बैग**

प्रश्न पत्र निर्माण कार्यशाला में पूर्वी उ.प्र. क्षेत्र से प्रश्न पत्र निर्माण के लिए 69 प्राश्निकों, 04 पूर्णकालिक बन्धुओं एवं व्यवस्था में रहते हुए 22 बन्धु/भगिनी ने प्रतिभाग किया। मिथिलेश ने कहा कि प्रश्न पत्र निर्माण एक उत्कृष्ट कला छात्रों के स्तर के अनुरूप हो शिक्षक का दायित्व केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि श्रेष्ठ नागरिक का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि विद्या भारती की शिक्षा व्यवस्था केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लिए श्रेष्ठ नागरिक निर्माण की कार्यशाला है। अतिथि के रुप में पहुंचे सूरज ग्रुप के चेयरमैन समाजसेवी डॉ. राजीव पाठक ने कहा कि आज के समय में समाज में जो नैतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है उसे देखते हुए राष्ट्र के प्रति एक शिक्षक की जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है। प्रश्न पत्र निर्माण भी इसी मनुष्य निर्माण की प्रक्रिया का एक अहम हिस्सा है। शिक्षकों को प्रेरित करते हुए उन्होंने गुरुमंत्र दिया कि छात्रों को पढ़ाने से पहले, खुद पढ़ना और निरंतर सीखना बेहद जरूरी है। डॉ. राजीव पाठक ने सभी को बैग वितरित किये। व्यवस्थापक जवाहर लाल वर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन आचार्य प्रांजल शुक्ल ने किया। इस दौरान कुलदीप बाजपेयी आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण

## मारपीट करने के मामले में एनसीआर दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज व मारपी के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एनसीआर दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। थाना क्षेत्र के कैटहा निवासी लल्लन सिंह पुत्र कौशलेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 24 जून को समय करीब शाम 6 वजे मेरे पिता कौशलेन्द्र सिंह व धमेन्द्र सिंह पुत्रगण सोवरन सिंह अपने खेत पर थे। मेरे गांव के गोरेलाल पुत्र चन्द्रपाल खेत पर पहुंचकर पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। इसके बाद सभी उपरोक्त गोरेलाल पुत्र चन्द्र पाल, सुनील सिंह पुत्र चन्द्र पाल, सुमित पुत्र कल्लू, शिशुपाल पुत्र पहलवान, आशीष पुत्र कल्लू मेरे दरवाजे पर आकर लाठी-डण्डा धारदार हथियार से मारपीट करने लगे। जिससे कौशलेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह के चोटे आयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एनसीआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# महिला की ई-रिक्शा में बैठी तीन महिलायें तोड़ी ढाई तोले की चैन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ई-रिक्शा से अपनी महिला मित्र के घर जा रही महिला के ई-रिक्शा में बैठी तीन महिलाओं ने ढाई तोले की सोने की चैन तोड़ ली। जानकारी होने पर पीड़िता ने घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी।

**शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी**

नगर की गायत्री गली निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक ब्रह्मजीत सिंह की पत्नी सुषमा अपनी विवाहित पुत्री स्नेह लता के साथ शुक्रवार शाम लगभग 5 बजे अपने घर से मोहल्ला डभोआ अपनी महिला मिलने जाने के लिए निकली। नवाबगंज चौराहे पर पहुंचकर सुषमा व उनकी पुत्री ई-रिक्शा पर बैठ गई। उसी दौरान दूसरे ई-रिक्शा पर बैठी तीन महिलाएं भी आकर उनके साथ ही बैठ गई। ई-रिक्शा चौराहे से कुछ आगे निकला, उसी दौरान सामने बैठी एक महिला ने सुषमा के पैरों पर अपना पैर रखकर दबाना शुरू कर दिया।

सुषमा का ध्यान पैरों की ओर गया, इसी बीच उनमें से किसी महिला ने सुषमा के गले से ढाई तोला सोने की चेन पार कर दी। तीनों महिलाएं मंझना रोड जाफर नगर जाने वाली मोड़ पर ई-रिक्शा से उतर कर चली गई।

ई-रिक्शा के पेट्रोल पंप के निकट पहुंचने पर सुषमा के गले से चेन को गायब देख होश उड़ गए। सुषमा ने यूपी 112 पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना पर यूपी 112 पुलिस व थाना प्रभारी राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने सुषमा से घटना की जानकारी ली।


जांच पड़ताल करती पुलिस

पुलिस ने महिलाओं की तलाश शुरु की, लेकिन महिलाओं का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने नवाबगंज चौराहे के निकट सभासद के पति राहुल यादव की दुकान सहित कई दुकानों पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाले। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# मोहर्रम के जुलूस में दिखी गंगा जमुनी तहजीब

**हिंदू-मुस्लिम बने एकता का प्रतीक**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा नवाबगंज में सदियों से निकलते आ रहे मोहर्रम के जुलूस को मनाया जाता है। जिसमें आज हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक दिखाई दिए। मुसलमानों से अधिक हिंदू भाइयों ने जगह-जगह सबील लगाकर ठंडा पानी पिलाया। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने थाने पर ठंडे पानी की व्यवस्था कर सभी अकीदतमंदों को पानी पिलाया।

भीषण गर्मी में पानी पिलाने से लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं मोहर्रम के जुलूस में साथ ताजिए लेकर हकीकतमंद चल रहे थे। या हुसैन देखो मेरे नबी की शान बच्चा-बच्चा है कुर्बान जैसे आदि सदायें गूंजती रही। छोटे-छोटे बच्चों ने तथा अकीदतमंदो ने अपने करतब दिखाये। थाना पुलिस प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, कस्बा इंचार्ज दरोगा गीतम सिंह, कांस्टेबिल किरण पाल सिंह, अरविंद कुमार, दरोगा राम सिंह, कामिल खान आदि भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे। वहीं समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान, जिला पंचायत सदस्य यशवीर आर्य, सभासद कुलदीप राजपूत, राहुल यादव, पुष्पेंद्र यादव, अरशद खान, अफाक अली, समाजसेवी डॉ. शिवराम सिंह आर्य मौजूद रहे।


मोहर्रम जुलूस में शामिल समुदाय के लोग

# पांचाल घाट गंगा तट पर गड्ढे में फंसकर हजारों मछलियों की मौत


कड्ढे में मरी पड़ी मछलियां देखते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व वाले पांचाल घाट पर एक दर्दनाक मंजर देखने को मिला है। गंगा नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव के कारण नदी से कटकर बने एक बड़े गड्ढे में पानी कम होने से हजारों मछलियों की तड़प-तड़प कर मौत हो गई। इस घटना से घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में काफी रोष और दुख है। थाना कादरीगेट क्षेत्र के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल पांचालघाट गंगा किनारे बने एक बड़े गड्ढे नदी से कटे हुए हिस्से में अचानक हजारों की संख्या में मछलियां मृत पाई गई।

इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। स्थानीय नागरिकों के मुताबिक, किसी कारणवश इस गड्ढे की ओर आने वाले पानी का बहाव रुक गया था, जिससे भारी संख्या में मछलियां इसी क्षेत्र में फंसी रह गई। मौत के वास्तविक कारणों को लेकर अभी असमंजस है।

स्थानीय लोगों का मानना है कि लगातार पानी रुके रहने और तेज धूप के कारण पानी अत्यधिक गर्म हो गया होगा, जिससे मछलियों के अनुकूल वातावरण नहीं रहा। वहीं दूसरी ओर, पर्यावरणविदों और कुछ जानकारों का कहना है कि सिर्फ पानी गर्म होने से इतनी बड़ी तादाद में अचानक मछलियां नहीं मर सकतीं, आशंका है कि इस ठहरे हुए पानी में कोई जहरीला रसायन या प्रदूषित तत्व मिल गया हो, जिससे ऑक्सीजन का स्तर शून्य हो गया। हालांकि, इस संबंध में अभी प्रशासन या मत्स्य विभाग की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। सुबह जब श्रद्धालु पांचाल घाट पर गंगा स्नान और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे, तो गड्ढे में सैकड़ों मृत मछलियां उतराती मिलीं।

चारों तरफफैल रही बदबू के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन समय रहते इन मछलियों को मुख्य धारा में डलवा देता, तो इनकी जान बचाई जा सकती थी। स्थानीय पुरोहितों और नाविकों ने जिला प्रशासन और वन विभाग (मत्स्य विभाग) से मांग की है कि घाट के आस-पास बने ऐसे अन्य गड्ढों को चिह्नित किया जाए, जहां अभी भी पानी और मछलियां फंसी हुई हैं, ताकि उन्हें समय रहते सुरक्षित गंगा की मुख्य धारा में पहुँचाया जा सके। इसके साथ ही घाट पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए मृत मछलियों को जल्द से जल्द वहां से हटवाने की मांग की गई है। यह घाट श्रद्धालुओं की अगाध आस्था का केंद्र है, जहां लोग रोज इन मछलियों को दाना खिलाते थे। इस हृदयविदारक घटना से श्रद्धालुओं में भारी चिंता और नाराजगी है। सुबह स्नान करने आए लोगों ने जब यह नजारा देखा, तो इसके वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। तीव्र धूप के कारण अब मृत मछलियां सड़ने लगी हैं, जिससे पूरे पांचालघाट परिसर में भीषण दुर्गंध फैल गई है। इससे क्षेत्र में संक्रमण और प्रदूषण फैलने का बड़ा खतरा पैदा हो गया है। बहाव बहाल करने की मांग की।

# डीएम के आदेश पर आबकारी विभाग ने की शराब ठेकों की जांच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जी.पी. गुप्ता के नेतृत्व में जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्रर एवं परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह मय स्टाफ विभिन्न आबकारी अनुज्ञापन स्थलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान देशी शराब दुकान अमेठी कोहना, खानपुर, नरकसा, कम्पोजिट दुकान कादरी गेट तिराहा, क़ादरी गेट 2, मॉडल शॉप अमेठी कोहना की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था, मशीन से बिक्री एवं सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया तथा देशी दुकानों की कैंटीन की भी सघन जांच की गई। संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया गया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें। अभियान के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा का मिलान अभिलेखों से किया तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी बनाए रखने एवं अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगा।


शराब ठेके पर जांच करते आबकारी इंस्पेक्टर

# पेट संबंधी बीमारियों के लिए अल्ट्रासाउंड जरुरी: डॉ. वैभव पाठक


डॉ. वैभव पाठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मरीजों को जीवनदान देने वाले चिकित्सक को धरती का भगवान कहा जाता है। 1 जुलाई को होने वाले डाक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में एम.बी.बी.एस., एम.डी., रेडियोलॉजिस्ट गोल्ड मेडलिस्ट फीटल मेडिसिन डॉ. वैभव पाठक ने बताया कि मेरे पिता डॉ. राजीव पाठक बी.ए.एम.एस. के आशीर्वाद से मैंने हर कार्य किया और सफलता मिली। मेरे बाबा सूरज प्रकाश पाठक व दादी गोपिका रानी पाठक के आशीर्वाद से हर कार्य किया। मेरी मां विनीता पाठक एसपीजीआर इंटर कालेज की प्रबंधिका है। मेरी पत्नी शुभ्रा पाठक एसपीजीआर इंटर कालेज की प्रधानाचार्या है और मेरे दो बच्चे है। मेरा छोटा भाई डॉ. आयुष पाठक एम.बी.बी.एस. है। मेरी बहन डॉ. ऐश्वर्या पाठक एम.बी.बी.एस. है। मैंने सन् 2008 में सेन्ट एंथोनी स्कूल फतेहगढ़ से हाईस्कूल किया। 2010 में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण किया। 2011 से 2016 तक रुहेलखण्ड यूनिवर्सिटी बरेली से एम.बी.बी.एस. किया।

**धरती के भगवान**

2020 से 2023 तक एरा यूनिवर्सिटी लखनऊ से एम.डी. की डिग्री प्राप्त की। 2023 में रेडियोलॉजिस्ट की डिग्री प्राप्त की। सन् 2016 से 2020 तक सूरज हॉस्पिटल जमापुर में कार्य किया और साथ में सीएचसी राजेपुर में 2016 से 2018 तक मरीजों को परामर्श दिया। सन् 2023 से 2024 तक सूरज अल्ट्रासाउंड फतेहगढ़ में अपनी सेवायें दी। 2024 में सूरज डायग्नोस्टिक्स का शुभारम्भ आवास विकास में किया। तब से अभी तक मरीजों को अपनी सेवायें दे रहा हूं। मरीज पहले सस्ता इलाज कराने के लिए सोचते थे। जब से जागरुकता आयी तब से लोग अल्ट्रासाउंड कराकर अपने पेट संबंधित सभी समस्याओं की बीमारियों का सही पता चल सके और सही इलाज हो सके, इसलिए अल्ट्रासाउंड कराना सही है। क्योंकि महंगी दवाइयों का इलाज कराने से पहले सही बीमारी का पता अल्ट्रासाउंड के माध्ये से पता होता है, तो समय रहते उसका सही व सटीक इलाज हो जाता है और पेट संबंधी कोई भी समस्या की बीमारी ज्यादा दिन तक नहीं पनप पाती है। कभी-कभी दुर्लब अल्ट्रासाउंड भी मैंने किये हैं। मां के पांच महीने के गर्भ में बच्चे के ट्यूमर है तो उसका इलाज हुआ और सर्जरी के माध्यम से मां की जान बच सकती है। कभी-कभी दो मुहं वाले बच्चे गर्भ में आ जाते है, डेढ़ करोड़ में ऐसा एक प्रगेंसी होती है, जिनका दो सिर होते है व धड़ एक होता है। ऐसे में नार्मल डिलिवरी संभव नहीं है। सर्जरी ही होती है और बच्चे की केयर हो तो वह जीवित भी ज्यादा दिनों तक रह सकता है। बच्चे के चेहरे पर सूड़ बनी है ऐसे बच्चों को (प्रोवेसिस) की समस्या से जो जन्मजात से होते है। आज कल खान पान की समस्या के कारण पेट की बीमारियां हो रही है। कलर केमिकल से विकृतियां होती है। कभी-कभी मरीजों में गुरदे जुड़े होते है। सेंटर में एमआरआई, सिटी स्केन, एक्स-रे, पैथोलॉजी की सुविधा है। जांच पूरी करते है, पैसे के अभाव में मरीज को बिना जांच के वापस नहीं भेजता हूं। अच्छी सुविधा देना मेरी प्राथमिकता।


महिला का अल्ट्रासाउंड करते डॉ. वैभव पाठक

# एसपी के सख्त निर्देश पर मोहर्रम पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस रही तैनात

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिले में मोहर्रम के पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रही। पुलिस अधीक्षक (एसपी) के कड़े निर्देशों के बाद जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई और पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रही। एसपी के आदेशानुसार, शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक सभी प्रमुख चौराहों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, संवेदनशील इलाकों और इमामबाड़ों के आसपास भारी पुलिस बल की तैनाती की गई। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ने मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत थाना कमालगंज क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का



कमालगंज में भ्रमण करते एएसपी मौजूद पुलिस बल



मोहर्रम जुलूस में मौजूद पुलिस बल के साथ सीओ

निरीक्षण किया। इस दौरान ताजिया मार्गों, प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। मोहर्रम पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु पुलिस बल को सतर्क एवं मुस्तैद रहकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए। वहीं जनपद के समस्त थाना/कोतवाली पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रभावी ड्यूटी की गई। इस दौरान ताजिया मार्गों, प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल मुस्तैदी के साथ तैनात रहा तथा लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। जनपद पुलिस द्वारा मोहर्रम पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की अफवाह फैलाने, भड़काऊ पोस्ट करने या शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी और सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया पर भी साइबर सेल की पैनी नजर है। जिले के सभी थाना प्रभारियों (एसएचओ) और चौकी इंचार्जों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही, पुलिस प्रशासन ने सभी धर्मगुरुओं, शांति समितियों और आम जनता से अपील की है कि वे आपसी भाईचारा बनाए रखें और मोहर्रम के जुलूसों व ताजियों को पूर्व निर्धारित मार्गों से ही शांतिपूर्ण ढंग से निकालें। पुलिस की इस मुस्तैदी से जिले में कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है और नागरिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## कांग्रेसियों ने सबील लगाकर राहगीरों को पिलाया शरबत



सबील लगाकर शरबत वितरित करते कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीयों ने शहर कांग्रेस कमेटी का बैनर के साथ सबील लगाकर जुलूस में शामिल लोगों व राहगीरों के लिए शरबत और पानी की व्यवस्था की। शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने पदाधिकारियों के साथ जुलूस मे शामिल लोगों व राहगीरों को शरबत पिलाया। उसके पश्चात मोहर्रम के जुलूस में शामिल होकर कर्बला जाकर फर्रुखाबाद की गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल कायम रखी। इस मौके पर अशोक राठौर, अतीक सलमानी, सलीम खान, शब्बू खान, शारिक, संजय दिवाकर, ऋषभ मिश्रा, फतेह मोहम्मद, सलमान, अफसान, नदीम, आफताब, मुजस्सर, निहाल, दीदार, बिलाल, समी अहमद, फते आलम, आमिर आदि लोगों ने सबील की व्यवस्था देखी।

## एसपी ने निरीक्षक व तीन उपनिरीक्षकों को किया इधर से उधर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने एक निरीक्षक व तीन उपनिरीक्षकों को इधर से उधर किया है। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने स्थानांतरण करते हुए उनको तत्काल नवनियुक्त स्थान के लिए रवाना करने के निर्देश दिए हैं। एसपी द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति में पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक बृजमोहन पाल को निरीक्षक अपराध नवाबगंज बनाया गया है। वहीं पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक दयानंद पटेल को थाना कादरीगेट की चौकी रोडवेज का प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात कपिल कुमार कुशवाहा को थाना मोहम्मदाबाद भेजा गया है। पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक बृजनन्दन सिंह को कोतवाली फर्रुखाबाद की चौकी घुमना का प्रभारी बनाया गया है।

# ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज ने वितरित किया शर्बत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

यौम-ए-आशूरा (मोहर्रम) पर ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज की ओर से टाउन हाल तिराहे पर सबील लगाकर आम जनमानस और राहगीरों को शर्बत और कोल्ड ड्रिंक्स वितरित कर नवासे शहीदाने कर्बला हज़रत इमाम हुसैन को खिराजे अक़ीदत पेश की।

ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम समाज के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 शाकिर अली मंसूरी, हाजी फज़्ल मंसूरी, इरशाद अली सैफी, अदनान शाकिर, क़ारी मुक्तार, मुताहिर अली, शकील कुरैशी, मेराजुद्दीन शेख़, नईम सिद्दीकी, इदरीश सिद्दीकी, नूर मोहम्मद, अशफ़ाक़ मंसूरी, तस्लीम मंसूरी, साकिब अंसारी, मुख्तार अहमद अंसारी टेनी, मुजाहिद अंसारी, असलम कुरैशी, इमरान मंसूरी, अमान मंसूरी, वाहिद सलमानी, अनस कुरैशी, इमरान सिद्दीकी, रहबर अमान सिद्दीकी, राशिद अल्वी, अनवर राईन, असलम अब्बासी, इश्तियाक मंसूरी, इबरार मंसूरी, सुनील आर्या, अमन सलमानी, फरीद, जावेद खां बंगश मौजूद रहे।



शर्बत वितरित करते लोग

# अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया मोहर्रम का जुलूस

- युवाओं ने सीनाजोरी कर हुसैन की सदाओं के साथ किया मातम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शहर में मोहर्रम की दसवीं तारीख (आशूरा) पर पारंपरिक अकीदत और गमगीन माहौल के बीच मोहर्रम का मुख्य जुलूस निकाला गया। हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में अकीदतमंदों ने या हुसैन की सदाओं के साथ मातम किया और गगनभेदी नारों के बीच आकर्षक ताजिये उठाए।

शहर के असगर रोड से सुनहरी मस्जिद होते हुए बूरा वाली गली से घुमना, नेहरु रोड से चौक पर हुसैन की याद में अकीदतमंदों ने सदाओं के साथ मातम किया और खुनी मंजर देख लोग कर्बला के शहीदों को याद किया। सुरक्षा की दृष्टि से जगह-गजह पर पुलिस फोर्स तैनात रहा। पारंपरिक रास्तों से जुलूस शहर के मुख्य मार्ग से गुजरता हुए रकाबगंज होते हुए कर्बला पहुंचा। जहां ताजियों को सुपुर्द-ए खाक किया गया। लोगों ने अपने छोटे-बड़े बेहद खूबसूरत ताजिये बनाकर शामिल हुए। जुलूस के दौरान अकीदतमंदों ने नौहाख्वानी (शोक गीत) की और जंजीरी व सीनाज़नी कर कर्बला के शहीदों की शहादत को याद किया। इस दौरान जगह-जगह सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों द्वारा सबील (प्याऊ) लगाई गई थी। जहाँ राहगीरों और जुलूस में शामिल लोगों को पानी, शर्बत और लंगर तकसीम (वितरित) किया गया।

शाम को पारंपरिक कर्बला मैदान में ताज़ियों को सुपुर्द-ए-खाक करने के साथ जुलूस का समापन हुआ। इस दौरान मौलाना सदाकत हुसैन सैथली, मौलाना फरहत अली जैदी, सैय्यद अम्मार अली जैदी, आफताब हुसैन, नफीस हुसैन, मुंनवर हुसैन, मुन्तजिर हुसैन जैदी, मसरत अली जैदी, रहबर आब्दी अली यावर जैदी, जावेद हुसैन, इंतजार हुसैन, मोहसिन काजमी, मुदास्सर काजमी, हुसैन अली जैदी, अली मोहम्मद, शोएब जैदी, सैफ हुसैन आदि लोग मौजुद रहे।



जुलूस में मातम करते शिया समाज के लोग

## खबरें एक नजर में

### ग्रामीण क्षेत्रो में विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए विभाग ने ट्रांसफार्मर बदलना किया शुरू

**मसौली,बाराबंकी।** क्षेत्र में बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने और ओवरलोडिंग की समस्या से उपभोक्ताओं को राहत देने के लिये विद्युत विभाग द्वारा विभिन्न गांवों में ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने हेतु नये ट्रांसफार्मर स्थापित किये है।अधिशासी अभियंता रामनगर अभिजीत कुमार के निर्देशों पर एसडीओ मसौली शोएब जमाल ,जेई लाल जी,टीए विजय वर्मा ने विद्युत उपकेंद्र मसौली के ग्राम सैदनपुर में ओवरलोडिंग के चलते उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए नया 250 केवीए का ट्रांसफार्मर, चौखंडी में भी नया 250 केवीए का ट्रांसफार्मर, करमुल्लापुर में पूर्व से स्थापित 63 केवीए ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 100 केवीए कर दी गई है। एसडीओ शोएब जमाल का कहना है कि उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मरों के स्थापित होने से क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी तथा ओवरलोडिंग के कारण होने वाली बिजली कटौती और फाल्ट की समस्याओं में कमी आयेगी।

### घर में घुसी महिला पर गहने गायब करने का आरोप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के नगला महुआ गांव में देर रात एक संदिग्ध महिला के घर में घुसने से हड़कंप मच गया। परिवार के जागने पर महिला को पकड़ लिया गया और उस पर चेन व पायल चोरी करने का आरोप लगाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला कांस्टेबल से उसकी तलाशी कराई, लेकिन उसके पास से कोई सामान बरामद नहीं हुआ। पीड़ित विक्रम राजपूत ने बताया कि उनकी बहन की शादी 19 जून को हुई थी। 24 जून को चौथी की रस्म के बाद पूरा परिवार घर लौटा था। रात करीब तीन बजे पड़ोसी गांव खबरिया की एक महिला घर में घुस आई। पत्नी के शोर मचाने पर सभी जाग गए और महिला को बाहर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने पानी पीने आने की बात कही। इसी दौरान बड़ी बहन संध्या ने अपनी चेन और एक पैर की पायल गायब होने की जानकारी दी। पुलिस ने महिला को उसकी मां के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### एहतराम के साथ निकाले गए ताजिये, पुलिस बल रहा तैनात



**जैदपुर, बाराबंकी।** हज़रत इमाम हुसैन और कर्बला में शहीद हुए उनके साथियों की याद में मोहर्रम की नौवीं और दसवीं तारीख को कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अकीदत और एहतेराम के साथ ताजिये निकाले गए। नौ मुहर्रम की रात छोटे-बड़े ताजिये रखे गए तथा इमामबाड़ों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। रात भर इबादत,तिलावत और मजलिसों का आयोजन होता रहा। वहीं जगह-जगह कैम्प लगाकर शबील और विभिन्न खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।दस मोहर्रम की सुबह से छोटे ताजियों को गार पर ले जाया गया, जबकि बड़े ताजियों के जुलूस ऊंट, घोड़े, डंके और अलम के साथ अपने तय मार्गों से निकाले गए। जुलूस में शामिल अकीदतमंद या हुसैन, या हुसैन की सदाओं के साथ नौहाख्वानी करते हुए आगे बढ़ते रहे। जानकारी के अनुसार बड़ापुरा, अली अकबर कटरा, बंजारन पुरवा, अहिरान, काशीराम कॉलोनी,मोलवी कटरा, महमूदपुर,जैन महल,बड़ी बाजार सहित अन्य क्षेत्रों के ताजिये जुलूस में शामिल रहे।इसके बाद शिया समुदाय की ओर से भी जुलूस निकाला गया।मोहर्रम के मौके पर जगह-जगह पानी, शर्बत, पेप्सी, पुलाव, खजूर, बिस्कुट, चना, जर्दा सहित अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। जुलूस में कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर क्षेत्राधिकारी सदर आलोक कुमार पाठक, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज विनय कुमार सिंह, दरोगा हलीम बाबू सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

# हजरत इमाम हुसैन की याद में निकला मोहर्रम का जुलूस

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में मोहर्रम की दसवीं तारीख (आशूरा) पर नवास-ए-रसूल हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में पूरे ग़म, अकीदत और धार्मिक श्रद्धा के साथ ताजिया एवं अलम का जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने भाग लेकर कर्बला के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस्लामी मान्यता के अनुसार, कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों एवं परिवार के सदस्यों ने सत्य, न्याय और इस्लाम की मूल शिक्षाओं की रक्षा के लिए अपनी शहादत दी थी। उनकी याद में हर वर्ष मोहर्रम के दौरान दुनिया भर में मुस्लिम समुदाय शोक और श्रद्धा के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करता है। कमालगंज में ताजिया जुलूस सराय मोहल्ले से प्रारंभ होकर मिठाई गली सहित कस्बे के प्रमुख मार्गों से निकला। इसके बाद कमालगंज थाने के समीप विभिन्न गांवों से आए ताजिए एकत्रित हुए। वहां से संयुक्त जुलूस कानपुर मुख्य मार्ग से होते हुए पूर्व मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष फखरुद्दीन के सराय मोहल्ले पहुंचा। जहां सभी ताजिए एकत्र हुए। इसके बाद गंगा गली से होकर जुलूस कर्बला पहुंचा। जहां धार्मिक परंपरा के अनुसार ताजियों को सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। जुलूस के दौरान मातमी रस्में अदा की गई। युवाओं ने पारंपरिक करतबों का प्रदर्शन किया, जबकि पूरे आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह मुस्तैद रहा। मौलाना मुबीन सिद्दीकी ने कहा कि मुहर्रम का महीना हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की महान कुर्बानियों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि कर्बला का संदेश इंसानियत, सब्र, सत्य, न्याय और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक है, जिससे हर व्यक्ति को प्रेरणा लेनी चाहिए। जुलूस के दौरान कस्बे के लोगों ने राहगीरों एवं क्षेत्रवासियों के लिए शरबत और भंडारे की व्यवस्था की। इस अवसर पर भाईचारे, इंसानियत और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि कर्बला की जंग सत्य, न्याय और मानवता की रक्षा के लिए लड़ी गई थी। उन्होंने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने अपने परिवार और साथियों के साथ सर्वोच्च बलिदान देकर पूरी मानवता को सत्य और इंसाफ के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में कर्बला के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं की गई।



जुलूस में शामिल शिया समाज के लोग

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में शिक्षक की मौत, बेटा समेत चार घायल

- कन्नौज में हाईवे पर हुआ हादसा
- गंभीर घायल बेटे को कानपुर रेफर
- दिल्ली से अंतिम संस्कार में जा रहा था दूसरा परिवार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जिले में शुक्रवार सुबह नेशनल हाईवे पर हुए भीषण सड़क हादसे में एक प्राथमिक विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक की मौत हो गई, जबकि उनके बेटे समेत चार लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल बेटे को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर किया गया। गुरसहायगंज क्षेत्र के सहतेपुरवा गांव निवासी मनोज कुमार (50) जलालाबाद ब्लॉक के फिरोजपुर तारन प्राथमिक विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात थे। शुक्रवार सुबह वह अपने बेटे रौनक के साथ बाइक से कन्नौज आए थे। वापस लौटते समय नेशनल हाईवे पर साईं ढाबे के सामने उनकी बाइक की सामने से आ रही दूसरी बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में मनोज कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका बेटा रौनक गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरी बाइक पर प्रतापगढ़ जिले के सगीपुर गांव निवासी मेवालाल और उनके बेटे आदर्श व सूरज सवार थे। तीनों भी हादसे में घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने रौनक की हालत गंभीर देखते हुए उसे कानपुर रेफर कर दिया। घायल सूरज ने बताया कि वे दिल्ली से अपने मामा के निधन की सूचना मिलने पर एक ही बाइक से गांव लौट रहे थे। कन्नौज पहुंचने पर सामने से आई बाइक से टक्कर हो गई, जिससे यह दर्दनाक हादसा हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मिघौली गाँव में जलभराव से ग्रामीण परेशान, बीमारियों का बढ़ा खतरा

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिघौली में जलभराव की समस्या से ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई दिनों से सफाई कर्मचारी गांव नहीं पहुंचा, जिससे नालियां जाम हो गई हैं और गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। सबसे अधिक परेशानी रामदीन सिसोदिया के घर के सामने है, जहां नाली का पानी सड़क पर भर गया है। स्थानीय निवासी सोनी देवी ने बताया कि जलभराव के कारण आवागमन बाधित है और मच्छरों के बढ़ने से संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। वीरेंद्र सिंह ने कहा कि समय पर नालियों की सफाई होती तो यह



स्थिति नहीं बनती। वहीं रामू ने चेतावनी दी कि लगातार जलभराव से पक्की सड़क भी क्षतिग्रस्त हो सकती है। ग्राम प्रधान मनोज कुमार यादव ने बताया कि जल्द सफाई कर्मचारी भेजकर नालियों की सफाई कराई जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है।

# किसानों की समस्याओं का 72 घंटे में नहीं हुआ निस्तारण, तो होगा आंदोलन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत संगठन द्वारा जिला कार्यालय स्थित नेकपुर चौरासी पर राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ0 राकेश टिकैत के निर्देश के में बैठक आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि विगत महीनों से जितने भी मांग पत्र जिला प्रशासन को दिए गए थे। उन सभी पर किसानों और जिला पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा हुई। सभी ने एक राय होकर राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ0 राकेश टिकैत के आदेश के क्रम में जिला प्रशासन को 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया। लिंक एक्सप्रेसवे, अमृतपुर में बन रहे बांध जिसको गंगा जी से आठ किलोमीटर दूर बनाया जा रहा है, वह गलत है। चिलसरी की कांतिदेवी के मामले का निपटारा न होना, नवाबगंज की सावित्री देवी का मामला हो या फिर प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद शाक्य का मामला, अभी हाल में ही हुये घटनाक्रम जिला संगठनमंत्री अरविंद गंगवार के कोटा को बिना कारण बताए निलंबित करना हो, कायमगंज एसडीम द्वारा आये दिन किसानों से अभद्रता का मामला हो, लिंक एक्सप्रेसवे में नंदगांव से लेकर बिलालपुर तुर्काटा तक के मकानों का मुआवजा हो सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई है और अब जल्द ही बड़ा आंदोलन होगा। इस अवसर पर लक्ष्मी शंकर जोशी, छविनाथ शाक्य, कृष्ण गोपाल मिश्रा, गोपी शाक्य, अरविंद गंगवार, अनुज राजपूत, मुकेश शर्मा, पुजारी कटियार, सुशील दीक्षित, कश्मीर सिंह गंगवार, रामप्रकाश पाल, टिंकू यादव, शिवराम शाक्य, सतीश कठेरिया, रामनरेश, अंकित चौधरी उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद किसान नेता

# सपाइयों ने मनाई छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर सपा नेताओं ने कोल्हापुर रियासत के राजा छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती के अवसर पर गोष्ठी आयोजित कर उन्हें याद किया।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि कोल्हापुर नरेश छत्रपति शाहूजी महाराज सामाजिक न्याय के पुरोधा माने जाते हैं, आधुनिक भारत में सबसे पहली बार अपने राज्य प्रशासन में पिछड़े वर्ग को जनसंख्यानुपात में हिस्सेदारी देने के लिए 50 प्रतिशत पदों को आरक्षित कर उन्होंने आरक्षण पद्धति को पहली बार अमलीजामा पहनाया था। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज बहुत ही कुशल दूर-दृष्टा शासक थे। उन्होंने अपने शासनकाल में बाल विवाह पर रोक लगाई, विधवा पुनर्विवाह को कानूनी मान्यता दी और घरेलू हिंसा के खिलाफ सख्त कानून बनाया। जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया कि छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती पर जिला कार्यालय के सभागार परिसर में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने तथा संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव, पवन कठेरिया, शिवम पटेल, शिवशंकर शर्मा, विनीत परमार, बीके गंगवार, अनुराग यादव, रवि शर्मा, गौतम कुशवाहा, सागर सिंह चौहान, सुमित कटियार, राजन शर्मा, सत्येंद्र प्रताप सिंह, सुधीर यादव, अजय माथुर, विपिन पाल, गोपाल यादव, अभय यादव, अरविंद सिंह, शीलू खां, विवेक भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।



गोष्ठी में पुष्प अर्पित करते सपा नेता

# पास्को एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

घर में घुसकर नाबालिक से छेड़छाड़ करने व जानमाल की धमकी देने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

राजेपुर थानाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 जून को पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि आरोपियों ने घर में घुसकर उसकी नाबालिक पुत्री के साथ छेड़छाड़ की। जब मेरे भाई ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने भद्दी-भद्दी गालियां दी और जान से मारने की नियत से चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने धारा 333/74/109/ 352 /351(2) व 7/8 पास्को एक्ट के तहत आरोपी इन्दरपाल पुत्र पूरनलाल निवासी ग्राम सीढ़े चकरपुर थाना राजेपुर आदि तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी इन्दरपाल पुत्र पूरनलाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते रामखिलावन व उसके भाई से हो गया था।



पुलिस हिरासत में आरोपी

## जयंती पर श्रद्धा के साथ याद किये गए शाहू जी महाराज

**बाराबंकी।** आज सांसद तनुज पुनिया ने मुंशी रघुनन्दन प्रसाद सरदार पटेल महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पटेल सेवा संस्थान में छत्रपति शाहू जी महाराज फाउंडेशन के आयोजन में जयंती के शुभ अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं नमन करते हुए कहा कि शाहू जी महाराज भारत के एक महान समाज सुधारक, दूरदर्शी राजा और कोल्हापुर सियासत के छत्रपति थे। उन्हें वंचितों, पिछड़ों और दलितों के उत्थान के लिये किये गये ऐतिहासिक कार्यों से जाना जाता है। उनकी जयंती आरक्षण के रूप में मनाई जाती है। उनका जन्म 26 जून, 1874 में हुआ था। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि शाहू जी महाराज सामाजिक न्याय और आरक्षण के जनक माने जाते हैं। उन्होंने 26 जुलाई, 1902 को कोल्हापुर प्रशासन में पिछड़ों और वंचित वर्गों के लिये 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किया था।

## खबरें एक नजर में

### विधायक के लेटर पैड पर कटा वर्षों पुराना बरगद? ग्रामीणों ने उठाए सवाल, जांच की मांग

**उचौलिया (खीरी)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढढेल गांव में वर्षों पुराने विशाल बरगद के पेड़ के कटान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पेड़ कटान के लिए न तो कोई रवन्ना जारी किया गया और न ही संबंधित विभाग से आवश्यक अनुमति ली गई। उनका दावा है कि केवल एक विधायक के लेटर पैड के आधार पर पेड़ का कटान कराया गया। बरगद जैसे पुराने और पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण वृक्ष के कटने से ग्रामीणों में नाराजगी है। मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और लोग पेड़ कटान की वैधता पर सवाल उठा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि नियमानुसार अनुमति नहीं ली गई है तो पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और संबंधित अभिलेखों की जांच की जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पेड़ कटान से संबंधित सभी दस्तावेज, स्वीकृतियां और अनुमतियों की जांच कराई जाए। यदि नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इस संबंध में वन दरोगा अखिलेश सिंह ने बताया कि पेड़ का कटान विधायक के लेटर पैड के आधार पर कराया गया है, जिस पर ग्राम प्रधान की भी सहमति है। हालांकि, उन्होंने विभागीय अनुमति या अन्य वैधानिक औपचारिकताओं के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

### मुहर्रम को लेकर विभिन्न अखाड़ों के लोगों ने ताजिया जुलूस निकाला



**महराजगंज।** जनपद में मुहर्रम का त्यौहार अपने ढंग से विभिन्न अखाड़ों के लोगों ने ढोल नगाड़े बजाकर ताजिया जुलूस निकाला और गम का इजहार किया। गमों का यह त्यौहार मुहर्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए अपने अपने थाना क्षेत्रों में पुलिस मुस्तैद रही। शासन के मंशा के अनुरूप विभिन्न अखाड़ों के लोगों ने ताजिया तैयार कर नियत समय पर ताजिया जुलूस निकाला और कर्बला पर पहुंच कर नमाज़ अदा कर नम आंखों से गम का इजहार किया। इसी क्रम में इस मुहर्रम का त्यौहार को धानी वृजमनगंज पुरन्दरपुर नौतनवां निचलौल लक्ष्मीपुर मिठौरा सिसवा घुघली,पनियरा सहित गांव देहात में भी मनाया गया। एक बात देखने को मिला की मुस्लिम की अपेक्षा हिन्दू काभी संख्या में ताजिया जुलूस में हिस्सा लेते देखे गए।

### ताजिया जुलूस के चलते हलिया सब स्टेशन से जुड़े तीन फीडर बंद, सुरक्षा के मद्देनजर लिया गया फैसला

**हलिया (मिर्जापुर)।** मोहर्रम पर निकलने वाले ताजिया जुलूस को देखते हुए हलिया सब स्टेशन से जुड़े हलिया फीडर, ड्रमंडगंज फीडर और अदवा फीडर की बिजली आपूर्ति तीन घंटे तक अस्थायी रूप से बंद कर दी गई। ताजिया हलिया बाजार की गलियों से होकर गुजर रहे हैं। नीले-पीले और गुलाबी रंगों से सजे ऊंचे ताजियों के साथ बड़ी संख्या में अकीदतमंद चल रहे हैं। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी जुलूस में शामिल हैं। कई लोग मोबाइल से ताजिए की फोटो-वीडियो भी लिया हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ताजियों की ऊंचाई अधिक होने और बिजली तारों से टकराने की आशंका के चलते यह कदम उठाया गया है। हादसे की रोकथाम के लिए जुलूस के मार्ग पर पड़ने वाले तीनों फीडरों को शटडाउन किया गया है।विभाग ने बताया कि जुलूस के कर्बला पहुंचने और ताजिया दफ्न होने के बाद आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की गई है।

### जामुन के पेड़ से गिरकर महिला घायल, 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के कोटा शिव प्रताप सिंह गांव में गुरुवार की शाम जामुन के पेड़ से गिरकर 46 वर्षीय संगीता पत्नी जग नरायन गंभीर रूप से घायल हो गईं।जानकारी के अनुसार संगीता घर के पास जामुन तोड़ते समय अचानक पेड़ से नीचे गिर गईं, जिससे उन्हें चोटें आईं। परिजनों की सूचना पर 108 एंबुलेंस सेवा मौके पर पहुंची। एंबुलेंस चालक विनोद और ईएमटी संतोष ने तत्काल प्राथमिक उपचार देकर घायल महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया एम्बुलेंस कर्मियों ने महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने बताया कि महिला का इलाज जारी है। लोगों ने 108 एंबुलेंस टीम की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

### प्रधानों को प्रशासक बनाने पर हाईकोर्ट की रोक, सरकार से मांगा जवाब

**हलिया (मिर्जापुर)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें सरकार द्वारा प्रशासक नियुक्त किए जाने के प्रदेश सरकार के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी है।उच्च न्यायालय ने प्रथम दृष्टया इस निर्णय को संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप न मानते हुए सरकार से जवाब तलब किया है।यह आदेश न्यायमूर्ति की पीठ ने अरविंद राठौर की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। याचिकाकर्ता ने दलील दी थी कि कार्यकाल समाप्त होने के बाद ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करना संविधान और पंचायत राज अधिनियम की मंशा के विपरीत है। इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद प्रदेश की ग्राम पंचायतों के प्रशासनिक संचालन को लेकर नई स्थिति उत्पन्न हो गई है। अब सरकार की ओर से अगला कदम क्या होगा, इस पर सभी की निगाहें टिकी हैं। मामले की अगली सुनवाई 13 जुलाई को निर्धारित की गई है।

### जनपद से 142 बेसिक शिक्षकों के तबादले की सूची शासन को भेजी

**शासन की मंजूरी के बाद होगा अंतरजनपदीय स्थानांतरण, 60 दिव्यांग व 10 कैंसर पीड़ित शिक्षक भी सूची में शामिल**

**महराजगंज।** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के अंतरजनपदीय स्थानांतरण की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। बेसिक शिक्षा विभाग ने प्राप्त आवेदनों की जांच एवं सत्यापन पूरा करने के बाद 142 शिक्षकों की सूची शासन को भेज दी है। अब स्थानांतरण पर अंतिम निर्णय शासन स्तर से लिया जाएगा। शासन की स्वीकृति मिलने के बाद संबंधित शिक्षकों को उनके इच्छित जनपदों में तैनाती दी जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा अंतरजनपदीय स्थानांतरण के लिए 5 जून से 18 जून तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इस दौरान महराजगंज के बड़ी संख्या में शिक्षकों ने गृह जनपद, पारिवारिक परिस्थितियों तथा स्वास्थ्य संबंधी कारणों का हवाला देते हुए आवेदन किया था। आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद विभाग ने सभी अभिलेखों का परीक्षण एवं सत्यापन कर पात्र आवेदनों को शासन के लिए अग्रसारित कर दिया। स्थानांतरण के लिए भेजे गए आवेदनों में 60 दिव्यांग शिक्षक, 10 कैंसर पीड़ित शिक्षक, तीन डायलिसिस पर निर्भर शिक्षक तथा 69 पति-पत्नी श्रेणी के शिक्षक शामिल हैं। गंभीर बीमारी से संबंधित सभी अभिलेखों का सत्यापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा गठित चिकित्सकीय टीम से कराया गया, जिसमें सभी आवेदन निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए। जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत 1,724 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं, जिनमें लगभग 5,500 शिक्षक कार्यरत हैं। यदि बड़ी संख्या में शिक्षकों का स्थानांतरण स्वीकृत होता है तो कुछ विद्यालयों में शिक्षकों की कमी की स्थिति बन सकती है। ऐसे में विभाग को शिक्षकों के संतुलित वितरण और शिक्षण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे। बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि अंतरजनपदीय स्थानांतरण के लिए प्राप्त 142 आवेदनों का परीक्षण एवं सत्यापन पूरा कर सूची शासन को भेज दी गई है। अब स्थानांतरण की पूरी प्रक्रिया शासन स्तर से संपन्न होगी। शासन के आदेश जारी होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि किन शिक्षकों का तबादला स्वीकृत हुआ है और उन्हें किस जनपद में तैनाती मिलेगी।

---

**अंतर्राष्ट्रीय ड्रग डे पर सीएमओ का संदेश**

# युवाओं को नशे से बचाकर मुख्यधारा में लाना प्राथमिकता

▸ **सीएचसी पलिया में आयोजित गोष्ठी में नशा करने वालों के प्रति भेदभाव खत्म करने और जागरूकता बढ़ाने पर दिया गया जोर**



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

अंतर्राष्ट्रीय ड्रग डे के अवसर पर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पलिया में नशा मुक्ति विषयक जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संतोष गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नशीली दवाओं की बढ़ती लत पर चिंता व्यक्त करते हुए समाज से नशे के खिलाफ एकजुट होकर जागरूकता फैलाने का आह्वान किया गया। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय ड्रग डे मनाने का उद्देश्य बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को नशीली दवाओं की लत से बचाना है। उन्होंने कहा कि नशे के शिकार लोगों के प्रति समाज को भेदभावपूर्ण रवैया छोड़कर सहानुभूति और उपचार की भावना अपनानी चाहिए, ताकि उन्हें दोबारा समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि सीएचसी पलिया में संचालित ओपिओइड सब्स्टिट्यूशन थेरेपी (ओएसटी) सेंटर पर वर्तमान में 74 लोगों का उपचार किया जा रहा है। सीएमओ ने तराई क्षेत्र और जंगलों के आसपास रहने वाले थारू जनजाति के लोगों एवं उनके बच्चों को भी नशे की लत से बचाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और वन क्षेत्रों में भी नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिसे समय रहते जागरूकता और उपचार के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। गोष्ठी का संचालन काउंसलर अंकित दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद रावत, डॉ. नवीन गुप्ता, रंजीत कुमार, सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. भरत सिंह, चित्रांशु समाज कल्याण परिषद पलिया कलां के परियोजना प्रबंधक जितेन सिंह, ओएसटी लखीमपुर खीरी के डॉ. अभिषेक वर्मा, सचिन वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, कर्मचारी एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने समाज को नशामुक्त बनाने तथा गांव-गांव तक नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### जिला कारागार में मादक द्रव्य निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यशाला, डॉ. अखिलेश बोले- नशे की लत जीवन को कर देती है बर्बाद

**कैदियों को दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ, मानसिक स्वास्थ्य और हेल्पलाइन सेवाओं की दी गई जानकारी**



**लखीमपुर खीरी।** अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर जिला कारागार, लखीमपुर खीरी में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य कैदियों और युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संतोष गुप्ता के निर्देश पर आयोजित कार्यशाला में जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम ने नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला ने कहा कि नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और पारिवारिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित कर देती है। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या से बचाव के लिए जागरूकता, समय पर परामर्श और उचित उपचार बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान कैदियों को नशा विरोधी शपथ दिलाई गई तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि मानसिक तनाव, अवसाद, नशे की समस्या अथवा अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों के लिए टेली-मानस हेल्पलाइन 14416 एवं 1800-891-4416 पर 24म7 नि:शुल्क परामर्श उपलब्ध है। इसके अलावा नशे से संबंधित सहायता के लिए राष्ट्रीय नशा मुक्ति हेल्पलाइन 14446 तथा तंबाकू छोड़ने के लिए 1800-11-2356 पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यक्रम में कारागार अधीक्षक पी.डी. सलोनिया, जेलर देवकांत वर्मा, मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ला, चिकित्सक डॉ. पंकज कुमार, फार्मासिस्ट आर.आर. सिंह तथा जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम उपस्थित रही। अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

### निघासन सीएचसी को मिली एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस, पहले मरीज को मिली सुविधा

**निघासन खीरी।** जिले की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निघासन को एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने यह सुविधा शुरू की है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि एएलएस एंबुलेंस में इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईएमटी) सतीश कुमार और चालक पवन कुमार की तैनाती की गई है। एंबुलेंस अत्याधुनिक जीवनरक्षक उपकरणों से सुसज्जित है, जिससे गंभीर मरीजों को अस्पताल पहुंचाने के दौरान बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि एंबुलेंस के माध्यम से पहले मरीज के रूप में सांस लेने में तकलीफ से पीड़ित 35 वर्षीय रवि को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। इससे क्षेत्र के गंभीर मरीजों को समय पर बेहतर उपचार मिलने में मदद मिलेगी।



### चकमार्ग पर कब्जे का मामला हाईकोर्ट पहुंचा, हरद्वाही के ग्रामीणों ने मांगी दोबारा पैमाइश, अतिक्रमण हटाने की मांग

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



निघासन तहसील के ग्राम हरद्वाही में वर्षों से चले आ रहे चकमार्ग पर कथित अतिक्रमण का मामला अब इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ तक पहुंच गया है। गांव निवासी हरीश पटेल ने जनहित याचिका (पीआईएल) दाखिल कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज चकमार्ग की निष्पक्ष पैमाइश कराने, अवैध कब्जा हटाने और रास्ते को उसके मूल स्वरूप में बहाल कराने की मांग की है। मामला न्यायालय पहुंचने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

याचिका में कहा गया है कि गाटा संख्या 261 और 263 राजस्व रिकॉर्ड में चकमार्ग के रूप में दर्ज हैं। आरोप है कि इन पर कथित अवैध कब्जे के कारण रास्ता काफी संकरा हो गया है, जिससे किसानों, ग्रामीणों और अन्य लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों तक कृषि यंत्र ले जाने और दैनिक आवाजाही में भी दिक्कतें आ रही हैं।

याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया है कि इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासनिक स्तर पर कई बार प्रयास किए गए। आईजीआरएस पोर्टल पर भी कई शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिनमें संदर्भ संख्या 40015325056 77, 40015325056330 सहित अन्य शिकायतें शामिल हैं। लेकिन आरोप है कि शिकायतों के बावजूद राजस्व अधिकारियों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई और समस्या जस की तस बनी रही।

याचिका के अनुसार, 31 दिसंबर 2025 को प्रस्तुत की गई राजस्व विभाग की रिपोर्ट में यह कहा गया कि चकमार्ग पर कोई बाधा नहीं है और रास्ता अवरुद्ध नहीं मिला। जबकि याचिकाकर्ता का दावा है कि मौके की वास्तविक स्थिति इससे अलग है और रास्ते पर अब भी अतिक्रमण बना हुआ है। इसी कारण गाटा संख्या 261 और 263 की दोबारा पैमाइश कराने के लिए अलग से आवेदन भी दिया गया था। याचिकाकर्ता का कहना है कि यदि निष्पक्ष और वैज्ञानिक तरीके से पैमाइश कराई जाए तो चकमार्ग की वास्तविक चौड़ाई और कथित अतिक्रमण की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। उनका आरोप है कि पहले की गई कार्रवाई वास्तविक स्थिति को सामने लाने में सफल नहीं रही।

### 16 स्थानों से कर्बला के लिए ताजिया हुई रवाना, गमगीन माहौल में उमड़ा जनसैलाब



**हलिया (मिर्जापुर)।** मोहर्रम के अवसर पर हलिया बाजार के चौक सहित 16 स्थानों से कर्बला के लिए शुक्रवार की दोपहर ताजिया का जुलूस धूमधाम से रवाना हुआ। इमाम हुसैन की याद में निकले इस जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। एक ताजिए का गुंबद हरे रंग का और दूसरे का लाल रंग का है। दोनों ताजिए चांदी के वर्क, झालरों और हरे-लाल झंडों से सजाए गए हैं। कंधों पर ताजिया उठाए लोग ष्या हुसैन की सदाएं बुलंद कर रहे थे। जुलूस में बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी गमगीन माहौल में शामिल हुए। जुलूस के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। स्थानीय पुलिस प्रशासन भी लगातार निगरानी करता रहा। कर्बला पहुंचकर ताजिए को सुपुर्द-ए-खाक किया गया है । आयोजन समिति ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी परंपरा और सौहार्द के साथ मोहर्रम मनाया गया है।इसी प्रकार में अन्य क्षेत्रों में भी ताजिया का जुलुस कर्बला में सुपुर्द खाक हुआ है सुरक्षा व्यवस्था में एसडीएम अजीत कुमार व सीओ लालगंज अमर बहादुर व थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव मय टीम के साथ लगे रहे इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने बताया की ताजिया का जुलुस 16 स्थानों के चौक से कर्बला के लिए रवाना होकर सुपुर्द खाक किया गया है।

### शांतिपूर्ण माहौल में निकाला गया मुहर्रम जुलूस

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार सहित विभिन्न स्थानों पर शांतिपूर्ण माहौल में ताजिया जुलूस निकाला गया। क्षेत्र के बबुरा खुर्द, बंजारी कलां, महेशपुर ड्रमंडगंज बाजार में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में जूलूस निकाला गया। ड्रमंडगंज बाजार में ताजिया जूलूस में पूर्व जिला पंचायत सदस्य सेराज अहमद, मिस्टर अंसारी सहित सैकड़ों शामिल रहे।

### हलिया बाजार में चौक से कर्बला के लिए ताजिया हुई रवाना, गमगीन माहौल में उमड़ा जनसैलाब



**हलिया (मिर्जापुर)।** मोहर्रम के अवसर पर हलिया बाजार के चौक से कर्बला के लिए ताजिया का जुलूस धूमधाम से रवाना हुआ। इमाम हुसैन की याद में निकले इस जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। एक ताजिए का गुंबद हरे रंग का और दूसरे का लाल रंग का है। दोनों ताजिए चांदी के वर्क, झालरों और हरे-लाल झंडों से सजाए गए हैं। कंधों पर ताजिया उठाए लोग ष्या हुसैनष् की सदाएं बुलंद कर रहे थे। जुलूस में बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी गमगीन माहौल में शामिल हुए। जुलूस के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। स्थानीय पुलिस प्रशासन भी लगातार निगरानी करता रहा। कर्बला पहुंचकर ताजिए को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी परंपरा और सौहार्द के साथ मोहर्रम मनाया जा रहा है। इसी प्रकार में अन्य क्षेत्रों में भी ताजिया का जुलुस कर्बला में सुपुर्द खाक हुआ है सुरक्षा व्यवस्था में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव मय टीम के साथ लगे रहे।

## जन्म-मृत्यु पंजीकरण के नियम बदले, 21 दिन बाद सूचना देने पर लगेगा विलंब शुल्क

▸ **22 जून से नई व्यवस्था लागू, प्रमाण पत्र का शुल्क 10 से बढ़कर 50 रुपये, 882 ग्राम पंचायतों में प्रभावी**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**




जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए शासन ने नई नियमावली लागू कर दी है। अब जन्म या मृत्यु की घटना की सूचना 21 दिन के भीतर देना अनिवार्य होगा। निर्धारित अवधि के बाद सूचना देने पर पहली बार विलंब शुल्क देना पड़ेगा। नई व्यवस्था 22 जून से जिले की सभी 882 ग्राम पंचायतों में लागू हो गई है।

नई नियमावली के अनुसार जन्म या मृत्यु की सूचना 21 दिन के बाद और 30 दिन के भीतर देने पर 20 रुपये विलंब शुल्क लगेगा। यदि सूचना 30 दिन से एक वर्ष के भीतर दी जाती है तो संबंधित अधिकारी की अनुमति के साथ 50 रुपये शुल्क देना होगा। वहीं एक वर्ष से अधिक की देरी होने पर संबंधित एसडीएम, जिला मजिस्ट्रेट अथवा अधिकृत कार्यपालक मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद 100 रुपये विलंब शुल्क जमा कर पंजीकरण कराया जा सकेगा। नई व्यवस्था में एक और महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। पहले जन्म के 30 दिन तक बिना किसी शुल्क के जन्म प्रमाण पत्र बनवाया जा सकता था, लेकिन अब यह अवधि घटाकर 21 दिन कर दी गई है। इसके साथ ही जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का शुल्क 10 रुपये से बढ़ाकर 50 रुपये कर दिया गया है। नियमावली के तहत अब जन्म प्रमाण पत्र में किसी भी प्रकार का संक्षिप्त नाम (शॉर्ट नेम) स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी अभिलेखों में पूरा नाम दर्ज करना अनिवार्य होगा। साथ ही ऑनलाइन पंजीकरण, अभिलेखों का स्थायी संरक्षण, त्रुटि संशोधन तथा प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया को पहले की तुलना में अधिक सरल, पारदर्शी और डिजिटल बनाया गया है।नई व्यवस्था के अनुसार जन्म के 21 दिन के भीतर ग्राम पंचायत सचिव प्रमाण पत्र जारी करेंगे। 21 दिन से एक वर्ष तक के मामलों में जिला पंचायत राज अधिकारी की स्वीकृति आवश्यक होगी, जबकि एक वर्ष से अधिक पुराने मामलों में संबंधित एसडीएम की अनुमति मिलने के बाद ही प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नई नियमावली के तहत पहली बार विलंब शुल्क का प्रावधान किया गया है।

